3 | राजधानी
कारोबारी से 32 लाख ठगे फिल्म निर्माता ने

6 | अभिमत
नए रेलमंत्री के समक्ष कठिन चुनौतियां

10 | स्पोर्ट्स
बजरंग व विनेश से पदक की उम्मीद

11 | विदेश
चीन में मृत मिला भारतीय छात्र



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 265
नई दिल्ली, मंगलवार, 3 अगस्त, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





मुझे इंडस्ट्री से कोई शिकायत नहीं
विविध-12


# चैंपियन को चित कर सेमीफाइनल में पहुंची बेटियां

**ओलंपिक**

● महिला हॉकी के अंतिम आठ में आस्ट्रेलिया को 1-0 से दी मात, गुरजीत कौर ने किया एकमात्र गोल, गोलची सविता पुनिया के डिफेंस को भेद नहीं दे पाई विपक्षी टीम



टोक्यो ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद कोच के साथ प्रसन्नता व्यक्त करतीं भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी

**भाषा।** टोक्यो

**ड्रैगफ्लिकर** गुरजीत कौर के गोल और गोलकीपर सविता की अगुवाई में रक्षापंक्ति के बेहतरीन प्रदर्शन से भारतीय महिला हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक खेलों के क्वार्टर फाइनल में सोमवार को यहां विश्व में नंबर दो आस्ट्रेलिया को करीबी मुकाबले में 1-0 से हराकर पहली बार ओलंपिक के सेमीफाइनल में प्रवेश करके नया इतिहास रचा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के 49 वर्ष बाद सेमीफाइनल में जगह बनाने के बाद विश्व में नौवें नंबर की महिला टीम ने यह इतिहास रचा।

सेमीफाइनल में उसका सामना बुधवार को अर्जेंटीना से होगा जिसने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में जर्मनी को 3-0 से हराया। गुरजीत ने 22वें मिनट में पेनल्टी कार्नर पर महत्वपूर्ण गोल किया। इसके बाद भारतीय टीम ने अपनी पूरी ताकत गोल बचाने में लगा दी जिसमें वह सफल भी रही। गोलकीपर सविता ने बेहतरीन खेल दिखाया और बाकी रक्षकों ने उनका अच्छा साथ दिया। आखिरी दो क्वार्टर में आस्ट्रेलिया ने लगातार हमले किए लेकिन भारतीयों ने उन्हें अच्छी तरह से नाकाम किया। भारतीय टीम आत्मविश्वास से भरी और खुद को साबित करने के लिए प्रतिबद्ध दिखी। उसने साहसिक प्रदर्शन किया और आस्ट्रेलिया पर करीबी जीत दर्ज की। गुरजीत ने मैच के बाद कहा, हम बहुत खुश हैं। यह हमारी कड़ी मेहनत का परिणाम है। हमने 1980 में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था लेकिन इस बार हम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। यह हमारे लिए गौरवशाली क्षण है। उन्होंने कहा, टीम परिवार की तरह है। हम एक दूसरे का समर्थन करते हैं और हमें देश का भी समर्थन मिलता है। हम बहुत खुश हैं। भारतीय टीम का ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इससे पहले मास्को ओलंपिक 1980 में था जबकि टीम चौथे स्थान पर रही थी लेकिन तब केवल छह टीमों ने हिस्सा लिया था और मैच राउंड रोबिन आधार पर खेले गए थे। रानी रामपाल की अगुवाई वाली टीम की यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि क्योंकि पूल चरण में उसे शुरू में संघर्ष करना पड़ा। भारतीय टीम अपने पूल में दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड को हराकर चौथे स्थान पर रही थी जबकि आस्ट्रेलिया अपने पूल में शीर्ष पर रहा था। विश्व में दूसरे नंबर के आस्ट्रेलिया ने शुरुआती मिनटों में भारतीय रक्षकों को व्यस्त रखा। ( शेष पेज 9 )

## पैरालंपियन निशानेबाज को टीम में शामिल करने के निर्देश

**नई दिल्ली( पीएनएस )।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) को आदेश दिया कि वह अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित पांच बार के पैरालंपियन निशानेबाज नरेश कुमार शर्मा का नाम आगामी तोक्यो खेलों के लिए अतिरिक्त प्रतिभागी के तौर पर तत्काल शामिल करे। शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए पीठ ने पीसीआई को ई-मेल के जरिए आदेश की सूचना भेजने का निर्देश दिया और मंगलवार को तामील रिपोर्ट देने को कहा है। अत्यावश्यक आधार पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति एएम खानविलकर, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की पीठ ने आज अपराह्न कहा, हम प्रतिवादी संख्या-1 पीसीआई को निर्देश देते हैं कि वह याचिकाकर्ता के नाम की अनुशंसा तत्काल पैरालंपिक्स की 50 मीटर पैरा निशानेबाज श्रेणी में अतिरिक्त प्रतिभागी या अतिरिक्त प्रविष्टि के तौर पर करे तथा कल तक अनुपालन रिपोर्ट दे। ( शेष पेज 9 )

# दावा: इसी महीने आ जाएगी कोविड की तीसरी लहर

● आईआईटी हैदराबाद और कानपुर के विशेषज्ञों के मुताबिक एक से डेढ़ लाख तक आ सकते हैं केस, अक्टूबर में आएगा पीक



पटना में एक पुलिसकर्मी की कोरोना जांच करता स्वास्थ्यकर्मी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आईआईटी** हैदराबाद और कानपुर ने खतरे की घंटी बजा दी है। उनका कहना है कि कोविड-19 की तीसरी लहर अगस्त के आने वाले हफ्तों में आ जाएगी तथा अगर स्थितियां काबू में रही तो रोजाना एक लाख अन्यथा करीब 150,000 लाख तक केस आएंगे। इसका पीक अक्टूबर में आएगा। हालांकि उनका कहना है कि यह दूसरी लहर की तरह तबाही नहीं मचाएगी, जब प्रतिदिन चार लाख तक केस पहुंच गए थे। रविवार को 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कोरोना वायरस के मामलों में इजाफा देखा गया था। रविवार को 40,134 नए मामले दर्ज किए गए तथा कुल पॉजिटिव मामले 3,16,95,958 हो गए, जबकि 422 लोगों की मौत हो गई। मई के मध्य में दूसरी लहर के खत्म होने के बाद पहली बार हफ्ते दर हफ्ते कोविड-19 के केसों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। बीते हफ्ते में सबसे ज्यादा केस केरल में आए।

एक समाचार एजेंसी से बातचीत में शोधार्थियों ने कहा कि केरल तथा महाराष्ट्र जैसे राज्य जहां पर कोविड के ज्यादा मामले आ रहे हैं वे तीसरी लहर में अहम भूमिका निभा सकते हैं। शोधार्थियों की यह भविष्यवाणी गणितीय मॉडल पर आधारित है। इससे पहले मई में आईआईटी हैदराबाद के प्रोफेसर मथुकुमल्ली विद्यासागर ने गणितीय मॉडल के आधार पर मई में आने वाले दिनों में दूसरी लहर की पीक के बारे में भविष्यवाणी की थी। लेकिन अप्रैल में की गई भविष्यवाणी की पिछले महीने के मध्य में पीक आएगा गलत थी। ट्वीटर पर शोधार्थियों की टीम ने इस पर सफाई देते हुए कहा कि गलत मानकों के कारण यह ऐसा हुआ क्योंकि यहां तक कि एक हफ्ते पहले तक महामारी का स्वरूप तेजी से बदल रहा था। विशेषज्ञ चेतावनी दे चुके हैं कि डेल्टा वैरिएंट चेचक की तरह आसानी से फैल सकता है तथा वैक्सीन ले चुके लोग भी इसे फैला सकते हैं। इंडियन सार्स-कोव-2 जीनोमिक्स कंर्सोटियम के आंकड़ों के मुताबिक मई, जून और जुलाई में कोविड-19 के हर 10 में आठ केस कोरोना वायरस के बेहद संक्रामक स्वरूप डेल्टा वैरिएंट के थे। इसके अलावा मेडिकल विशेषज्ञों ने यह भी चेतावनी दी है कि वैक्सीनेट लोग भी डेल्टा वैरिएंट को फैला सकते जिससे मामलों में तेजी आ सकती है। ( शेष पेज 9 )

## भारत, चीन पूर्वी लद्दाख में लंबित मुद्दे जल्द हल करेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** और चीनी सेनाओं ने पूर्वी लद्दाख में लंबित मुद्दों को तेजी से हल करने पर सहमति जताई और 12वें दौर की सैन्य स्तर की वार्ता को रचनात्मक करार दिया। इससे पहले गतिरोध के बाकी बिंदुओं से सैनिकों की वापसी संबंधी बहु-प्रतिक्षित प्रक्रिया में कोई ठोस परिणाम दिखाई नहीं दिया था। सोमवार को जारी एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गई। भारत-चीन सैन्य वार्ता के दो दिन बाद भारतीय सेना की ओर से जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास भारत-चीन सीमा क्षेत्र के पश्चिमी सेक्टर से सैनिकों की वापसी के संबंध में स्पष्ट एवं गहन विचार साझा किए गए। सरकार सामान्य तौर पर पूर्वी लद्दाख क्षेत्र को पश्चिमी सेक्टर के तौर पर पेश करती है। बयान के मुताबिक, दोनों पक्षों ने बैठक के इस दौर को रचनात्मक करार दिया जिसने पारस्परिक समझ को और बढ़ाया। ( शेष पेज 9 )

## राहुल ने विपक्षी नेताओं की बुलाई बैठक, रणनीति पर करेंगे चर्चा

● मानसून सत्र की शेष अवधि में सरकार को घेरने की तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**संसद में** जारी गतिरोध के बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में विपक्षी दलों के नेताओं को पेगासस जासूसी विवाद पर मानसून सत्र की शेष वची अवधि में सरकार को घेरने को एक संयुक्त रणनीति बनाने के लिए बैठक में आमंत्रित किया है। सूत्रों ने बताया कि सभी विपक्षी सांसदों और विभिन्न दलों के सदन पटल के नेताओं को बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस को भी निमंत्रण भेजा गया है, जो अब तक राहुल गांधी द्वारा बुलाई गई सभी बैठकों में शामिल नहीं हुई। राहुल ने टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी से भेंट की थी जब वे पिछले हफ्ते कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात करने पहुंची थीं। पिछले सप्ताह विपक्षी दलों के नेताओं के साथ बैठक के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा था कि विपक्ष के पास केवल एक ही सवाल है, क्या भारत सरकार ने अपने ही लोगों के खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के लिए इजरायली स्पाइवेयर पेगासस खरीदा था। जहां विपक्ष पेगासस स्पाइवेयर मुद्दे पर पूर्ण बहस पर जोर दे रहा है, वहीं सरकार का कहना है कि वह टैपिंग घोटाले के अलावा किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। यह बैठक इस मुद्दे पर विपक्षी दलों के बीच एकता बनाने के लिए आयोजित की जा रही है। ( शेष पेज 9 )

## नीतीश ने की फोन टैपिंग मामले की जांच की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना

**जनता दल** (यू) सुप्रीमो और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पेगासस जासूसी कांड में जांच की मांग कर सहयोगी भाजपा को परेशानी में डाल दिया है। ऐसा करके नीतीश कुमार ने विपक्ष की मांग का समर्थन कर दिया है। नीतीश कुमार ने सोमवार को कहा कि हम इतने दिनों से टेलीफोन टैपिंग के बारे में सुन रहे हैं, इस मामले पर (संसद में) चर्चा की जानी चाहिए। लोग (विपक्ष) इतने दिनों से (बातचीत के लिए) जांच की मांग कर रहे हैं वास्तव में इसकी जांच की जानी चाहिए। वहीं विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर बहस और जांच की मांग को लेकर संसद को दस दिनों से ठप कर रखा है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला से दिल्ली में हुई मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर नीतीश ने कहा, उनके प्रति हमारे मन में आज से नही बल्कि एक जमाने से सम्मान का भाव रहा है। हम सभी लोग एक जमाने में एक ही दल में रहे हैं, ( शेष पेज 9 )

# जॉनसन एंड जॉनसन ने लिया अध्ययन का आवेदन वापस

● कंपनी ने कहा-भारत में अपना कोविड-19 टीका लाने को प्रतिबद्ध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**वैश्विक** स्वास्थ्य सेवा कंपनी जॉनसन एंड जॉनसन (जेएंडजे) ने सोमवार को कहा कि वह अपना एक खुराक वाला कोविड-19 टीका भारत में लाने को प्रतिबद्ध है। उसकी इस बारे में भारत सरकार के साथ बातचीत चल रही है। कंपनी ने भारत में अपने टीके के नैदानिक अध्ययन का आवेदन वापस ले लिया है, जिसके बाद उसका यह बयान आया है। सरकार ने विदेशों में मंजूर टीके के लिए भारत में इस तरह की किसी जरूरत को समाप्त कर दिया है। कंपनी ने ई-मेल से जारी बयान में कहा, ''जॉनसन एंड जॉनसन भारत में अपना एक खुराक वाला कोविड-19 का टीका लाने को प्रतिबद्ध है।''

बयान में कहा गया है, ''भारतीय दवा महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने हाल में निर्देश दिया है कि भारत में कोविड-19 के टीके के नैदानिक अध्ययन की जरूरत नहीं है। ऐसे में जॉनसन एंड जॉनसन भारत में इस अध्ययन के आवेदन को वापस ले रही है।''

भारत में अब तक चार वैक्सीनों को आपात उपयोग की मंजूरी मिल चुकी है। इसमें आस्ट्रा जेनेका की कोविशील्ड, कोवैक्सीन, स्पुतनिक वी तथा माडर्ना शामिल हैं। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वीके पॉल ने हाल ही में कहा था ' हमारी जॉनसन एंड जॉनसन से उनकी एक खुराक वाली वैक्सीन के संबंध में बात चल रही है।' उन्होंने कहा था कि ' योजना के मुताबिक इस वैक्सीन का भी उत्पादन भी हैदरावाद में होगा।' अमेरिका स्थित जॉनसन एंड जॉनसन कंपनी ने अप्रैल में अपनी वैक्सीन की क्लीनिकल स्टडी के लिए मंजूरी मांगी थी। इससे पहले बताया गया था कि कंपनी की वैक्सीन की कई हजार डोज जुलाई में भारत आ जाएंगी। अमेरिका की एफडीए ने जॉनसन एंड जॉनसन के कोविड-19 वैक्सीन के आपात उपयोग को फरवरी 2021 में मंजूरी दे दी थी। ( शेष पेज 9 )

## 'कोवैक्सीन डेल्टा स्ट्रेन के खिलाफ प्रभावी'

**हैदराबाद।** भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा बायोरक्सिव में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार भारत बायोटेक का कोविड-19 टीका कोवैक्सीन (बीबीवी152) कोरोना वायरस के डेल्टा प्लस (एवाई.1) स्वरूप के खिलाफ प्रभावी है। अध्ययन में कहा गया है कि आईजीजी एंटीबॉडी का मूल्यांकन किया गया है। इसमें बीबीवी 152 टीके की पूर्ण खुराक वाले व्यक्तियों में कोविड-19 की आशंका को खत्म कर दिया है। ( शेष पेज 9 )

## जीका का पहला मामला मिलने के बाद महाराष्ट्र पहुंची केंद्र की टीम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने जीका वायरस की स्थिति पर नजर रखने और मामलों के प्रबंधन में राज्य सरकार की मदद करने के लिए महाराष्ट्र में एक बहु-विषयक टीम भेजी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हाल में पुणे जिले में जीका वायरस का एक मामला सामने आया है। तीन सदर्स्ईय केंद्रीय टीम में क्षेत्रीय निदेशक, पुणे के कार्यालय से एक जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली से एक स्त्री रोग विशेषज्ञ और राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान (एनआईएमआर), आईसीएमआर, नई दिल्ली से एक कीट विज्ञानी (एंटोमोलॉजिस्ट) शामिल हैं। बयान के अनुसार टीम राज्य के स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर काम करेगी, जमीनी हालात का जायजा लेगी और आकलन करेगी कि क्या जीका प्रबंधन के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की कार्य योजना लागू की जा रही है। ( शेष पेज 9 )

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,950 | ↑ | 364 | |
| निफ्टी | 15,885 | ↑ | 122 | |
| सोना | 46,917 | ↓ | 124 | /10g |
| चांदी | 66,473 | ↓ | 18 | /kg |

### क्विक न्यूज

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ई-रुपी लॉन्च किया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि प्रौद्योगिकी को अपनाने मे भारत आज दुनिया के किसी भी देश से पीछे नही है और वह नवोन्मेष तथा सेवा प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के मामले मे वैश्विक नेतृत्व की क्षमता रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह बात डिजिटल भुगतान समाधान ई-रुपी लॉन्च करने के बाद अपने संबोधन मे कही। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का भारत आज कैसे आधुनिक प्रौद्योगिकी की मदद से आगे बढ़ रहा है ई-रुपी उसका भी एक प्रतीक है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि यह शुरुआत ऐसे समय मे हो रही है जब देश आजादी के 75 वर्ष पर अमृत महोत्सव मना रहा है। ऐसे समय मे देश ने भविष्यवादी सुधारों का एक और अहम कदम बढ़ाया है। (विस्तृत पेज 8)

## ओलंपियन सुशील कुमार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सागर धनखड़ हत्याकांड**

**दिल्ली** पुलिस ने यहां छत्रसाल स्टेडियम में पूर्व जूनियर कुश्ती चैंपियन की कथित तौर पर हत्या के मामले में सोमवार को ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार और 19 अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। इस मामले में सुशील व 15 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (सीएमएम) सतवीर सिंह लांबा के समक्ष अंतिम रिपोर्ट दाखिल की गई है, जिसमें सुशील कुमार को मुख्य आरोपी के रूप में नामजद किया गया है। न्यायाधीश मंगलवार को 1,000 पृष्ठ के आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई की तारीख की घोषणा करेंगे। सुशील कुमार और उनके साथियों ने 23 वर्षीय पहलवान सागर धनखड़ और उसके दो दोस्तों सोनू और अमित कुमार के साथ 4 और 5 मई की दरम्यानी रात को कथित तौर पर मारपीट की थी। बाद में सागर ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पहले सुशील को हत्या का मुख्य अपराधी और षड्यंत्रकारी बताया था और कहा था कि उसके पास इलेक्ट्रॉनिक सबूत हैं, जिसमें सुशील और उनके सहयोगियों को धनखड़ को लाठी से पीटते देखा जा सकता है। कुमार, हत्या, गैर इरादतन हत्या, आपराधिक साजिश सहित अन्य अपराधों के आरोपों का सामना कर रहे हैं। फिलहाल वह तिहाड़ जेल में बंद हैं। दिल्ली पुलिस ने मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 307, 308, 364, 365, 325, 323, 34 और 342 के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। इसके अलावा, प्राथमिकी में भारतीय दंड संहिता की धारा 452, 188, 269, 120-बी, 34, 147 और 148 506 , 392, 394, 397 , 411 और 506 व शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराएं भी शामिल हैं।

# अगस्त और सितंबर में सामान्य रहेगा मानसून

● भारतीय मौसम विभाग का अनुमान, मध्य भारत में जमकर बरसेंगे बादल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल के हुगली में सोमवार को भारी बरसात से सड़कों पर भरा पानी

**भारत मौसम** विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कहा कि मानसून के उत्तरार्द्ध में अगस्त-सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने अगस्त के लिए जारी अनुमान में बताया कि इस महीने में भी मानसून के सामान्य रहने की संभावना है। महापात्र ने कहा कि पश्चिम मध्य प्रदेश और उससे लगे राजस्थान के हिस्से, महाराष्ट्र के अंदरूनी हिस्सों, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पंजाब के कुछ हिस्से और हिमाचल प्रदेश में अगस्त में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश के रायलसीमा क्षेत्र, कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र, दक्षिण गुजरात, पूर्वोत्तर राज्यों और बिहार में इस महीने के दौरान सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है। महापात्र ने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में बताया, अगस्त से सितंबर 2021 के दौरान समूचे देश में वर्षा के सामान्य (दीर्घावधि औसत के 95 से 105 प्रतिशत) होने की संभावना है। वर्ष 1961-2010 की अवधि के लिए पूरे देश में अगस्त से सितंबर की अवधि की वर्षा दीर्घावधि (एलपीए) 428.3 मिमी है। हर साल आईएमडी दक्षिण पश्चिम मानसून के अगस्त-सितंबर के महीनों के लिए पूर्वानुमान जारी करता है जो बरसात की चार महीने की ऋतु के आखिरी दो महीने होते हैं। आईएमडी ने कहा कि स्थानिक वितरण से पता चलता है कि देश के उत्तर, पूर्व और पूर्वी हिस्से के कई क्षेत्रों में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। उसने बताया कि प्रायद्वीपीय भारत और उससे सटे मध्य भारत के अधिकतर हिस्सों मे सामान्य से लेकर सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है। आईएमडी ने इस साल मानसून के चार महीने के लिए माहवार पूर्वानुमान जारी करना शुरू किया है। महापात्र ने कहा, पूरे देश में अगस्त में औसत वर्षा सामान्य से (एलपीए का 94 से 106 फीसद) होने की संभावना है। 1961 -2010 की अवधि के लिए पूरे देश में अगस्त की वर्षा एलपीए का 258.1 मिमी है।आईएमडी के मुताबिक, स्थानिक वितरण से पता चलता है कि मध्य भारत के कई क्षेत्रों और उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में सामान्य से नीचे से लेकर सामान्य बारिश होने की संभावना है। उन्होंने कहा, प्रायद्वीप भारत और पूर्वोत्तर भारत के अधिकतर भागों में सामान्य से लेकर सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। महापात्र ने कहा कि वर्तमान में समुद्र सतह तापमान (एसएसटी) और भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर पर वायुमंडीलय स्थितियां तटस्थ ईएनएसओ (अल नीनो) की स्थितियों का संकेत देती हैं। भारतीय मानसून को प्रभावित करने वाले कारकों में से एक एसएसटी है। मध्य और पूर्वी भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्र सतह का तापमान ठंडा होने की प्रवृत्ति दिखा रहा है। आईएमडी के मुताबिक, नवीनतम पूर्वानुमानों से पता चलता है कि ईएनएससो की तटस्थ स्थिति मानसून ऋतु के शेष भाग के दौरान जारी रहने की संभावना है और मानसून ऋतु के अंत में या उसके बाद ला नीना स्थिति के फिर से उभरने की संभावना है। ला नीना प्रशांत महासागर के पानी के ठंडा होने से जुड़ा है, जबकि अल नीनो का संबंध पानी के गर्म होने से है।

# यमुना सिटी में बनेगा उत्तर भारत का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क

## यमुना प्राधिकरण खुद विकसित करेगा सेंटर

- शर्तों का पालन करने वालों को मिलेगा आवेदन करने का मौका
- योजना के पहले चरण में होंगे 124 भूखंड

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित होने वाले मेडिकल डिवाइस पार्क में कॉमन फैसिलिटी सेंटर बनेगा। यह सेंटर प्राधिकरण खुद विकसित करेगा। इस योजना के पहले चरण में 124 भूखंड होंगे। योजना निकालकर इनका आवंटन किया जाएगा। इसमें कई शर्तें लगाई गई हैं। इन शर्तों का पालन करने वालों को ही आवेदन करने का मौका मिलेगा।

प्राधिकरण सेक्टर 28 में मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित करेगा इसके लिए तैयारी शुरू हो गई है। पहले चरण में 124 भूखंडों की योजना लाई जाएगी। छोटे भूखंडों में शेड बनाकर दिया जाएंगे। जबकि बड़े भूखंडों पर कंपनी खुद निर्माण कार्य करेंगी। शेड बनाकर देने से कंपनियां जल्द शुरू हो सकेंगी। इस डिवाइस पार्क में कॉमन फैसिलिटी सेंटर विकसित किया जाएगा। यह काम यमुना प्राधिकरण खुद करेगा। इसमें बायोमैटेरियल की टेस्टिंग की सुविधा होगी साथ ही इनक्यूबेशन सेंटर होगा। यहां पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी लगेगा। इसके अलावा तमाम तरह की सुविधाएं दी जाएंगी।


फाइल फोटो

### डिवाइस पार्क में ये उपकरण बनेंगे

मेडिकल डिवाइस पार्क में डायग्नोस्टिक उपकरण, सर्जिकल उपकरण, जनरल एंड प्लास्टिक सर्जरी समेत सभी तरह के उपकरण बनाए जाएंगे। आवेदन करने वाली कंपनियों को मेडिकल शर्ट इंडियन सर्टिफिकेशन ऑफ से सर्टिफ इड होना चाहिए। इसके अलावा इंडियन मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्रीज से भी प्रमाणित होना चाहिए। ऐसी ही कंपनियों को आवेदन करने का मौका मिलेगा। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित होने वाला यह मेडिकल डिवाइस पार्क उत्तर भारत का इकलौता पार्क होगा। अभी तक उत्तर भारत में इस तरह के पार्क को विकसित नहीं किया गया है। इस पार्क में सभी आधुनिक सुविधाएं दी जाएं, इसके लिए बीते जनवरी में यमुना प्राधिकरण के अफ्सरों ने विशाखापत्तनम में मेडिकल डिवाइस पार्क का दौरा किया था। उस पार्क में जो जो खामी रह गई है, उनको भी यहां पर दुरुस्त कर दिया जाएगा। पार्क में आने वाली कंपनियों को तमाम तरह की सुविधाएं दी जाएगी। बिजली बिल व पानी बिल में छूट, बैंक ब्याज में सब्सिडीए जीएसटी में छूट दी जाएगी। इसके अलावा स्टार्टअप कंपनियों को भी 10 प्रतिशत का आरक्षण मिलेगा। डॉ अरुण वीर सिंह का कहना है कि मेडिकल डिवाइस पार्क में कॉमन फैसिलिटी सेंटर विकसित किया जाएगा यह काम यमुना प्राधिकरण करेगा बाद में इसका संचालन किसी कंपनी को दिया जाएगा

इससे यह लगने वाली इकाइयों को फायदा मिलेगा। इस पूरे सेंटर को यमुना प्राधिकरण खुद विकसित करेगा जबकि संचालन के लिए किसी कंपनी को जिम्मेदारी दी जाएगी। यही कारण है कि इस परियोजना के लिए नॉलेज पार्टनर आईआईटी कानपुर को बनाया गया है। इसके लिए प्राधिकरण आईआईटी कानपुर से अनुबंध कर चुका है।

# पीक ऑवर में एक और स्टेशन पर रुकेगी नोएडा-ग्रेनो मेट्रो

- लोगों की लगातार मांग पर लिया फैसला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने निवासियों की लगातार मांग को ध्यान में रखते हुए सेक्टर-81 मेट्रो स्टेशन पर पीक ऑवर के दौरान ट्रेनों को रोकने का फैसला लिया है। दरअसल, अब तक पीक ऑवर के दौरान सुबह 8 बजे से 11 बजे तक और शाम 5 से 8 बजे तक मेट्रो सेक्टर-81 समेत 10 स्टेशनों पर नहीं रुक रही थी। इसकी वजह से निवासियों को भारी दिक्कत हो रही थी।

हालांकि पीक ऑवर के दौरान अब भी नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्वा लाइन मेट्रो नौ अन्य स्टेशनों पर नहीं ठहरेगी। लेकिन एक स्टेशन पर स्टॉप से भी लोगों को भारी राहत मिली है। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की मैनेजिंग डायरेक्टर रितु महेश्वरी ने कहा, हमें सेक्टर 81 मेट्रो स्टेशन पर पीक ऑवर के दौरान मेट्रो ट्रेन रोकने का लगातार अनुरोध मिल रहा था। एनएमआरसी निवासियों की सुविधा के लिए समर्पित है। इसको देखते हुए अब यहां पूरे संचालन वक्त में ट्रेनों को रोके जाने का फैसला लिया गया है। अन्य 9 स्टेशनों पर भी मेट्रो को पूरे वक्त रोके जाने के बारे में विचार हो रहा है। जल्द ही इस पर कोई फैसला लिया जाएगा।



## कपड़ा शोरूम में लगी आग, लाखों का माल जलकर राख

**गाजियाबाद।** थाना साहिबाबाद क्षेत्र के शालीमार गार्डन स्थित एक कपड़ा शोरूम में सोमवार दोपहर अचानक आग लग गई। घटना में शोरूम में रखा लाखों का माल जलकर खाक हो गया। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर लगभग 1 बजकर 42 मिनट पर फायर स्टेशन साहिबाबाद को सूचना मिली कि सी-8 शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-2 में ओसियन प्लाजा की जी मार्ट सुपर मार्केट के बेसमेंट में आग लगी है। सूचना मिलते ही तत्काल फायर बिग्रेड की गाड़ी रवाना हुई जहां आग बेसमेंट में स्थित बिशाल सुपर मार्केट में लगी थी। यहां आग बुझाने के लिए दमकल विभाग को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दुकान व बेसमेंट तीन तरफ से पूरी तरह से बंद होने के कारण धुंए से भरा हुआ था। आग शोरूम के पिछले हिस्से में लगी थी।

# ग्रेनो वेस्ट में रेजिडेंट ने बिल्डर पर लगाया हमले का आरोप

- पीड़ित की मेडिकल जांच कराकर पुलिस ने शुरू की जांच

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेनो वेस्ट की लॉ रेजिडेंसिया सोसाइटी में रहने वाले एक शख्स ने बिल्डर और उसके साथियों पर हमला करने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली बिसरख पुलिस को देते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच शुरू कर दी है।

ग्रेनो वेस्ट की लॉ रेजिडेंसिया सोसाइटी निवासी वेदप्रकाश प्रजापति ने बताया कि उसके फ्लैट खरीदने के बावजूद बिल्डर ने अब तक रजिस्ट्री नहीं की है। हालांकि इस मामले में रेरा ने बिल्डर को रजिस्ट्री करने का आदेश दिया है। रेरा के आदेश नहीं मानने पर बिल्डर पर पांच लाख रुपये से अधिक का जुर्माना भी लग चुका है। पीड़ित वेदप्रकाश ने बताया कि रविवार सुबह वह घर से मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। टहलने के बाद वह रोजाना की तरह मार्केट के गेट पर चाय पी रहा था। आरोप है इस दौरान बिल्डर और उसके साथियों ने वेदप्रकाश पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। इसमें वेदप्रकाश घायल हो गया। वेदप्रकाश ने घटना की शिकायत कोतवाली बिसरख पुलिस से की है।

पीड़ित ने बताया कि उसके साथ पिछले साल भी बिल्डर के दफ्तर में मारपीट गई थी। उस दौरान भी मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। इस मामले में एसीपी-2 सेंट्रल नोएडा योगेंद्र सिंह ने बताया कि घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मेडिकल रिपोर्ट और शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# पड़ोसी राज्यों से शराब तस्करी रोकने को आबकारी विभाग अलर्ट

## दुकानदारों के खिलाफ होगी गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई, संपत्ति भी जब्त करेगा जिला प्रशासन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

पड़ोसी राज्यों से उत्तर प्रदेश में शराब की तस्करी रोकने के लिए जिला प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। प्रशासन ने अब साफ कर दिया है कि किसी भी शराब की दुकान पर यदि तस्करी की शराब पाई गई तो दुकानदार के खिलाफ न केवल गुंडा एक्ट में कार्रवाई की जाएगी, बल्कि उसका लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए उसकी संपत्ति भी जब्त जाएगी।

इस प्रकार का निर्णय सोमवार को जिला मुख्यालय पर अधिकारियों व शराब के लाइसेंस धारियों की बैठक में लिया गया।


जिला मुख्यालय पर बैठक में मौजूद अधिकारी।

जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में पड़ोसी राज्यों से हो रही शराब तस्करी पर चिंता व्यक्त की गई। इस संबंध में तस्करी को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने का फैसला लिया गया। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि देशी शराब, खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्र की शराब की दुकानों के आसपास, परचून की दुकानों व साप्ताहिक बाजार आदि इलाकों में बिक्री होने की सूचनाएं लगातार मिल रही हैं। इस संबंध में बैठक में मौजूद आबकारी निरीक्षकों को ताकीद किया गया है कि इस प्रकार की गतिविधियों पर निगरानी रखें और सूचना मिलते ही संबंधित के खिलाफ का वैद्यानिक कार्यवाही करें।

इसके अलावा शराब की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के आदेश भी अनिवार्य कर दिए गए हैं। यह सभी कैमरे 24 घंटे क्रियाशील रहेंगे। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा जांच में यदि किसी दुकान के अंदर तस्करी की शराब पाई गई तो संबंधित लाइसेंस धारी के खिलाफ न केवल अपराधिक धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई थी, बल्कि उसके खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई भी की जाएगी। साथ ही उसके संपत्ति का जब्ती करण करने के बाद लाइसेंस को निरस्त कर दिया जाएगा।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नि.शा., उ.पे.जल निगम, गंगोलीहाट**

पत्रांक : 776/AC-12/241 | दिनांक : 02.08.2021

**ई-टेण्डरिंग नोटिस**

उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम की ओर से अद्योहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य की ई-निविदायें निम्नांकित तालिका में अंकित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से 2-बिड प्रणाली में आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | विकास खण्ड | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनीपुर (सौलर पम्पिंग) पेयजल योजना का निर्माण एवं तत्सम्बन्धित कार्य। | बेरीनाग | रु. 4000.00 + 18% GST | रु. 105000.00 | 9 माह | 90 दिन | पाइप लाईन कार्य में श्रेणी ''सी'' |
| 2. | बासीखेत लग्गा धनौलासेरा पेयजल योजना का निर्माण एवं तत्सम्बन्धित कार्य। | गंगोलीहाट | रु. 3500.00 + 18% GST | रु. 97000.00 | 9 माह | 90 दिन | पाइप लाईन कार्य में श्रेणी ''सी'' |
| 3. | चामा पेयजल योजना का निर्माण एवं तत्सम्बन्धित कार्य। | बेरीनाग | रु. 4000.00 + 18% GST | रु. 124000.00 | 9 माह | 90 दिन | पाइप लाईन कार्य में श्रेणी ''सी'' |
| 4. | बटगल पेयजल योजना का निर्माण एवं तत्सम्बन्धित कार्य। | बेरीनाग | रु. 4000.00 + 18% GST | रु. 124000.00 | 9 माह | 90 दिन | पाइप लाईन कार्य में श्रेणी ''सी'' |
| 5. | झलतोला पेयजल योजना का निर्माण एवं तत्सम्बन्धित कार्य। | गंगोलीहाट | रु. 5000.00 + 18% GST | रु. 212000.00 | 12 माह | 90 दिन | पाइप लाईन कार्य में श्रेणी ''बी'' |

टिप्पणी :-
1. उपरोक्त योजनाओं हेतु ई-निविदा प्रपत्र दिनांक 06.08.2021 को अपराह्न 15.00 बजे तक वेबसाईट www.uktenders.gov.in पर अपलोड कर दी जायेगी। अत: निविदा के सम्बन्ध में सम्पूर्ण सूचना हेतु उक्त वेबसाईट पर लॉग इन करें।

अधिशासी अभियन्ता


## महिला की सतर्कता से टली लूट की वारदात

**नोएडा।** कोतवाली बीटा-2 क्षेत्र के सेक्टर अल्फा वन में शनिवार दोपहर लॉकडाउन के दौरान एक महिला अपनी सहेली के साथ पैदल जा रही। इस दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने महिला की चेन लूटने का प्रयास किया लेकिन, महिला की सतर्कता के चलते बदमाशों का प्रयास असफल हो गया। पुलिस सीसीटीवी फु टेज की मदद से आरोपियों की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार सेक्टर अल्फा वन में रहने वाले ऋषि गोयल व्यापारी हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार दोपहर करीब 3 बजे उनकी पत्नी सीमा गोयल सेक्टर में ही रहने वाली अपनी सहेली से मिलने गई थीं। वापस घर लौटते समय सेक्टर के अंदर ही मकान नंबर-57 के सामने जब सीमा जा रही थीं तभी हेलमेट पहने दो बाइक सवार बदमाशों ने उन पर झपट्टा मारकर उनकी सोने की चेन लूटने का प्रयास किया। महिला की सतर्कता के चलते बदमाश चेन लूटने में सफल नहीं हो सके।

# पांच दिन पहले मिले शव का पुलिस ने किया खुलासा

- भाई की हत्या का बदला लेने को उतारा मौत के घाट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में 5 दिन पहले एक युवक का शव सुनसान इलाके में पड़ा मिला था। ग्रेटर नोएडा पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए पूरे मामले का खुलासा कर दिया है।

दरअसल, आरोपी ने अपने भाई की हत्या का बदला लेने के लिए युवक की हत्या कर दी थी। इस मामले में दो अन्य अभी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी के भाई की हत्या मृतक के भाई ने की थी। इसका ही बदला लेने के योजना बनाकर युवक की हत्या की गई। अभी इस मामले में दो आरोपी फरार हैं।

**क्या है मामला**

27 जुलाई को दतावली गांव के राशिद उर्फ कौवा का शव मिला था। जिसके बाद राशिद के भाई कबीर ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था कि बोडाकी गांव के आदेश ने दोस्त अमन और हर्ष के साथ मिलकर मेरे भाई राशिद को पत्थरों से कुचलकर हत्या कर दी है। जिसके बाद से ही पुलिस आरोपियों की तलाश में लग गई।

रविवार को पुलिस ने आरोपी आदेश को पल्ला गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। एसएचओ दादरी प्रमोद त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी आदेश ने पूछताछ में बताया है कि वर्ष 2019 में राशिद के भाई साहिल ने मेरे भाई राकेश की पत्थरों से कुचलकर हत्या कर दी थी।

इस हत्याकांड में साहिल लुक्सर जेल में बंद है। भाई की मौत का बदला लेने के लिए राशिद की हत्या करने की योजना बनाई। जिसके तहत नई बील गांव के शमशान के पास पत्थरों से कुचलकर उसकी हत्या कर दी।

## संक्षिप्त समाचार


एनपीसीएल अफसरों के साथ बैठक करते कोरियाई कंपनियों के निदेशक।

### बिजली समस्या को लेकर अफसरों से मिले

**नोएडा।** कोरियाई कंपनियों की बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा करने और समाधान तलाश करने के लिए सोमवार को कंपनी निदेशकों और एनपीसीएल अफसरों के बीच बैठक हुई। यह बैठक जेवर से विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह ने अपने कैंप कार्यालय में बुलाई थी। इस दौरान कोरियाई कंपनियों ने बताया कि दिन में कई घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। जिससे उत्पादन की लागत बढ़ रही है। एनपीसीएल के वाइस प्रेसिडेंट ने इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया है। आपको बता दें कि शहर की कोरियाई कंपनियों के प्रतिनिधिमंडल ने पिछले दिनों ठाकुर धीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी।

### शेल्टर होम से लापता किशोरियों का नहीं लगा सुराग

**नोएडा।** कोतवाली बीटा-2 क्षेत्र के सेक्टर गामा-1 में स्थित शेल्टर होम से 29 जुलाई को तड़के 3 बजे दो किशोरी लापता हो गई। शेल्टर होम प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा के सेक्टर गामा-1 में स्थित जगशांति उदयन केयर नाम से शेल्टर होम है जिसमें 41 अनाथ लड़कियां रह रही थीं। 29 तारीख को तड़के 3 बजे यहां रहने वाली 2 नाबालिग लडकियां रहस्मय परिस्थितियों में गायब हो गईं। शेल्टर होम प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली प्रभारी रामेश्वर कुमार ने बताया एक 13 वर्षीय किशोरी को 13 जुलाई को बाल कल्याण समिति और बिसरख पुलिस शेल्टर होम में लाई थी जबकि दूसरी 14 वर्षीय किशोरी को 14 जुलाई को बाल कल्याण समिति और नॉलेज पार्क पुलिस शेल्टर होम में लेकर आई थी। पुलिस लापता दोनों नाबालिग लड़कियों की तलाश कर रही है।


**(जैश) जैश इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : 502, ब्लॉक सी, एनडीएम-2, एनएसपी, पीतमपुरा, दिल्ली-110034
सीआईएन : एल24302डीएल1985पीएलसी383771
वेबसाइट : www.jaschindustries.com, ई-मेल : accounts@jasch.biz

30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित आईएनडी एएस वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण
(सूचीयन विनियमावली के विनियम 47(1)(ख) के तहत पृथक्कृत एवं समेकित वित्तीय परिणाम) (रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत | | | | | समेकित* | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त | | तिमाही समाप्त | वर्ष समाप्त* |
| | | 30.06.21 | 31.03.21 | 30.06.20 | 31.03.21 | 31.03.20 | 30.06.21 | 31.03.21 |
| | | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | एन.ए. |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 3704.21 | 4984.58 | 1488.66 | 13567.63 | 13077.64 | 3704.21 | – |
| 2 | ब्याज, मूल्यह्रास एवं करों से पूर्व लाभ (ईबीआईटीडीए) | 512.70 | 754.17 | 181.40 | 1909.27 | 1154.72 | 512.70 | – |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर तथा अपवाद मदों से पहले) | 430.37 | 669.93 | 85.37 | 1561.97 | 620.02 | 430.37 | – |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ कर से पहले (अपवाद मदों के बाद) | 430.37 | 669.93 | 85.37 | 1561.97 | 620.02 | 430.37 | – |
| 5 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ कर पश्चात (अपवाद मदों के बाद) | 310.37 | 493.37 | 63.88 | 1135.20 | 453.72 | 310.37 | – |
| 6 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 310.37 | 493.37 | 63.88 | 1135.20 | 453.72 | 310.37 | – |
| 7 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 | – |
| 8 | संचेय | 6129.21 | 5818.84 | 4720.45 | 5818.84 | 4656.57 | 6129.21 | – |
| 9 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) मूल एवं तनुकृत : | 2.74 | 4.35 | 0.56 | 10.02 | 4.00 | 2.74 | – |

नोट्स :
(1) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www.jaschindustries.com पर उपलब्ध है।
(2) कम्पनी ने ये परिणाम भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस) के अनुसार तैयार किए हैं।
(3) पूर्व अवधियों हेतु आंकड़े, जहां आवश्यक है, चालू अवधि के वर्गीकरण के समनुरूप बनाने के लिए पुनर्समूहित किए गए हैं।
(4) *जैश इंडस्ट्रीज लिमिटेड ("जेआईएल") के वित्तीय परिणाम जश गेजिंग टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ("जेजीटीएल" – जेआईएल की पूर्णतया स्वाधिकृत अनुषंगी) के साथ समेकित किए हैं, जो 25-05-2021 को ही निगमित की गई है और 06-07-2021 को व्यवसाय आरंभ करने की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। अतएव 30-06-2021 को पृथक्कृत और समेकित परिणाम वही हैं। चूंकि जेजीटीएल 31-03-2021 को अस्तित्व में नहीं थी, अतः 31-03-2021 की तिथि के समेकित आंकड़ों के कालम में डैश ("–") का चिह्न दर्शाया गया है।

सोनीपत, 24-07-2021 | हस्ता./- (जे. के. गर्ग) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक



**एन.के. टेक्सटाइल्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : ओमैक्स स्क्वायर, प्लॉट नंबर 14, 5वां तल, जासोला डिस्ट्रिक्ट सेन्टर, जासोला, नई दिल्ली – 110025
सीआईएन : एल17299डीएल1983पीएलसी163230, फोन : +91 11 61119313
ई-मेल आईडी : n.ktexiles123@gmail.com, वेबसाइट : www.nktil.com

**सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक सं. 03/2021-22 दिनांक 13 अगस्त, 2021 (शुक्रवार) को अप. 04.00 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय ओमैक्स स्क्वायर, प्लॉट नंबर 14, 5वां तल, जासोला डिस्ट्रिक्ट सेन्टर, जासोला, नई दिल्ली-110025 में निम्नलिखित मदों पर विचार हेतु आयोजित की जाएगी :

i. सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के निबन्धनों में 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम अभिलेखबद्ध करना।
ii. 31-03-2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु निदेशक की रिपोर्ट पर विचार और अनुमोदित करना।
iii. कम्पनी की अगली वार्षिक सामान्य बैठक की तिथि नियत करना।
iv. रेकार्ड के प्रयोजन हेतु सदस्यों का रजिस्टर बंद रखने की अवधि पर विचार और निर्णय करना।
v. नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्लेटफार्म की सेवाएं प्राप्त करना।
vi. आगामी वार्षिक सामान्य बैठक में ई-वोटिंग के प्रयोजन हेतु संवीक्षक की नियुक्ति पर विचार करना।
vii. आगामी वार्षिक सामान्य बैठक के आयोजन की सूचना का प्रारूप प्रस्तुत एवं अनुमोदित करना।
viii. सभाध्यक्ष की अनुमति से किसी अन्य विषय पर विचार करना।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते एन.के. टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./-
बलबीर सिंह
निदेशक
डीआईएन : 00027438

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकित : 02-08-2021


# जीडीए प्रशासन का फैसला, अवैध निर्माण हुआ तो नपेंगे अभियंता

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

महानगर में अवैध निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए जीडीए ने बिल्डरों के अलावा जिले के प्रवर्तन विभाग के अभियंताओं की नैतिक जिम्मेदारी तय कर दी है। यानी अब कहीं भी किसी भी क्षेत्र में अवैध निर्माण की गतिविधि पाई गई तो बिल्डर के साथ-साथ संबंधित अभियंता के खिलाफ भी विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस निर्णय के बाद प्रवर्तन विभाग के अभियंताओं में हड़कंप मच गया है।

इस सिलसिले में जीडीए के अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने प्रवर्तन विभाग के सभी अभियंताओं की बैठक में यह साफ कर दिया है कि अवैध निर्माण के साथ-साथ क्षेत्र के अवर अभियंता भी जिम्मेदार होंगे।

इसके अलावा सभी अभियंताओं को एक डायरी मेंटेन करनी होगी। जिसमें अवैध निर्माण से संबंधित तमाम जानकारियां आंकड़ें उपलब्ध कराने होंगे। त्रिपाठी ने बताया कि संबंधित अभियंता को प्रमाण पत्र भी दाखिल करना होगा। जिसमें बताया जाएगा कि उसके कार्यकाल के दौरान अवैध निर्माण की गतिविधि पाई गई। उन्होंने बताया कि महानगर में 321 का अवैध कॉलोनियों को जीडीए ने अपनी वेबसाइट पर डाल दिया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# मेट्रो स्टेशनों पर दोहरी जांच से गुजरेंगे यात्री

## सीआईएसएफ ने स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर कड़ी की सुरक्षा व्यवस्था

- यात्री गंतव्य जाने के लिए जल्दी निकलें घर से, वरना हो सकती है दिक्कत
- कुछ संवेदनशील मेट्रो स्टेशनों के विशिष्ट बिंदुओं पर अतिरिक्त जवान तैनात

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर राजधानी दिल्ली में बस अड्डों, मेट्रो स्टेशनों और अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जा रही है। नई व्यवस्था में सीआईएसएफ ने मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों की दो बार जांच का फैसला लिया है, ताकि किसी भी तरह की चूक न हो। लेकिन, इस व्यवस्था से यात्रियों को थोड़ी दिक्कत हो सकती है। इसलिए वे घर से जल्दी निकलें।

मेट्रो की सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने सोमवार को दिल्ली मेट्रो के चुनिंदा स्टेशनों के प्रवेश द्वार पर यात्रियों की दोहरी जांच की शुरुआत कर दी है।

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आतंकी घटनाओं की आशंका के मद्देनजर पुलिस और डीएमआरसी कोई खतरा मोल नहीं लेना चाहती। सीआईएसफ के उप-महानिरीक्षक (डीआईजी) जितेंद्र राणा ने बताया कि अब मेट्रो स्टेशन में प्रवेश करने वाले यात्रियों की दो बार तलाशी ली जा रही है, ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। राणा ने कहा कि हर साल स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस से पहले इसी तरह के सुरक्षा उपाय किए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि कुछ संवेदनशील मेट्रो स्टेशनों के विशिष्ट बिंदुओं पर अतिरिक्त तैनाती की गई है और हम राजधानी में तेजी से रेल परिवहन प्रणाली लेने वाले यात्रियों की दोहरी तलाशी और चेकिंग के लिए महत्वपूर्ण मेट्रो स्टेशनों पर व्यापक तैनाती पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मेट्रो से हर रोज लगभग 24 लाख यात्री आवागमन करते हैं और किसी भी स्तर पर सुरक्षा चूके से भारी नुकसान हो सकता है।

अधिकारी ने कहा कि सीआईएसएफ के आकलन के अनुसार खुफिया सूचनाओं के आधार पर अर्धसैनिक बलों के जवानों को मुख्य रूप से इंटरचेंज मेट्रो स्टेशनों और संवेदनशील क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले स्थानों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए निर्देश दिया जाता है। विभिन्न स्टेशनों पर सीआईएसएफ के जवानों को सादे कपड़ों में तैनात किया गया है और हम पूरी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली पुलिस के लगातार संपर्क में हैं।

कुछ महत्वपूर्ण स्टेशनों पर खतरे के मद्देनजर अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया जा रहा है, जो डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर में प्रवेश करने से पहले हर यात्री की तलाशी लेंगे। अधिकारी ने कहा कि एक यात्री के इस डोर को पार करने के बाद दूसरे सुरक्षा कर्मियों द्वारा उसकी फिर से तलाशी ली जाएगी।


इसके साथ ही सीआईएसएफ ने अपने कमांडो और क्विक रिएक्शन टीमों को कुछ निर्धारित स्टेशनों पर लगातार गश्त करने का काम सौंपा है और पूरी सुरक्षा सामग्री भी बढ़ा दी गई है।


फाइल फोटो

# लोकल इनपुट पर रखें नजर : पुलिस आयुक्त

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पुलिस राजधानी में सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त करने में जुट गई है। इस बार ड्रोन हमले के संभावित खतरे को देखते हुए सुरक्षा रणनीति बना रही है।



इसके लिए तमाम पैरा मिलिट्री व सुरक्षा एजेंसियों के साथ की मदद ली जा रही है। पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने बीते शनिवार को ही वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सुरक्षा में जुटे पुलिस की विभिन्न इकाइयों के अधिकारियों के साथ बैठक की और जरूरी हिदायत दी।

सीपी अस्थाना ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि वे बैठक में ज्यादा समय बर्बाद न करें, बल्कि सड़कों व आम जनता के बीच रहकर लोकल इनपुट के आधार पर मिलने वाली सूचनाओं पर पैनी नजर रखें।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जनता से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का निराकरण करें और कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने की कोशिश करें। संदिग्ध लोगों के मूवमेंट व भीड़भाड़ वाले जगहों पर खास चौकसी रखें। सीमाओं पर खानापूर्ति के तौर चेकिंग ना हो बल्कि सख्त और सघन चेकिंग की जाए।

बताया जाता है कि अस्थाना के साथ बैठक में राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री सुरक्षा यूनिट, स्पेशल सेल, क्राइम ब्रांच, स्पेशल ब्रांच समेत नई दिल्ली, मध्य व उत्तरी जिले व अन्य यूनिटों के विशेष आयुक्त, संयुक्त आयुक्त, एडिशनल पुलिस कमिश्नर, डीसीपी, एडिशनल डीसीपी व एसीपी स्तर के अधिकारी शामिल थे। बैठक में उन्होंने लाल किले पर होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह के मसले पर कई दिशा-निर्देश जारी किए।

इस बार 15 अगस्त के मद्देनजर लाल किले पर एंटी ड्रोन रडार सिस्टम लगाया जा रहा है। उसकी खासियत यह है कि स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थल से तीन किलोमीटर दूर से ही ड्रोन को जाम कर गिरा दिया जाएगा।

# श्मशान घाट में बच्ची की संदिग्ध मौत, परिजनों ने किया हंगामा

- पुजारी पर बिना सहमति अंतिम संस्कार कराने समेत कई आरोप, गिरफ्तार


पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में नौ वर्षीय बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसके माता पिता ने आरोप लगाया है कि दक्षिण पश्चिम दिल्ली के पुराने नांगल गांव में श्मशान घाट के पुजारी ने उनकी सहमति के बिना बच्ची का अंतिम संस्कार करा दिया। पुलिस ने बताया कि एक पुजारी समेत चार लोगों को घटना के संबंध में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि बच्ची अपने माता-पिता के साथ गांव में श्मशान घाट के सामने किराए के घर में रहती थी। रविवार शाम साढ़े पांच बजे वह अपनी मां को सूचित करके श्मशान घाट में लगे पानी के कूलर से ठंडा पानी लेने गई थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शाम छह बजे श्मशान घाट के पुजारी राधेश्याम और बच्ची की मां को जानने वाले दो-तीन अन्य लोगों ने उसे वहां बुलाया और बेटी का शव दिखाकर दावा किया कि कूलर से पानी लेने के दौरान करंट लगने से उसकी मौत हो गई। उसकी बाईं कलाई और कोहनी के बीच जलने के निशान थे और उसके होंठ भी नीले पड़ गए थे।

अधिकारी ने बताया कि पुजारी और अन्य लोगों ने उसकी मां को पुलिस को सूचना देने से मना करते हुए कहा कि पुलिस मामला बना देगी और पोस्टमार्टम के दौरान चिकित्सक बच्ची के अंगों को चुरा लेंगे, इसलिए उसका अंतिम संस्कार करना बेहतर है। पुलिस के मुताबिक, बच्ची का अंतिम संस्कार कर दिया गया, बाद में महिला ने अपने पति के साथ हंगामा किया।

## स्कूल खोलने पर फैसला नहीं ले पा रही सरकार



**नई दिल्ली।** स्कूल खोलने को लेकर आप सरकार अभी कोई निर्णय नहीं ले पा रही है। इसे लेकर अभी संशय बरकरार है। कोविड-19 महामारी की स्थिति नियंत्रण में आने के बाद स्कूलों को दोबारा खोलने के लिए सरकार ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से सुझाव मांगे हैं।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सोमवार को कहा कि अभी तक करीब 30 से 35 हजार सुझाव आए हैं। इनमें से कुछ लोग स्कूलों को खोलने के पक्ष में हैं तो कुछ डर रहे हैं। सरकार इन सुझावों का आकलन कर रही है। इसी के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

# फिल्म निर्माता ने कारोबारी से ठगे 32 लाख

- आरोपी ने पीड़ित को दिया था कर्ज दिलाने का झांसा, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मथुरा से एक बॉलीवुड फिल्म निर्माता को सस्ते दर पर कर्ज दिलाने के बहाने दिल्ली के एक कारोबारी से 32 लाख रुपए ठगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान अजय यादव के रूप में हुई है। यादव ने इसी तरह के तौर-तरीकों का इस्तेमाल कर कई कारोबारियों को ठगा था। पुलिस ने कहा कि उसे मुंबई, दिल्ली, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि अजय यादव सिरीन प्राइवेट लिमिटेड का निदेशक है और छह बॉलीवुड फिल्मों- ओवरटाइम, भड़ास, लव फिर कभी, रण बांका, सस्पेंस और साक्षी का निर्माता है। पुलिस ने कहा कि उसने ठगी की सारी रकम फिल्मों के निर्माण में लगा दी, लेकिन उनमें से ज्यादातर फ्लॉप हो गईं, जिससे उसे भारी नुकसान हुआ। उसे पूर्व में दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ और मुंबई अपराध शाखा की कांदिवली यूनिट ने गिरफ्तार किया था।

ओखला औद्योगिक क्षेत्र में कारोबार करने वाले राहुल नाथ नामक शख्स ने पुलिस को बताया कि वह अपना कारोबार बढ़ाना चाहता था और उसे 65 करोड़ रुपए के कर्ज की जरूरत थी। पुलिस ने कहा कि नाथ के एक परिचित ने अखबार में एक विज्ञापन देखकर आरोपी से उसका परिचय कराया।

जांच के दौरान पता चला कि आरोपी द्वारा निर्मित साक्षी नाम की एक फिल्म हाल ही में रिलीज हुई थी। अधिकारी ने कहा कि एक पुलिस दल को मुंबई भेजा गया, जिसमें पाया गया कि आरोपी मध्य प्रदेश के इंदौर में था। पुलिस ने बताया कि बाद में मथुरा में उसकी मौजूदगी का पता चला, जिसके बाद छापेमारी की गई और आरोपी को पकड़ लिया गया।

# एसआई ने पहले फेसबुक पर की दोस्ती, फिर पहुंचाया हवालात

- नाबालिग से रेप के आरोपी को पुलिस ने चतुराई से पकड़ा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी के दशरथ पुरी इलाके में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और उसे गर्भवती बनाने के आरोपी व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस शातिर आरोपी को महिला एसआई ने बड़ी चतुराई से पहले फेसबुक पर दोस्त बनाया और फिर पकड़कर हवालात में डाल दिया।

महिला सेल की सब इंस्पेक्टर प्रियंका सैनी के अनुसार उन्हें 30 जुलाई को एक अस्पताल से फोन आया, जिसमें कहा गया कि एक लड़की के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया गया है और वह गर्भवती हो गई। इस मामले में पीड़ित लड़की से बात कर एफआईआर दर्ज की गई। घटना के बाद से आरोपी आकाश फरार था। एसआई ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाते हुए उन्होंने खुद फेसबुक पर अकाउंट बनाया और आरोपी आकाश नाम के लोगों को रैंडम फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजीं। कई को मैसेज भी किए, लेकिन सिर्फ आरोपी आकाश ने ही मैसेज का जवाब दिया। पीड़ित लड़की के साथ विवरण की पुष्टि करने के बाद एसआई ने आरोपी के साथ नंबर का आदान-प्रदान किया और बाद में मिलने के लिए उसे श्री माता मंदिर के पास बुलाया। वह वहां पहुंच गया और गिरफ्तार कर लिया गया।


पेगासस मामले को लेकर प्रदर्शन करते एनएसयूआई के कार्यकर्ता। फोटो : रंजन डिमरी

# साल 2018 के बाद इस बार डेंगू के सबसे अधिक मामले

## जनवरी से 31 जुलाई तक आए 52 मरीज, सरकार और निगम हुआ अलर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में इस साल अब तक डेंगू के 52 मामले सामने आए हैं। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। एक जनवरी से 31 जुलाई की अवधि में डेंगू के मामलों की संख्या 2018 के बाद से इस साल सबसे अधिक, 56 है।



रिपोर्ट के मुताबिक जुलाई के महीने में 16 मामले सामने आए। डेंगू के मच्छर साफ, ठहरे हुए पानी में पनपते हैं, जबकि मलेरिया के मच्छर गंदे पानी में भी पनपते हैं। वेक्टर जनित रोगों के मामले आमतौर पर जुलाई और नवंबर के बीच सामने आते हैं, लेकिन यह अवधि दिसंबर के मध्य तक बढ़ सकती है। नगर निगमों की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक इस साल 31 जुलाई तक डेंगू के 52 मामले सामने आए हैं। मामलों का महीने-वार विवरण इस प्रकार है जनवरी (0), फरवरी (2), मार्च (5), अप्रैल (10), मई (12), जून (7) और जुलाई (16)। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्षों में, इसी अवधि में मामले थे 119 (2016), 185 (2017), 56 (2018), 40 (2019) और 31 (2020)। शहर में अब तक डेंगू से किसी की मौत की खबर नहीं है।

सोमवार को जारी सिविक रिपोर्ट के मुताबिक इस साल 31 जुलाई तक मलेरिया के 21 और चिकुनगुनिया के 18 मामले भी सामने आ चुके हैं।

मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया में तेज बुखार भी होता है और इसलिए डॉक्टरों को लगता है कि लोगों को संदेह हो सकता है कि उन्हें कोविड-19 हो गया है। पूर्वी दिल्ली नगर निगम की स्थाई समिति ने 29 जुलाई को डेंगू ब्रीडिंग चेकिंग (डीबीसी) स्टाफ के 710 पद सृजित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। ईडीएमसी ने 24 जुलाई को डेंगू की रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक महीने का अभियान शुरू किया था।

## ताहिर हुसैन की जमानत याचिका दूसरी बेंच को सौंपी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आप के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन द्वारा 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों से जुड़े एक मामले में इसी तरह के मामलों के एक अन्य बेंच के समक्ष लंबित होने के कारण सोमवार को उनकी जमानत अर्जी पर सुनवाई नहीं की। जस्टिस रजनीश भटनागर ने आदेश दिया कि जमानत अर्जी को जस्टिस योगेश खन्ना के समक्ष छह अगस्त को सूचीबद्ध किया जाए।

ताहिर हुसैन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील मोहित माथुर ने हाईकोर्ट को सूचित किया कि दंगों के संबंध में उनके मुवक्किल के खिलाफ 11 एफआईआर दर्ज की गई हैं और दयालपुर थाने से ऐसी तीन एफआईआर में जमानत याचिकाएं इस महीने के अंत में एक अन्य बेंच के समक्ष सुनवाई के लिए आ रही हैं।

# यमुना का जलस्तर घटा, अब भी चेतावनी के निशान से ऊपर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी में यमुना के जलस्तर में सोमवार को मामूली गिरावट दर्ज की गई, लेकिन यह अब भी चेतावनी के निशान से ऊपर बरकरार है। अधिकारियों ने कहा कि नदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार बारिश के कारण ऐसा हो रहा है। अगले तीन से चार दिनों में क्षेत्र में और बारिश होने की उम्मीद है, ऐसे में प्रशासन स्थिति पर करीबी नजर रख रहा है।

बाढ़ नियंत्रण कक्ष के मुताबिक, पुराने रेलवे पुल पर अपराह्न तीन बजे जलस्तर 204.87 मीटर दर्ज किया गया। यह रविवार को रात आठ बजे 205.30 मीटर था। अधिकारियों ने बताया कि रविवार दोपहर तक यमूना के डूब क्षेत्र में रहने वाले 100 से ज्यादा परिवारों को ऊपरी इलाकों में पहुंचाया गया।



फाइल फोटो

## कोर्ट ने दी 22 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति

**नई दिल्ली।** भ्रूण में गंभीर विकृति होने के चलते हाईकोर्ट ने सोमवार को एक महिला को अपने 22 सप्ताह के गर्भ को गिराने की अनुमति दे दी। एम्स के मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट पर विचार करते हुए हाईकोर्ट ने यह फैसला सुनाया। एम्स के मेडिकल बोर्ड की ओर से दी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि गर्भ में पल रहे भ्रूण में विकृतियां हैं और जन्म के बाद भी बच्चे के जीवित रहने की संभावना कम है।

जस्टिस रेखा पल्ली ने अपने आदेश में कहा कि मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट देखने के बाद उनका मानना है कि गर्भपात की अनुमति दी जाए। दंपति की ओर से दाखिल याचिका में भ्रूण में कई विकृतियां होने के आधार पर गर्भपात की अनुमति मांगी गई थी।


# संक्षिप्त समाचार

## मुस्लिम महिलाओं के खिलाफ टिप्पणी पर कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने सोमवार को दिल्ली पुलिस को एक नोटिस जारी किया और उस मामले में कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है, जहां एक व्यक्ति ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर मुस्लिम महिलाओं के बारे में कथित रूप से अपमानजनक संदेश पोस्ट किया था। आयोग ने पांच अगस्त तक रिपोर्ट सौंपने को कहा है। डीसीडब्ल्यू ने कहा कि उसे एक शिकायत मिली थी, जिसमें यह आरोप लगाया गया कि कुछ व्यक्ति सोशल मीडिया पर लोगों को मुस्लिम महिलाओं के खिलाफ अपराध करने के लिए भड़काऊ संदेश पोस्ट कर रहे थे। नोटिस में कहा गया, आरोप है कि कुछ लोगों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ महिलाओं के नाम और संपर्क विवरण इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए हैं जिसमें उन्होंने लोगों से महिलाओं से बलात्कार करने के लिए कहा है। डीसीडब्ल्यू ने कहा कि यह एक बहुत गंभीर मामला है और तत्काल हस्तक्षेप करने की जरूरत है।

## नृत्य,संगीत और कला पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**नई दिल्ली।** रबींद्र भारती विश्वविद्यालय, कोलकाता और अध्ययन एवं अनुसंधान पीठ दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'नृत्य ,संगीत और कला' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य समन्वयक आचार्य चंद्र थे। मुख्य अतिथि कोलकाता के शिक्षण एवं प्रशिक्षण विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सोमा बंदोपाध्याय ने कहा कि ललित कलाओं एवं प्रदर्शनमूलक कलाओं पर यह संगोष्ठी एक अनूठी पहल है। संगोष्ठी में शुभांगी, अश्नेशा, रेणु हुसैन, प्रो. महुआ मुखर्जी, डॉ. संदीप अवस्थी ने अपने विचार रखे।



## नकली कीटनाशक कारखाने का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के मुंडका इलाके से दिल्ली पुलिस ने नकली कीटनाशक निर्माण इकाई का पर्दाफाश कर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मोहन लाल और अमन ने दो महीने पहले नकली कीटनाशक बनाने के लिए हिरण कुडना गांव में दो गोदाम किराए पर लिए थे। पुलिस के मुताबिक इन लोगों ने नौ लाख रुपए का शुरुआती निवेश किया था। पुलिस ने बताया कि एक कीटनाशक कंपनी के प्रतिनिधि ने शिकायत में आरोप लगाया कि कोई उनकी कंपनी के नाम पर नकली उत्पाद बनाकर कंपनी के ट्रेडमार्क का इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने कहा कि 30 जुलाई को मुंडका में निर्माण इकाई में छापा मारकर विभिन्न कंपनियों के नाम वाले नकली उत्पाद भारी मात्रा में जब्त किए गए।

# पीएचडी की सभी सीटें जेआरएफ को देना नीतिगत फैसला : जेएनयू

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जेएनयू ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि सात केंद्रों पर पीएचडी की शत-प्रतिशत सीटों का आवंटन जेआरएफ श्रेणी के उम्मीदवारों को करना एक सुविचारित नीतिगत फैसला है और यह किसी कानून या नियम का उल्लंघन नहीं करता।

विवि ने कहा कि जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फैलोशिप) राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले प्रतिभागियों को प्रदान की जाने वाली सबसे प्रतिष्ठित डिग्री है और इसलिए सफल प्रतिभागी पहले ही संबंधित क्षेत्र में अपने कौशल को साबित कर चुके होते हैं।

स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया, जेएनयू द्वारा इस आवंटन को चुनौती देते हुए दायर की गई याचिका के जवाब में दिए गए अपने हलफनामे में विश्वविद्यालय ने कहा, जेएनयू के चुनिंदा केंद्रों पर शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिए 100 प्रतिशत पीएचडी सीटों का आवंटन जेआरएफ श्रेणी के प्रतिभागियों के लिए करना एक सुविचारित नीतिगत फैसला है जो अकादमिक परिषद जैसी अकादमिक विशेषज्ञों की शीर्ष संस्था द्वारा किया गया फैसला है और यह यूजीसी के दिशानिर्देशों के अनुरूप है।

# सराय कालेखां में गुरु हरकिशन अस्पताल 13 से शुरू होगा

## कोरोना मरीजों को इलाज की सुविधा भी मिलेगी, सिंह सभाओं की सिफारिश पर दी जाएगी 50 फीसद छूट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सराय काले खां स्थित बाला साहिब गुरुद्वारा परिसर में दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी (डीएसजीएमसी) का 125 बेड वाला गुरु हरकिशन अस्पताल 13 अगस्त से शुरू होने की संभावना है। कोरोना की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए इस अस्पताल को तैयार कराया जा रहा है।

डीएसजीएमसी अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा के अनुसार, गुरु हरिकिशन अस्पताल 13 अगस्त को बाबा बचन सिंह जी कार सेवा वाले संगतों को समर्पित करेंगे। इससे पहले 13 अगस्त को सुबह साढ़े 10 बजे अरदास समागम रखा गया है, जिसमें अरदास के पश्चात यह अस्पताल बाबा बचन सिंह जी संगत को समर्पित करेंगे।

डीएसजीएमसी अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि यह अति आधुनिक अस्पताल संगत के सहयोग के माध्यम से शुरू किया जा रहा है जो रिकॉर्ड 60 दिनों में ही तैयार हो जाएगा। उन्होंने बताया कि अस्पताल के लिए फ्रांस, अमेरिका व ऑस्ट्रेलिया की सरकारों ने भी विशेष सहयोग किया है व बाकी दिल्ली की संगत ने अस्पताल के निर्माण के लिए बढ़-चढ़ कर योगदान किया है।



सिरसा के मुताबिक, अस्पताल में रोगियों को पैथोलॉजी लैब समेत अन्य विभिन्न जांचों की सुविधा उपलब्ध होगी। अस्पताल में कोरोना के इलाज के लिए भी इंतजाम किए गए हैं और बच्चों के लिए अलग वार्ड भी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जिन मरीजों की दिल्ली की सिंह सभाओं की ओर से सिफारिश की जाएगी, उन्हें इलाज में 50 फीसदी छूट दी जाएगी।

# टीके को लेकर सक्रिय कदम उठाएं रेहड़ी-पटरी वाले : कोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को उम्मीद जताई कि रेहड़ी-पटरी लगाने वाले टीका लगवाने के लिए सक्रिय कदम उठाएंगे ताकि कोविड-19 की तीसरी लहर को आने से रोका जा सके और राष्ट्रीय राजधानी में हाल में जिस तरह मामलों में वृद्धि हुई, वैसी दोबारा न हो।

उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार से कहा कि वह और साप्ताहिक बाजार लगाने की अनुमति देने के मुद्दे पर विचार करे क्योंकि समाज का एक वर्ग अपनी हैसियत के हिसाब से केवल इन्हीं दुकानों से सामान खरीदता है। दिल्ली सरकार ने कोविड-19 के चलते फिलहाल साप्ताहिक बाजारों को केवल 50 प्रतिशत क्षमता के साथ खोलने की अनुमति दी हुई है। साथ ही एक नगरपालिका में केवल एक बाजार लगाने की इजाजत है।

न्यायमूर्ति रेखा पल्ली ने कहा, आशा की जाती है कि डीडीएमए सही दृष्टिकोण के साथ इस पहलू पर विचार करेगी। रेहड़ी-पटरी वालों से उम्मीद की जाती है कि वे टीकाकरण को लेकर सक्रिय कदम उठाएंगे ताकि तीसरी लहर को आने से रोका जा सके और दिल्ली में हाल में जिस तरह मामलों में वृद्धि हुई है, वैसी दोबारा न हो।

# विधायक ने तिरंगा यात्रा की जिम्मेदारी सौंप, उद्घोषों का कराया पूर्वाभ्यास

**यात्रा के संयोजक विधायक सुधीर सिंगला ने बैठक में दिए कई सुझाव**

**भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने बैठक की अध्यक्षता कर दिए निर्देश**




विधायक के कार्यालय में तिरंगा यात्रा बैठक में मौजूद विधायक व अन्य नेतागण।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी की ओर से आगामी 7 अगस्त को शहीदों के सम्मान में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर यात्रा के संयोजक विधायक सुधीर सिंगला के कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने की। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने भी शिरकत की। जिला महामंत्री महेश यादव ने तिरंगा यात्रा के दौरान लगाए जाने वाले उद्घोष का अभ्यास कराया। बैठक में भाजपा गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र के प्रदेश, जिला, मंडलों एवं मोर्चों के पदाधिकारी, विधानसभा, मंडल प्रभारी, महापौर मधु आजाद, उप-महापौर सुनीता यादव, जिला महामंत्री मनीष गाड़ोली की उपस्थिति रही। यात्रा के संयोजक विधायक सुधीर सिंगला ने बैठक में बताया कि यह तिरंगा यात्रा संपन्न होगी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति इस तिरंगा यात्रा में शामिल होकर शहीदों के सम्मान में आ सकता है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से हम सब मिलकर शहीदों को सम्मान देते हुए भावी पीढ़ियों में भी देशभक्ति की भावना को जागृत करेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि शहीदों को सम्मान देना हम सबका कर्तव्य है। जिनकी शहादत से आज देश सुरक्षित है, हम सब सुरक्षित हैं। उन्हें सम्मान देना कभी भूलना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि 7 अगस्त की इस तिरंगा यात्रा में हर उम्र का व्यक्ति शामिल होकर शहीदों को नमन करें। बैठक का संचालन निगम पार्षद सुभाष सिंगला ने किया।

# प्रॉपर्टी टैक्स पर पहले वेव ऑफ, फिर 10 प्रतिशत छूट भी

**30 सितम्बर तक प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करके पाएं भारी छूट का लाभ**

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार की हिदायत के अनुसार नगर निगम गुरुग्राम द्वारा 30 सितम्बर तक संपूर्ण बकाया प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करने वालों को भारी छूट का लाभ दिया जा रहा है। गुरुग्राम के संपत्ति मालिक समय से पूर्व अपने प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करके इस सुनहरी मौके का लाभ प्राप्त करें।

हरियाणा सरकार द्वारा संपत्ति मालिकों की सुविधा के तहत वित्त वर्ष 2021-22 के प्रॉपर्टी टैक्स की डिमांड में 25 प्रतिशत की राशि को वेव ऑफ करने तथा शेष बची राशि पर 10 प्रतिशत की छूट देने बारे अधिसूचना जारी की गई थी। उदाहरण के तौर पर अगर मौजूदा वित्त वर्ष में प्रॉपर्टी टैक्स की मांग 100 रुपये थी तो उसे वेव ऑफ करके 75 रुपये कर दिया गया है। शेष बची 75 रुपये की राशि पर 10 प्रतिशत की छूट मिल रही है। सरकार द्वारा यह सुनहरी मौका प्रॉपर्टी मालिकों को दिया गया है। नगर निगम गुरुग्राम की सीमा में स्थित जिन संपत्ति मालिकों ने प्रॉपर्टी टैक्स की अदायगी अभी तक नहीं की है, वे जल्द से जल्द अपने संपूर्ण बकाया प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करके इस सुनहरी योजना का लाभ उठाएं।

**अदायगी नहीं करने पर दंड का है प्रावधान**

**हरियाणा** नगर निगम अधिनियम-1994 के तहत नगर निगम गुरुग्राम की सीमा में स्थित सभी प्रकार के भवनों एवं खाली प्लाटों का वार्षिक रूप से प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाना अनिवार्य है। प्रॉपर्टी टैक्स की अदायगी नहीं करने की सूरत में 18 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज लगाया जाता है तथा डिफॉल्टर प्रॉपर्टीज के सीवर-पानी कनेक्शन काटने के साथ ही उन्हें सील करके नीलामी की प्रक्रिया भी अपनाई जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### सोमवार को मंदिरों में किया श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक



**सोहना।** श्रावण माह के दूसरे सोमवार को श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के मंदिरों में जलाभिषेक किया। हल्की बूंदा-बांदी होने के बावजूद भक्तजन मंदिरों तक पहुंचे। सावन माह के दूसरे सोमवार को भी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को भोग लगाते हुए पूजा अर्चना की। शहर के वार्ड नंबर 6, 8, 10, 14, 16, 05 आदि में भने भगवान भोले के मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने भोले का भोग लगाने के बाद अपना रोजाना का काम काज को शुरू किया। शहर के शिव कुंड में स्थित मंदिर पर सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। मेहनत चमनपुरी ने बताया कि श्रावण माह में श्रद्धालु दान पुन: करने मे विश्वास रखते है। भंडारे लगाकर लोगों को प्रसाद वितरण करते है।

### रहस्यमयी परिस्थिति में नाबालिग लड़की हुई लापता

**पलवल।** कैप थाना क्षेत्र से 14 वर्षीय नाबालिग लड़की रहस्यमयी परिस्थिति में लापता हो गई। पुलिस ने लापता लड़की के भाई की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी एएसआई धर्मपाल के अनुसार एक पीड़ित युवक ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी बहन बीती 27 जुलाई को बगैर कुछ बताए घर से कहीं चली गई। जिसको काफी तलाश किया गया, लेकिन उसका आज तक कहीं कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### शराब सहित दो व्यक्ति और नियमों का उल्लंघन करता एक गिरफ्तार

**पलवल।** पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति को लॉकडाउन के नियमों का उल्लघंन करते व दो लोगों को बगैर परमिट वाली शराब सहित गिरफ्तार किया है। जबकि एक व्यक्ति पुलिस की भनक लगते ही शराब को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने तीन नामजद व एक अन्य आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता संजय कादियान के अनुसार मुंडकटी थाना पुलिस ने लोहिना गांव बिजन को बंचारी गांव के समीप काबू कर 27 अद्धा देशी शराब, होड़ल थाना पुलिस ने बेढ़ा पट्टी निवासी रोहित बाइक पर शराब ले जाते हुए हसनपुर चौक पर काबू कर उसके कब्जे से 144 पव्वा देशी शराब को बरामद किया है। इसी प्रकार हसनपुर थाना पुलिस ने घासेड़ा गांव 72 पव्वा देशी शराब को बरामद किया जबकि आरोपी पुलिस को देख बाइक पर सवार होकर फरार हो गया। इसी प्रकार उटावड थाना पुलिस ने रुपड़ाका गांव निवासी शबीर को लॉकडाउन के नियमों का उल्लंघन करते गांव से ही काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अवैध हथियार सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**पलवल।** बेल जम्प के आरोप में गिरफ्तार आरोपी से बहीन थाना पुलिस ने अवैध हथियार को बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी एसआई जोगेंद्र ने बताया कि वर्ष 2010 में जानलेवा हमला करने के आरोप में आरोपी मुनसरीफ निवासी कोट गांव जमानत पर आने के बाद अदालत के तय समय के अनुसार पेश नहीं हो रहा था। आरोपी मुनसरीफ को हैड कांस्टेबल सुशील व संदीप के नेतृत्व में टीम गठित कर थाना क्षेत्र से काबू कर किया गया तो मुखबिर खास ने बताया कि मुनसरीफ अवैध हथियार रखता है। जिसके बाद आरोपी से गहनता से पूछताछ की गई तो उसके कब्जे से एक देशी बंदूक व दो जिंदा कारतूस बरामद किये गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गुरुग्राम कैनाल में शव मिलने से हड़कंप

**सोहना।** भोगपुर मंडी के पास गुरुग्राम नहर में शव तैरता देख ग्रामीणों में हड़कंप मचा। नहर से बाहर निकालने पर मृतक की पहचान हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। रविवार की शाम चार बजे सोहना सदर थाना के गांव भोगपुर मंडी के पास जा रही गुरुग्राम कैनाल में ग्रामीणों ने शव को तैरता हुआ देखा। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस कंट्रोल रूम को एक सौ नंबर पर दे दी। सूचना मिलने पर सदर थाना से मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाल लिया। जिसकी पहचान 68 वर्षीय रामकुमार पुत्र जोधाराम निवासी गांव भोगपुर मंडी के रूप में हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल सोहना में रखवा दिया गया। जिसका सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

# फंदे पर लटका मिला महिला का शव, पति पर केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**● दहेज के लिए नशे में महिला को पीटता था**

कोतवाली बीटा-2 क्षेत्र के नवादा गांव में महिला का शव फंदे से लटका मिला था। महिला की मौत की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने मृतका के पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है।

पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जनपद सुल्तानपुर निवासी इंद्रकुमार ने पुलिस को शिकायत देते हुए आरोप लगाया है कि उन्होंने अपनी बेटी वंदना का विवाह 23 मई 2019 को अयोध्या जिले के राहुल सिंह से किया था। शनिवार 31 जुलाई को परिजन को वंदना की मौत की सूचना मिली थी जिस पर रविवार को परिजन ग्रेटर नोएडा पहुंचे और उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल उनकी बेटी वंदना को अधिक दहेज की मांग को लेकर शराब पीने के बाद नशे में पीटता था।

# एकतरफा प्रेम में गोली चलाने वाला गिरफ्तार नहीं

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**प्रेम में पागल प्रमोद ने दिनेश उर्फ संतु को उसके ही घर के बाहर कट्टा से मार दी थी गोली**

**सोहना** शदर थाना पुलिस के हाथ चार दिन बीत जाने के एकतरफा प्यार में युवती के पिता पर जान लेवा करने वाले नहीं पहुंच सके है। घायल युवती के पिता के परिजनों ने पुलिस से मिलकर आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

सोमवार को दमदमा से आए ग्रामीणों ने सोहना सदर थाना पुलिस के एसएचओ इंस्पेक्टर उमेश कुमार और जांच अधिकारी एसआई धर्मबीर से मुलाकात की। ग्रामीणों ने चार दिन पहले दिनेश उर्फ संतु पर फायरिंग करने का आरोपी प्रमोद को गिरफ्तार करने की मांग की।

गोली लगने से घायल दिनेश उर्फ संतु के चाचा किरन ने बताया कि पुलिस अधिकारियों ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। प्रमोद की गिरफ्तारी को लेकर कई स्थानों पर छापामारी करने की बात कही है। उन्होंने ने बताया प्रमोद के रिश्तेदारों के घर पर भी छापे मारे गए हैं।

**आंख की रोशनी हुई खत्म**

**घायल** दिनेश उर्फ संतु के चाचा किरन ने बताया कि डॉक्टर ने बताया है कि जिस आंख के पास गोली लगकर गई थी। उस आंख की रोशनी खत्म हो गई है। अब दिनेश उर्फ संतु जीवन भर इस आंख से देख नहीं सकेगा।

ये था घटनाक्रम शुक्रवार को गांव दमदमा में एक तरफा प्रेम में पागल यहां के निवासी प्रमोद ने दिनेश उर्फ संतु को उसके ही घर के बाहर कट्टा से गोली मार दी थी। पुलिस ने घायल दिनेश उर्फ संतु के भाई की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया था।

# फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले दो शातिर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जब से बांग्लादेशियों और रोहिंग्या के खिलाफ जिला प्रशासन ने धरपकड़ शुरू की है तभी से फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले भी जिले में सक्रिय हो गए हैं। इसी कड़ी में टीला मोड़ पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से एक दर्जन से भी अधिक फर्जी आधार कार्ड और एक मोहर भी बरामद हुई है।

पुलिस का कहना है कि यह लोग विदेशी नागरिकों को पैसों के लालच में फर्जी दस्तावेजों से आधार कार्ड बनवाते हैं। पकड़े गए आरोपियों के नाम प्रमोद व रूपेश हैं । यह दोनों ही पंचशील कालोनी के निवासी हैं। पुलिस अधीक्षक नगर द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि जब से विदेशी नागरिकों के खिलाफ धरपकड़ शुरू हुई है तब से इस प्रकार के लोग सक्रिय हो गए हैं। खुफिया विभाग काफी समय से ऐसे शातिरों के खिलाफ अभियान चलाए हुए हैं। इसी कड़ी में दोनों को भी गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि दोनों से विस्तृत पूछताछ की जा रही है अब तक कितने लोगों को यह लोग फर्जी आधार कार्ड मुहैया करा चुके हैं।

# सोशल मीडिया पर गलत सूचना वायरल करने पर होगी सख्त कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

अब सोशल मीडिया पर गलत सूचना वायरल करने वाले लोगों की खैर नहीं होगी। सोशल मीडिया पर कुछ समय से गलत सूचना वायरल की जा रही है जिसको लेकर गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट हरकत में आ गया है। पुलिस अधिकारियों का आदेश है कि जो भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर गलत सूचना वायरल करेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस का व्हाट्सएप, फेसबुक और ट्विटर पर विशेष ध्यान है। सोशल मीडिया पर होने वाली एक्टिविटी पर पुलिस की नजर है। कुछ दिनों पहले ग्रेटर नोएडा के दादरी कोतवाली इलाके में एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला था। इस मामले में 3 लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके बाद आरोपी पक्ष की तरफ से ट्वीट करते हुए पुलिस पर हत्या का झूठा मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाया गया था। इतना ही नहीं आरोपी पक्ष ने यह भी लिख दिया था कि पुलिस महिला को थाने लेकर आई।

इस मामले में पुलिस ने जब शुरुआती जांच की तो पता चला कि पुलिस किसी भी महिला को थाने लेकर नहीं आई थी। इस मामले में आरोपी पक्ष द्वारा गलत सूचना सोशल मीडिया पर वायरल की जा रही थी। इस मामले में पुलिस का कहना है कि महिलाओं को थाने लाने की सूचना गलत है। भ्रामक खबर प्रसारित करने पर संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

# दनकौर में ईस्टर्न पेरीफेरल पर लूटा सीमेंट से भरा ट्रक

**नोएडा।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर राजस्थान से नोएडा के लिए चले सीमेंट से भरे ट्राले को बदमाशों ने लूट लिया। चालक को हाथ पैर पेड़ से बांधकर मेरठ के सरूरपुर क्षेत्र में फेंककर लुटेरे वारदात को अंजाम देकर आराम से फरार हो गए। इस मामले में मेरठ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

लाखों रुपए की सीमेंट लूट की वारदात को ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर शनिवार रात को अंजाम दिया गया था, लेकिन इस मामले का पता रविवार को उस वक्त चला जब लूट का शिकार ट्रक चालक ने मेरठ के सरूरपुर थाना जाकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक पुखराज गुर्जर निवासी गांव जैतपुरा, थाना भिनाय, जिला अजमेर राजस्थान से जेके सीमेंट से भरी ट्राला लेकर 30 जुलाई की शाम को राजस्थान के बिम्बाहेड़ा से नोएडा के लिए चला था। ट्रॉले में जेके सुपर कंपनी के 860 बैग सीमेंट के भरे हुए थे। ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर जब गाड़ी ग्रेटर नोएडा के दनकौर के पास पहुंची तो पहले से ही पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर उसकी गाड़ी के सामने 10 टायरा गाडी लगाकर बदमाशों ने उसे रोका और फिर चालक को बांधकर गाड़ी में डाल दिया। इसके बाद बदमाशों ने उसे दूसरी गाड़ी में डाल लिया। पीड़ित ने बताया कि दुहाई से एल्टन परिसर एक्सप्रेस से उतरने के बाद लगभग 2 घंटे गाड़ी चलने के बाद उसे पेड़ से बांधकर फरार हो गए।


**PUBLIC NOTICE**

General public is hereby informed that my client Mr. MOHAN S/o Sh. Puna Ram and his wife Smt. BAGRI DEVI W/o Sh. Mohan R/o T-614, Gali No. 21, Baljeet Nagar, New Delhi has debarred and disowned their son NIPUN KUMAR and his wife NISHA from their family and all moveable and immoveable properties, because of their irresponsible conduct and involvement in illegal activities. Now my above named clients and their family would have no concern with their above named son and his wife in any manner.

If any person deals with the said Nipun Kumar and Nisha in any way, he/she would do so at his own risk and My client Mr. Mohan and Smt. Bagdi Devi will not be responsible for any act or liabilty.

SHAILESH GUPTA, Advocate
4/30, West Patel Nagar, New Delhi-110008

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे मुवक्किल श्री ओमकार सिंह राणा पुत्र स्वः श्री खेमचंद निवासी E-6-A, 234 संगम विहार, नई दिल्ली ने अपने पुत्र सूरज प्रताप सिंह एवं उसकी पत्नी राखी @ अनुराधा को उनके दुर्व्यवहार व् गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व् अचल सम्पति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिए है इनके किसी कार्य व् व्यवहार के लिए मेरे मुवक्किल या उसके परिवारजन जिम्मेदार नहीं होंगे

Advocate कुलदीप ग्रेवाल
चेम्बर न: ५०५ लॉयरस ब्लॉक, साकेत कोर्ट,
फोन : 8447174888

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform to the general public that my clients Sh. Sukhbir Sharma S/o Sh. Balmukund Sharma and Smt. Mamta Sharma, R/o A-1/35, Gali No.-2, Prem Vihar, Shiv Vihar, Delhi-94 have Disowned and Disinherited their Son Govind Sharma @ Vinay and his wife Kajal Sharma from their all immovable and movable assets whatsoever/wherever situated and severed all their Connections with them and whoever dealing with them shall be doing so at their own risk & Consequences and my clients shall not be held responsible/liable for their acts and deeds.

Mohit Bansal & Associates (Advocates)
F-303, Karkardooma Court Complex,
Delhi-110032, Mb: 9999777147

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General public that Mrs. Balvinder Kaur (50% share), Mr. Prabhjeet Singh (25% share) & Mr. Gurdeep Singh (25% share) are the owners & in possession of Third floor, with roof rights on Eastern Side front Portion of Property No. S-2/46, Part of Plot No. B- 68, Khasra No. 6, Village Nangli Jalab, Old Mahavir Nagar, New Delhi " Said property". Further, Will dated 16.11.2005, Death Certificate of Mr. Jagjit Singh and SMC in favour of Mr. Prabhjeet Singh, Mr. Gurdeep Singh and Mrs. Balvinder Kaur in respect of the said property are lost. All persons are hereby informed that above mentioned owners intend to sell the said property to someone who wants to purchase the same by taking Home loan from our client i.e. **Jana Small Finance Bank Ltd.** by mortgaging the said property to our client, if anybody has any objection/s upon said property /its ownership & Title/ its Sale & Mortgage, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mohd. Helaluddin** S/o Mr. Mohd. Zahuruddin who had purchased the Residential House No. N-16, land area measuring 66 sq. yds.,out of Khasra No. 1624, 1560 & 1563 **Situated at Shalimar Housing Complex, Village Pasonda Pargana Loni, Tehsil & Dist. Ghaziabad, U.P. from Mrs. Kamla Sharma** W/o Mr. Bhaskar Sharma through Sale Deed as Document No. 3696, registered on 19.05.2015 with SR-III Ghaziabad and same to be financed by **Utkarsh Small Finance Bank Limited.** That, Original Sale Deed executed by **M/s Mahalakshmi Land and Finance Co. Pvt. Ltd. In favour of Mrs. Sharda Gupta** W/o Mr. Mahesh Chand Gupta in respect of House No. in type N-16, built Khasra No. 1624, 1560, 1563 has been lost/or not available. If any Person having any type of claim/right/ title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below within a week, about his objections, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

Lucem Legal LLP
Office No. G-03, at Ground Floor, on Plot No.61, Sector-2, Noida, UP-201301
Contact: 0120-4130438

**RAMPUR FERTILIZERS LTD.**
CIN: L15136UP1988PLC010084
Email id- info@rampurfert.com
Regd. Off.: Judges Bareilly Road, Rampur-244901 U.P.

**NOTICE OF BOARD MEETING**

In pursuance of Regulaltion 47 of SEBI (LODR) 2015, Notice is hereby given that the meeting of the Board of Directors will be held on Monday, the 9th Day of August 2021, at 4:00 P.M. at its H.O.: 319-A, Hemkunt Chambers, 89 Nehru Place, New Delhi - 110019, inter alia, to consider, approve and adopt Unaudited Financial Results for the quarter ended on 30th June, 2021 pursuant to Regulation 33 of (LODR) 2015. The said information is also available on the Company's website at www.rampurfert.com and the same has been also sent to CSE to upload on its website i.e. www.cse-india.com and MSE on its website i.e. www.msei.in.

Place: New Delhi
Date: 02.08.2021

By order of Board
Sd/-
Anshuman Khaitan
(Managing Director)

**AXIS BANK**

खुदरा आस्ति केन्द्र, दिल्ली : एसएमई सेंटर दिल्लली 1 तृतीय तल, रेड फोर्ट कैपिटल पार्श्वनाथ टावर, भाई वीर सिंह मार्ग, निकट गोल मार्किट, नई दिल्ली-110001, अन्य पता : ऐक्सिस बैंक लि., ऐक्सिस हाउस, टावर टी-2, द्वितीय तल, आई-14, सेक्टर-128, नोएडा एक्सप्रेवे, जेपी ग्रीन्स विशटाउन, नोएडा (उ.प्र.)-201301, कार्पोरेट कार्यालय : 'ऐक्सिस हाउस', ब्लॉक-बी, बॉम्बे डाइंग मिल्स कम्पाउंड, पांडुरंग बुधकर मार्ग, वर्ली मुंबई-400025, पंजीकृत कार्यालय : "त्रिशूल", तृतीय तल, समर्थेश्वर मंदिर के सामने, लॉ गार्डन, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-380006

**सरफासी ऐक्ट 2002 के तहत कब्जा सूचना**

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने, ऐक्सिस बैंक लि. के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना जारी की थी, जिसमें निम्नलिखित कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों)/गारंटर(रों)/बंधकदाता(ओं) से सूचना में वर्णित बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर/बंधकदाता उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, अतः एतद्द्वाराकर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) /बंधकदाता(ओं) तथा जन साधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।

कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों)/गारंटर(रों)/बंधकदाता(ओं) को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्ति के संबंध में कोई संव्यवहार नहीं करें तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार ऐक्सिस बैंक की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान करने के बाद ही किया जा सकता है। कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर/बंधकदाता का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम | सम्पत्ति का वर्णन | 1. मांग सूचना की तिथि 2. कब्जा की तिथि 3. मांग सूचना में राशि (रू.) |
|---|---|---|
| 1. मैसर्स गंगा जीन्स प्रा. लि., पंजीकृत कार्यालय : 10, आबादी महिला कालोनी गांधी नगर, साउथ चिराग इलाका शाहदरा, दिल्ली-110092, इसके निदेशकों के माध्यम से (कर्जदार) अन्य पता : मैसर्स गंगा जीन्स प्रा. लि. 6405, मुखर्जी गली, गांधी नगर, नई दिल्ली-110031 2. श्री नरेन्द्र बरमेचा पुत्र श्री हनुमान मल जैन निदेशक मैसर्स गंगा जीन्स प्रा. लि., 10, आबादी महिला कालोनी गांधी नगर, साउथ चिराग इलाका शाहदरा, दिल्ली-110092, (निदेशक/गारंटर) अन्य पता : श्री नरेन्द्र बरमेचा पुत्र श्री हनुमान मल जैन, निवासी डी-15, अशोक निकेतन, दिल्ली-110092 3. सुश्री संयमलता बरमेचा पत्नी श्री नरेन्द्र बरमेचा निदेशक मैसर्स गंगा जीन्स प्रा. लि., 10, आबादी महिला कालोनी गांधी नगर, साउथ चिराग इलाका शाहदरा, दिल्ली-110092, (निदेशक/गारंटर/बंधकदाता) अन्य पता : सुश्री संयमलता बरमेचा पत्नी श्री नरेन्द्र बरमेचा निवासी डी-15, अशोक निकेतन, दिल्ली-110092 4. श्री सिद्धार्थ बरमेचा पुत्र श्री नरेन्द्र बरमेचा निदेशक मैसर्स गंगा जीन्स प्रा. लि., 10, आबादी महिला कालोनी गांधी नगर, साउथ चिराग इलाका शाहदरा, दिल्ली-110092, (निदेशक/गारंटर) अन्य पता : श्री सिद्धार्थ बरमेचा पुत्र श्री नरेन्द्र बरमेचा निवासी डी-15, अशोक निकेतन, दिल्ली-110092 5. श्री हनुमान मल जैन पुत्र श्री नरेन्द्र बरमेचा 10, आबादी महिला कालोनी गांधी नगर, साउथ चिराग इलाका शाहदरा, दिल्ली-110092, (गारंटर/बंधकदाता) अन्य पता : श्री हनुमान मल जैन पुत्र श्री नरेन्द्र बरमेचा निवासी 142, पुष्पांजलि, विकास मार्ग, दिल्ली-110092 | 1. श्री हनुमान मल जैन पुत्र स्व. श्री सोहन लाल जैन तथा श्रीमती संयमलता बरमेचा पत्नी श्री नरेन्द्र बरमेचा के नाम महिला कालोनी गांधी नगर, इलाका शाहदरा, दिल्ली-110095 में स्थित निर्मित फ्रीहोल्ड आवासीय सह व्यावसायिक सम्पत्ति, मिश्र उपयोग के साथ, नंबर 10, सभी छत/टेरेस अधिकार के साथ, क्षेत्रफल परिमाप 222.23 वर्ग गज अर्थात 185.87 वर्ग मीटर पर निर्मित, का साम्यिक बंधक। पूरब : सम्पत्ति सं. 12 पश्चिम : सम्पत्ति सं. 08 उत्तर : रोड दक्षिण : सम्पत्ति सं. 09 | 1. 20-जुलाई-2020 2. 30-जुलाई-2021 3. रू. 5,22,44,619.68/- (रूपए पांच करोड़ बाईस लाख चौवालीस हजार छह सौ उन्नीस तथा पैसे अड़सठ मात्र) |

एतद्द्वारा उपरि-वर्णित कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों)/गारंटर(रों)/बंधकदाता(ओं) को राशि का भुगतान 30 दिन के भीतर करने की सूचना दी जाती है, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने पर, बंधक सम्पत्ति की बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार की जाएगी।

तिथि : 03-08-2021
स्थान : दिल्ली

हस्ता/-,
प्राधिकृत अधिकारी,
ऐक्सिस बैंक लिमिटेड

**प्रीमियम मर्चेण्ट्स लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : ओमैक्स स्क्वायर, प्लॉट नंबर 14, 5वां तल, जासोला डिस्ट्रिक्ट सेन्टर, जासोला, नई दिल्ली-110025
सीआईएन : एल51909डीएल1985पीएलसी021077, फोन : +91 11 61119658
ई-मेल आईडी : premiummerchants123@gmail.com, वेबसाइट : www.pmltd.in

**सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक सं. 03/2021-22 दिनांक 12 अगस्त, 2021 (बृहस्पतिवार) को अप. 03.30 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय ओमैक्स स्क्वायर, प्लॉट नंबर 14, 5वां तल, जासोला डिस्ट्रिक्ट सेन्टर, जासोला, नई दिल्ली-110025 में निम्नलिखित मदों पर विचार हेतु आयोजित की जाएगी :

i. सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के निबन्धनों में 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम अभिलेखबद्ध करना।
ii. 31-03-2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु निदेशक की रिपोर्ट पर कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट सहित विचार और अनुमोदित करना।
iii. कम्पनी की अगली वार्षिक सामान्य बैठक की तिथि नियत करना।
iv. रेकार्ड के प्रयोजन हेतु सदस्यों का रजिस्टर बंद रखने की अवधि पर विचार और निर्णय करना।
v. नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्लेटफार्म की सेवाएं प्राप्त करना।
vi. आगामी वार्षिक सामान्य बैठक में ई-वोटिंग के प्रयोजन हेतु संवीक्षक की नियुक्ति पर विचार करना।
vii. आगामी वार्षिक सामान्य बैठक के आयोजन की सूचना का प्रारूप प्रस्तुत एवं अनुमोदित करना।
viii. सभाध्यक्ष की अनुमति से किसी अन्य विषय पर विचार करना।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते प्रीमियम मर्चेण्ट्स लिमिटेड
हस्ता./-
(बलबीर सिंह)
निदेशक
डीआईएन : 00027438

दिनांकित : 02-08-2021
स्थान : नई दिल्ली

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड,**
**लोक निर्माण विभाग, हल्द्वानी (नैनीताल)**
(Phone/Fax) : 05946-223352 E-mail- ee_ndhal@rediffmail.com

पत्रांक : 2195/2 ए0सी0
दिनांक : 02/08/2021

**निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, हल्द्वानी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 11.08.2021 को आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 04.08.2021 से दिनांक 10.08.2021 तक किसी भी कार्यदिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 11.08.2021 अपरान्ह 03.00 बजे तक निम्नांकित कार्यालयों में निविदा बॉक्स में डाले जा सकते है। निविदा के साथ वाँछित धरोहर राशि एन०एस०सी०, डाकघर बचत बैंक पास बुक अथवा भारत में किसी अनुसूचित बैंक की जमा रसीद के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, हल्द्वानी के पदनाम से बन्धक हो, लगाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र के साथ रु० 100/- के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर रु० 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर वैधता की शर्त के साथ ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य है।

1-कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, द्वितीय वृत्त, लो0नि0वि0, नैनीताल 2-कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, हल्द्वानी। 3-कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, रामनगर 4-कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, रूद्रपुर।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (₹) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने हेतु समय | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी (मार्ग कार्य हेतु) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र कालाढूँगी हिम्मतपुर-बैजनाथ गुसाईपुर, हल्दूपोखरा नायक, हल्दूपोखरा दरम्वाल, चांदनी चौक भगीरथ एवं मानपुर पश्चिम के आन्तरिक मार्गों का पी0सी0 द्वारा नवनिर्माण कार्य। (अवशेष कार्य) | 35800.00 | 1500.00 + GST | 120 दिन | 04 माह | डी एवं उच्चतर |
| 2 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र लालकुऑ के बिन्दुखत्ता इन्द्रानगर-द्वितीय में दानू स्कूल से पूरब की ओर देवनाथ के घर तक मार्ग का पुनःनिर्माण एवं सुधारीकरण का कार्य। (अवशेष कार्य) | 12500.00 | 1000.00 + GST | 120 दिन | 04 माह | डी एवं उच्चतर |
| 3 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र, लालकुआं के अन्तर्गत उत्तराखण्ड स्टोन क्रेशर से गांव के अन्दर गौजाजाली दक्षिण तक पी0सी0 द्वारा मार्ग का पुनःनिर्माण कार्य। (अवशेष कार्य) | 17900.00 | 1000.00 + GST | 120 दिन | 04 माह | डी एवं उच्चतर |
| 4 | जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र कालाढूंगी में शिवविहार सैक्टर-2 मार्ग में नाली एवं पुनः निर्माण का कार्य। | 36700.00 | 1500.00 + GST | 120 दिन | 04 माह | डी एवं उच्चतर |
| 5 | रोड कटिंग के अन्तर्गत आर0के0 टैन्ट हाउस रोड के हरि कृष्णा विहार फेज-1 में पी0सी0 द्वारा सतह सुधारीकरण का कार्य। | 10900.00 | 1000.00 + GST | 120 दिन | 04 माह | डी एवं उच्चतर |


निविदा दिनांक 12.08.2021 को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, हल्द्वानी के कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेंगी।

# वैक्सीन के लिए शहर ही नहीं दिल्ली और यूपी से भी आ रहे लोग

## बीके अस्पताल में कोरोना जांच और वैक्सीन के लिए लगी लम्बी लाइनें

## 1500 से अधिक लोगों की लम्बी लाइनें बनी आकर्षण का केन्द

कविता। फरीदाबाद




**शहर** के केंद्रों में दिल्ली और यूपी के निवासी भी वैक्सीन लगवाने को पहुंच रहे है। इसका खुलासा सोमवार को शहर के बीके सिविल अस्पताल में हुआ। जहां हरियाणा के अलावा अन्य दिल्ली समेत अन्य राज्यों से भी लोग वैक्सीन लगवाने को पहुंचे। जिससे यहां सैकड़ों लोगों की भीड़ रोज लग रही है।

सभी सरकारी डिस्पेंसरियों में वैक्सीन लगने के बावजूद बीके सिविल अस्पताल में वैक्सीन के लिए लम्बी लाइनें लग रही हैं। पूछताछ करने पर सामने आया कि यहां फरीदाबाद के अलावा दिल्ली और यूपी के लोग आए हैं। पूरे जिले में 3930 लोगों ने कोरोना की जांच करवाई। जिसमें बीके अस्पताल में वैक्सीन लगवाने के लिए 1500 लोगों की गई।

### लगी लम्बी लाइन

**बीके** सिविल अस्पताल में वैक्सीन से पहले कोरोना जांच करवाना अनिवार्य है। जिससे यहां कोरोना जांच प्रयोगशाला में सोमवार को सुबह से ही लम्बी लाइन लग गई। यहां करीब 1500 से अधिक लोग लाइनों में लगे थे। 300 लोग सुबह साढ़े 10 बजे तक जांच करवा चुके थे।

### हो गया हंगामा

**बीके** अस्पताल में सैकेंड डोज के लिए अलग व्यवस्था की गई है, लेकिन यहां वैक्सीन को भीड़ नहीं थी। वहां पहुंच रहे लोगों को वैक्सीन की डोज से पहले कोरोना जांच के लिए कहा, लेकिन कुछ लोग यह सुनकर भड़क गए। क्योंकि जांच केन्द्र के बाहर लम्बी लाइन लगी थी।

वहीं कुछ लोगों ने इस बात को लेकर कर्मचारियों से झगड़ना शुरू कर दिया, कि डोज लगवाने के लिए सरकार ने कोरोना जांच करवाने के किसी तरह के कोई निर्देश नहीं जारी किए हैं। यदि ऐसा है, तो वह वैक्सीन से पहले जांच के आदेश दिखाए। इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों को की गई। जिस पर चिकित्सक और पुलिस कर्मी ने आकर लोगों को समझाया। तब जाकर लोग शांत हुए।

### वैक्सीन को बाहर से लोग

**एक** दिन पहले ही कोरोना जांच करवा चुके लोग सुबह ही वैक्सीनेशन सेंटर की लाइन में लग गए। केंद्र पर सुबह 11 बजे तक करीब 300 लोगों को वैक्सीन की प्रथम डोज लगी। लाइनों में खड़े लोगों ने बताया कि इनमें कुछ दिल्ली और यूपी से यहां पर वैक्सीन लगवाने के सीधा आए हैं।

# किसानों की आय को दोगुना करने के लिए प्रयास कर रही सरकार: शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**हरियाणा** के पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो रामविलास शर्मा फरीदाबाद और पलवल के निजी कार्यक्रम में शामिल होने बाद फरीदाबाद के मिलन वाटिका पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार किसानों की आय को दोगुना करने के लिए बेहतर प्रयास कर रही है। आज दक्षिणी हरियाणा में बाजारे की पैदावार बढ़ी है।

सरकार में किसानों को बाजारे की खेती के लिए बढ़ावा दिया है। हरियाणा में बाजरे की एमएसपी 2250 प्रति किवंटल रुपए तय किये गए हैं। जबकि कांग्रेस शासन वाले पड़ोसी राज्य में बाजरे का रेट काफी कम है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में नारनोल महेंद्रगढ़ से चंडीगड़ जाने के लिए हाइवे नंबर 152 डी बनाकर दक्षिणी हरियाणा के लिए बहुत बड़ी सौगात दी है। पूर्व मंत्री रामविलास शर्मा ने कहा पिछली मनोहर सरकार में माधोगढ़ का किला ओर झील बनाकर लोगो को हरियाणा में एक नया पर्यटन स्थल दिया था । आज माधोगढ़ किले को देखने हर रोज 400 से 500 टूरिस्ट आते है। यही नही जिन गांवों में जल स्तर नीचे है उनमें संचयन के लिये कार्य किया गया है। इस मौके पर उन्होंने बल्लबगढ़ में हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा के नेतृत्व में निकाली गई और भिवानी में कृषि मंत्री जेपी दलाल की अगुवाई में निकाली गई तिरंगा यात्रा को भी जोरदार बताया।

इस मौके पर उन्होंने बीजेपी कार्यकर्ताओं से की मुलाकात करते हुए बीजेपी की रीति ओर नीति के बारे में बताते हुए मूलमंत्र दिए। उन्होंने कहा कि आगामी 9 अगस्त को महेंद्रगढ़ में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा जिसमे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा पूरे प्रदेश भर में यह तिरंगा यात्रा शहीदों के सम्मान में निकाली जा रही है यही नहीं हरियाणा में आज मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में चहुमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। इसके अलावा पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामविलास शर्मा भाजपा नेता राजकुमार बोहरा के पिताश्री के निधन पर शोक प्रकट करने उनके एनआईटी स्थित घर पहुँचे, उन्होंने शोकाकुल परिवार को सात्वना दी। इस मौके पर परिवहन मंत्री के बड़े भाई टिपरचंद शर्मा, बृजलाल शर्मा, पारस जैन, ताराचंद शर्मा, मुजेसर मंडल के अध्यक्ष अनुराग गर्ग, दिपांसु अरोड़ा, कार्तिक वशिष्ठ, ज्ञानेन्द्र भारद्वाज, योगेश शर्मा, भगवान दास गोयल, करमचंद शर्मा, राकेश शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कोरोना: एक पॉजिटिव आंकड़ा पहुंचा 99775



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में सोमवार को कोरोना का एक मामला सामने आया हैं। जबकि दो लोगों ने कोरोना को मात दी है। वे स्वास्थ्य होकर अपने घरों में चले गए हैं। वहीं सोमवार को जिला में रिकवरी रेट भी 99.27 प्रतिशत पर पहुंच गया है। जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार जिले में अब तक 926172 लोगों को अब तक सर्वेलांस पर रखा गया है। जिन्होंने 28 दिनों का सर्वेलांस पूरा कर लिया है उनकी संख्या 926081 हो गई है। जिसमें फिलहाल एक्टिव केसों की संख्या 13 है। जिसमें 7 पॉजिटिव केसों को विभिन्न अस्पतालों में दाखिल किया गया है। वहीं होम आईसोलेशन पर जिले में छह लोगों को रखा गया है। जिले में पिछले 24 घंटे में 3930 लोगों के टेस्ट किए गए।

### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | : 1009857 |
| अब तक पॉजिटिव | : 99775 |
| अब तक नेगेटिव | : 908833 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 1249 |
| आक्सीजन पर है | : 05 |
| वैंटीलेटर पर है | : 01 |
| अब तक मौत | : 716 |
| अब तक ठीक | : 99046 |

# निराश्रित बच्चों को मिलेगी आर्थिक सहायता : उपायुक्त

## माता-पिता खो चुके बच्चों की मददगार बन रही है सरकार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उपायुक्त** यशपाल ने बताया कि कोरोना महामारी में अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों की मददगार हरियाणा सरकार बन रही है। कोरोना संक्रमण के दौरान बेसहारा हुए बच्चों के जीवन यापन व अन्य जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत आर्थिक सहयोग दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

उपायुक्त यशपाल ने कहा कि जनहित में सरकार का यह निर्णय निश्चित तौर पर उल्लेखनीय कदम है। उन्होंने बताया कि कोविड -19 के दौरान बेसहारा व अनाथ हुए बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत हर महीने 2500 रुपए नगद आर्थिक सहायता के तौर पर दिए जाएंगे तथा बच्चे को संभालने वाले परिवार को 12 हजार रुपए की वार्षिक राशि आर्थिक सहायता के तौर पर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यह सहायता बच्चों के 18 वर्ष (वयस्क) होने तक ही दी जाएगी। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत यह प्रक्रिया पूरा करने के लिए www.wedhry.gov.in¥Íßæ www.cdhry.gov.in पर भी आवेदन कर सकते हैं। जिन बच्चों के माता पिता की कोविड-19 के संक्रमण से मृत्यु हो गई है उनकी कागजी कार्रवाई यथाशीघ्र पूरी करना सुनिश्चित करें।

महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी अनिता शर्मा ने कहा कि योजना के प्रचार-प्रसार के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है ताकि जरूरतमंदों को इस योजना का लाभ प्रभावी रूप से दिया जा सके। उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान पीड़ित बच्चों व उनके परिजनों से अपील करते हुए कहा कि वे जल्द से जल्द बच्चों के माता-पिता का ब्योरा महिला एवं बाल विकास अधिकारी अथवा जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय में जमा करवाएं।

# दबंगों ने परिवार से मारपीट कर दुकान का सामान जलाया

## पीड़ित परिवार ने आप नेता संतोष यादव के नेतृत्व में पुलिस आयुक्त से मुलाकात की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**मारपीट** करने, जान से मारने की धमकी देने तथा दुकान में आग लगाकर जलाने के आरोपियों पर पुलिस ने कार्रवाई करने की बजाय पीड़ित पक्ष पर मुकदमा दर्ज कर उनसे गिरफ्तार कर लिया। जबकि आरोपी पक्ष के लोगों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई न होने से खफा पीड़ित पक्ष के लोगों ने आम आदमी पार्टी के एनआईटी अध्यक्ष संतोष यादव के साथ पुलिस आयुक्त ओपी सिंह से मुलाकात कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई।

यादव ने पुलिस आयुक्त को बताया कि हिना पत्नी राहुल उर्फ निपुन का बसेलवा कॉलोनी ओल्ड फरीदाबाद में मकान है तथा हिना व उसके पति ने जरनल स्टोर व आरओ पानी बेचने की दुकान खोली हुई है। हिना ने पुलिस आयुक्त को बताया कि उनके पड़ौसी ने मकान बनाने के लिए दीवार तोड़ी थी। 22 जून को दुकान में देवर नितिन सो रहा था। इसी बीच डूडल उर्फ ओमप्रकाश, तरूण, तरुण का भाई अरुण, कालू, हिमान्शु, मयंक व तरुण के साले राहुल व पीयूष व अन्य 20-25 अन्य साथियों ने दुकान के दरवाजे को तोड़ने की कोशिश की व नितिन पर लाठी, डण्डों, सरियों से हमला कर उसे घायल कर दिया। जब मेरे ससुर व पति दुकान पर पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया और थाना ओल्ड फरीदाबाद पुलिस में शिकायत भी दी। हिना ने बताया कि जब उनके परिवार सदस्य अस्पताल में थे, पीछे से आरोपियों ने सारा सामान लूटा लिया और दुकान को आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने उल्टा मेरे पति को विगत दो जुलाई को गिरफ्तार कर लिया। दुकान में आग लगाने की शिकायत हिना ने 6 जुलाई को पुलिस आयुक्त और आठ जुलाई को थाना ओल्ड़ फरीदाबाद पुलिस में शिकायत की। लेकिन अभी तक हमारा मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। समाजसेवी जगदीश ने कहा कि हम दलित समाज से है। ओल्ड फरीदाबाद पुलिस गरीबों व दलितों की सुनवाई करने की बजाय दबंगों का साथ दे रही है।

# विचार गोष्ठी का किया आयोजन

**फरीदाबाद।** सेक्टर-28 स्थित सेंट्रल ऑफ एक्सीलेंस में जल शक्ति अभियान पर आज एक विचार गोष्ठी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य जल संसाधनों के बेहतर प्रयोग से संबंधित जानकारी को विद्यार्थियों के साथ साझा करना था। वक्ताओं के द्वारा कार्यक्रम के दौरान जल शक्ति अभियान के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस अवसर पर एक दौड़ का आयोजन किया गया। एक मानव श्रृंखला के द्वारा जल शक्ति के संदेश को प्रसारित और प्रचारित किया गया। विद्यार्थियों ने इस दौरान एक शपथ भी ली कि वे सभी जल संसाधनों का भविष्य में बेहतर प्रयोग करेंगे तथा समाज में इस महत्वपूर्ण संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र की सभी अकादमिक और तकनीकी टीम के सदस्यों ने बेहतर सामंजस्य का प्रदर्शन किया और यह तय किया गया कि और भविष्य में जल संसाधनों के प्रति जागरुकता से सम्बन्धित आयोजन जारी रहेंगे।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**केंद्रीय** राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने रविवार को ग्रीन फील्ड कॉलोनी महात्मा गांधी मार्ग, गेट नंबर 5 की सड़क के आरएमसी निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। सड़क का निर्माण भागीदारी स्कीम के लिए तहत किया जा रहा है। कृष्णपाल गुर्जर ने ग्रीन फील्ड कॉलोनी का विकास करने के लिए डेढ़ करोड़ रुपये देने की घोषणा की। मौके पर स्थानीय पार्षद हेमा बैंसला के पिता एवं पूर्व पार्षद कैलाश बैंसला व अर्बन इम्प्रूवमेंट कंपनी के चेयरमैन प्रोफेसर भारत भूषण मुख्य रुप से मौजूद रहे।

कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि इस सड़क का निर्माण लगभग 65 लाख रुपये की लगात से किया जा रहा है। इसके निर्माण का 70 प्रतिशत पैसा अर्बन इम्प्रूवमेंट कंपनी, 20 प्रतिशत स्थानीय बिल्डर असोसिएशन व 10 प्रतिशत पैसा कैलाश बैंसला द्वारा अपने निजी कोष से दिया जा रहा है। प्राइवेट कॉलोनी तथा कोर्ट में मामला होने के कारण ग्रीन फील्ड कॉलोनी में सरकार की तरफ से विकास कार्य नहीं कराए जा सकते हैं। ऐसे में यहां के निवासी, पार्षद तथा मिलकर आपसी सहयोग से यहां पर विकास कार्यों को पूरा करने के प्रयासों में लगे रहते हैं। अभी तक कैलाश बैसला लगभग 100 रोड्स समेन्टेड बनाने के लिए एक करोड़ से भी ज्यादा फंड अपनी पर्सनल पॉकेट से दे चुके हैं। जहां तक इस क्षेत्र में बिजली, पानी व अंडरपास से संबंधित समस्या है, उसका समाधान हम प्रदेश व केंद्र सरकार की तरफ से कराएंगे। मौके पर कैलाश बैंसला ने केंद्रीय राज्यमंत्री के सामने एनएचपीसी की तरफ से आने वाली सड़क को दुरस्त कराने व एनएचपीसी अंडरपास में जल भराव की समस्या का समाधान कराने की मांग की।

कंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि उनकी बात एनएचपीसी कंपनी से चल रही है और कंपनी द्वारा ही इस रोड को नेशनल हाइवे से लेकर सूरजकुंड रोड तक बेहतर बनाने का काम कराया जाएगा। अंडरपास की समस्या का भी पूरा समाधान होगा। यहां पर संपवैल बनाए जांएगे, जिससे पानी की निकासी की व्यवस्था हो सके। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार क्षेत्र के विकास को लेकर गंभीर है। इसलिए फरीदाबाद में एफएमडीए का गठन किया है।

# रास्ता भटके बच्चे को पुलिस ने पहुंचाया घर

**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी सेक्टर-19 की पुलिस टीम रात्रि गस्त के दौरान 12 वर्षीय एक लड़का लावारिस अवस्था में घूमते हुए दिखा। बच्चा नाम, पता और फोन नंबर बताने में असमर्थ था। घटना के बारे में चौकी प्रभारी को सूचना दी। जिस पर तुरन्त कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम गठित कर लडके को परिजनो का पते पर सौंपने का सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस चौकी सेक्टर-19 पुलिस टीम जो रात्रि के दौरान बडखल फ्लाईओवर के पास एक किशोर बच्चा लावारिस हालत में घूमते हुए मिला। पुलिस को देखकर वह डर गया। पुलिस टीम को उस पर शक होने पर पूछताछ की तो मालूम हुआ कि वह अपने घर से निकल आया है। उसको अपने घर का नहीं पता है। जो अभी अपने गांव राजस्थान के भरतपुर जिले से अपने माता-पिता के साथ यहां आया हैं। पुलिस टीम ने कोई सूचना ना मिलने पर बच्चे को उसके बताये हुए पते पर ले जाकर देखा कि बड़खल कालोनी में लडके को उसके माता-पिता ढूंढ रहे थे। अपने लड़के को देख काफी खुश हुए।

# शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है तिरंगा यात्रा : शर्मा



## शहीदों का सम्मान करना हमारा नैतिक फर्ज

**फरीदाबाद।** शहीदों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकालकर उन देशभक्त शहीदों को याद किया जाएगा। जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

शहीदों का सम्मान ही उनकी सच्ची श्रृद्धांजलि है। भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने शहीद सम्मान तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं से विस्तार से चर्चा की। बैठक में विधायक नरेन्द्र गुप्ता, राजेश नागर, ज़िला महामंत्री मूलचंद मित्तल व आरएन सिंह और वरिष्ठ भाजपा नेता वजीर सिंह डागर मुख्य तौर पर उपस्थित रहे।

जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि आजादी का पावन पर्व शहीदों के सम्मान में मनाया जाता है। भाजपा जिला फरीदाबाद द्वारा राष्ट्रीय पर्व के उपलक्ष्य पर सैकड़ों देश भक्त लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भारत माता के जयकारों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। भाजपा कार्यकर्ता हर विधानसभा में देशभक्ति की भावनाएं जन-जन में पैदा करके देश भक्ति के गीत गाते हुए तिरंगा यात्रा निकालेंगे। शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करके और उनको नमन करके तिरंगा यात्रा शुरुआत की जाएगी और राष्ट्रगान के साथ यात्रा सम्पन्न की जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

## राजपूत समाज ने उपायुक्त और पुलिस आयुक्त को सौपा ज्ञापन



**फरीदाबाद।** गुज्जर समाज के कुछ लोगों द्वारा क्षत्रिय सम्राट मिहिर भोज प्रतिहार और राजा अनंगपाल तोमर के गुज्जर सम्राट के रूप में प्रस्तावित मूर्ति स्थापना के विरोध में राजपूत समाज के सैकड़ों लोगों ने जिला उपायुक्त और पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौपा। पिछले कई दिनों से फरीदाबाद के ग्राम अनंगपुर में आठ अगस्त को गुज्जर समाज के कुछ लोगों द्वारा क्षत्रिय सम्राट मिहिर भोज प्रतिहार और राजा अनंगपाल तोमर की मूर्ति स्थापना के चल रहे समाचार के बाद देश भर में राजपूत समाज में रोष और भारी विरोध है। इसी बारे में समस्त क्षत्रिय संगठनों ने महाराणा प्रताप भवन सेक्टर 8 में आयोजित एक पंचायत में मूर्ति स्थापना को लेकर आगामी रणनीति बनाई थी। जिसके चलते आप सभी राजपूत संगठनों, वकीलों और समाज के लोगों ने जिला उपायुक्त व पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौपा और मांग की गई कि इस मूर्ति स्थापना को अविलंब रोका जाए। दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई की जाए। इस संबंध में ऐतिहासिक दस्तावेज और राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की सर्वेक्षण रिपोर्ट की प्रतियां सौंपी गईं। ज्ञापन देने गए प्रतिनिधि मंडल राजेश रावत, बीरेन्द्र गौड, जेपी भाटी, भूपेश रावत, मुकेश भाटी, कमल सिंह तंवर, संजीव चौहान, अनिल गौड़, प्रमोद तोमर, उमेश भाटी, अजय राठौर, राजकुमार गौड़, प्रदीप परमार, बौबी रावत, वंदना सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## जिले में लगवाया 13226 लोगों ने टीका



**फरीदाबाद।** जिले में 13226 लोगों ने सोमवार को टीका लगवाया। जिसमें निजी टीकाकरण केन्द्रों पर 1576 लोगों ने वैक्सीन लगवाई। जिसमें फ्रंट लाइन वर्करों में 42 और 36 हेल्थ केयर वर्करो ने कोरोना से बचाव की वैक्सीन लगवाई। वहीं 18 प्लस आयुवर्ग में 8773 लोगों ने वैक्सीन लगवाई। वहीं 45 प्लस आयुवर्ग में 4375 लोगों ने कोरोना से बचाव की वैक्सीन लगवाई। वहीं जिले में मंगलवार को 50 सरकारी केन्द्रों पर कोरोना से बचाव की वैक्सीन लगेगी। इसके अलावा 12 निजी केन्द्रों पर टीकाकरण किया जाएगा।

## घरों से पानी की मोटर चोरी करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह ने शहर में हो रहे अपराधों का संज्ञान लेते हुए चोरी, छीना झपटी, जुआ, एवं सट्टाखाई करने वाले आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजने के लिए व अपराधों को काबू करने के सभी क्राइम ब्रांचों को आदेश दिए गये। जिसपर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 पुलिस टीम ने आरोपी आशीष को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस पूछताछ मे आरोपी की पहचान आशीष निवासी न्यू बसेल्वा कालोनी ओल्ड फरीदाबाद के रुप में हुई है। गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर अपराध शाखा पुलिस टीम ने आरोपी को ओल्ड फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह गलत संगत के कारण नशे का आदी हो गया है। पुलिस के रिकोर्ड से पता चला की आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में दिनांक 29 जुलाई को तथा थाना ओल्ड में 30 जुलाई को चोरी की घटनाओं का मुकदमा दर्ज है। आरोपी से पानी की 2 मोटर बरामद की गई है। आरोपी को पेश न्यायालय कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## शिविर में 375 लोगों ने नेत्र जांच और 100 ने लगवाई वैक्सीन



**फरीदाबाद।** नव प्रयास सेवा संगठन द्वारा तारा नेत्र संस्थान के सहयोग से विश्वास कान्वेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल डबुआ कालोनी में तीसरा नेत्र जांच एवं कोविड-19 वैक्सीनेशन कैम्प आयोजन किया गया। कैम्प का शुभारंभ प्रदीप गुप्ता व ज्योति गुप्ता, भाजपा नंगला के अध्यक्ष कविन्द्र फागना, शिक्षाविद् अमित जैन ने रिबन काटकर किया। नव प्रयास सेवा संगठन के अध्यक्ष सुनील यादव व उनकी टीम के सदस्यों ने आए हुए सभी अतिथियों का फूल-माला पहनाकर व बुके तथा स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। संगठन के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि इस शिविर में 375 लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। जिसमें से 200 लोगों को निशुल्क चश्में व 175 लोगों को दवाईयां वितरित की गई। साथ ही 32 लोगों का चयन मोतियाबिंद आपरेशन के लिए किया गया। वहीं कोविड-19 वैक्सीनेशन कैम्प में 100 लोगों ने वैक्सीन लगवाई। समाजसेवी संजीव कुशवाहा, आम आदमी पार्टी के एनआईटी अध्यक्ष संतोष यादव, जेडीयू के राष्ट्रीय युवा सचिव सचिन तंवर, समाजसेवी भोपाल खटाना, नवीन, मनीष शर्मा तथा संगठन के महेश सैनी, राजेश सिंह, अशोक पौद्दार, दीपक नेगी, दिनेश राघव, नीरज नरुला, रवि चौहान आदि विशेष रूप से मौजूद थे।

## देश के शहीदों के सम्मान में 15 अगस्त को लगेगा रक्तदान शिविर

**फरीदाबाद।** देश की आजादी में शहीद हुए महान क्रांतिकारियों के सम्मान में मानव सेवा समिति, पंजाब अग्रवाल समाज व भारत विकास परिषद संस्कार शाखा के संयुक्त तत्वाधान में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को एक रक्तदान शिविर का आयोजन डीएलएफ सेक्टर 10 स्थित राजस्थान भवन में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा जिसमें रक्तदान करने वाले सभी रक्त दाताओं को स्मृति चिन्ह, सम्मान प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर इन तीनों संस्थाओं के उन रक्त दाताओं को रक्त वीर रत्न सम्मान देकर अलंकृत किया जाएगा जिन्होंने 10 से ज्यादा बार रक्तदान करके जरूरतमंदों की सेवा की है।

## सोहनपाल छोकर बने भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री

**फरीदाबाद।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पृथला विधानसभा क्षेत्र से पार्टी की टिकट चुनाव लड़े सोहनपाल सिंह छोकर को भाजपा हरियाणा किसान मोर्चा का प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। इस नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका गुलदस्ता देकर स्वागत किया व क्षेत्र वासियों में लड्डू वितरित किए। अपनी नियुक्ति पर सोहनपाल सिंह छोकर ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष सुखविंदर सिंह व केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर समेत पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है। छोकर ने पार्टी नेताओं को विश्वास दिलाया कि उन्हें जो अहम दायित्व सौंपा गया है उसे वे पूर्ण निष्ठा से निभाते हुए पार्टी को उच्च शिखर पर पहुंचाने के लिए जी जान से मेहनत करेंगे। नव नियुक्त महामंत्री ने किसानों को पार्टी में जोड़ने तथा सरकार द्वारा किसान हित में चलाई जा रही योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के लिए तन-मन से प्रयत्नशील रहेंगे।

## नई शुरुआत
### इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा

**शिक्षा** के क्षेत्र में एक नया परिवर्तन लोगों के दिमाग में कुछ चिन्तायें पैदा कर रहा है। नीति आयोग ने आल इंडिया कौंसिल फार टेक्निकल एजुकेशन-एआईसीटीई के इस प्रस्ताव का समर्थन किया है कि राष्ट्रीय इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में अब इंटरमीडिएट में भौतिकी व गणित के विषय अनिवार्य होने की आवश्यकता नहीं होगी। छात्रों को प्लस टू परीक्षा में शामिल गणित, भौतिकी व रसायन समेत 14 विषयों में से किसी तीन में पास होने की जरूरत होगी। इसके पीछे तर्क यह दिया जा रहा है कि उद्योग तथा छात्रों का एक हिस्सा कृषि, बायोटेक्नोलोजी, एलेक्ट्रानिक्स या आईटी इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में तकनीकी कार्यक्रमों में भाग लेना चाहता है जो भौतिकी या गणित पर निर्भर नहीं हैं। एआईसीटीई का विचार विश्वविद्यालयों, आईआईटी, एनआईटी या आईआईएसईआर के बजाय संबंधित तकनीकी कालेजों पर लागू होगा। इस कदम से लोग आश्चर्यचकित हैं। कुछ लोगों का मानना है कि इससे छात्रों के एक हिस्से को लाभ होगा, पर इससे देश में तकनीकी शिक्षा के प्रति दृष्टिकोण में अस्थिरता पैदा होगी क्योंकि बिना गणित व भौतिकी के इंजीनियरिंग की कल्पना नहीं हो सकती है। कुछ लोग याद करते हैं कि प्राचीन भारत में शून्य, त्रिकोणमिति तथा कैल्कुलस के कुछ आयामों की खोज हुई थी और क्या इस विरासत को खारिज कर दिया जाएगा। आलोचकों का मानना है कि यह कदम देश में इंजीनियरिंग कालेजों को बचाए रखने के लिए जरूरी है। हर साल सैकड़ों निजी इंजीनियरिंग व अन्य तकनीकी कालेज बंद हो रहे हैं क्योंकि उनकी सीटें ही नहीं भर पा रही हैं।

छात्र उन कालेजों में प्रवेश नहीं लेते हैं जहां शिक्षा के न्यूनतम मानकों



का पालन नहीं होता है, ढांचे का रखरखाव नहीं होता है तथा स्नातकों को नौकरियां नहीं मिलती हैं। छात्रों में महत्वाकांक्षायें बढ़ रही हैं और वे राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत इंजीनियरिंग कालेजों में प्रवेश लेते हैं या नए विविधितापूर्ण तकनीकी क्षेत्रों में जाते हैं। आलोचकों को लगता है कि एआईसीटीई का प्रस्ताव इन कालेजों में नई जान डाल सकता है, हालांकि यह सवाल अपनी जगह है कि शिक्षा की गुणवत्ता का क्या होगा। सुपर विषय कहे जाने वाले गणित व भौतिकी की प्रासांगिकता पर यह बहस जारी रहेगी। दुनिया तेजी से बदल रही है और तकनीक भी उसके साथ गतिशील है। खासकर शुरुआती वर्षों में शिक्षा का केन्द्र सैद्धान्तिक के साथ व्यावहारिक भी होना चाहिए। तकनीकी शिक्षा कार्यक्रमों में विविधता आ रही है तथा इसमें वाइन टेस्टर, साइबरसुरक्षा विशेषज्ञ, प्रसंस्कृत खाद्य विशेषज्ञ, साइट रिलायबेलेटी इंजीनियर व विकास प्रबंधन जैसे क्षेत्र शामिल हो रहे हैं। लिंकेडइन ने भारत में 2020 में उभरती इंजीनियरिंग नौकरियों की सूची बनाई है जिनका संबंध गणित या भौतिकी से ज्यादा नहीं है। 2021 की इंडिया स्किल रिपोर्ट के अनुसार भारत में हालिया वर्षों में नौजवानों द्वारा रोजगार प्राप्त करने की क्षमता में कमी आई है। इससे उनमें उच्च तकनीकी शिक्षा के माध्यम से कॅरियर अवसरों के अनुकूल मांग वाली क्षमतायें पैदा करना जरूरी हो गया है। तकनीक एक दुधारी तलवार की तरह है। इसने स्वचालीकरण को प्रोत्साहित किया है, लेकिन इसके बढ़ने से रोजगार कम हो रहे हैं। ऐसे में कौशल आधारित परिस्थितिकी तंत्र की आवश्यकता है। शिक्षा के बारे में विशिष्टतावादी विचार आज पुराने पड़ रहे हैं। ऐसे में एआईसीटीई को बेहतर प्रस्ताव देने चाहिए। उदाहरणार्थ वह प्रशिक्षण की ऐसी व्यवस्था बना सकता है जिसमें निजी क्षेत्र को कामगारों में आवश्यक कौशल देने का जिम्मेदार बनाया जाए तथा इसके आधार पर हर साल आवश्यक कौशलों की सूची की समीक्षा की जाए।

# नए रेलमंत्री के समक्ष कठिन चुनौतियां

**निवेश विकास को गति देता है लेकिन इसके लिए आपको लाभों का मूल्यांकन करने और निवेश के बाद रिटर्न की जांच करने के लिए एक ईमानदार और मजबूत प्रणाली की आवश्यकता होती है।**



**सुधांशु मणि**
(लेखक रेलवे के सेवानिवृत्त महाप्रबंधक हैं)





नए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के रिज्यूमे के विवरण के साथ मीडिया व्याकुल हो रहा है, शायद इसलिए कि यहां एक व्यक्ति है जिसके पास अनुभव का एक वास्तविक खजाना है : वह एम.टेक के साथ एक इंजीनियर है। आईआईटी, कानपुर के उत्पाद वैष्णव, व्हार्टन से प्रबंधन स्नातक हैं, उन्होंने ओडिशा में एक जिला मजिस्ट्रेट के रूप में अपना कामकाजी जीवन शुरू किया, बाद में निजी क्षेत्र में शामिल हो गए, अपना उद्यम शुरू किया और फिर राजनीति में शामिल हो गए। इस स्तर पर उनका उत्थान एक सेवानिवृत्त लेकिन युवा नौकरशाह-सह-उद्योग के कप्तान के लिए अभूतपूर्व है। वह आईटी और संचार के महत्वपूर्ण मंत्रालयों का भी प्रमुख है। उनका आगमन आशावाद के साथ भी हुआ है क्योंकि उन संगठनों में निराशा की भावना पैदा हो गई है जिनके वे अब प्रमुख हैं। प्रचार और फोटो ऑप्टिक्स के धुएं के पर्दे के पीछे ऐसे संगठन हैं जो जर्जर स्थिति में हैं। उन्हें भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, खासकर रेल मंत्री के रूप में। चुनौतीपूर्ण चुनौतियां क्या हैं?

ऐसा कहा जाता है कि भारतीय रेलवे (आईआर) ने 2020-21 के लिए अपने परिचालन अनुपात (ओआर) में सुधार किया है, जो 2019-2020 में 98.4 से 97.5 हो गया है, 'राजस्व प्राप्तियों को अधिकतम करने और न्यूनतम करने के उद्देश्य से पहल के संयोजन के माध्यम से खर्चों की सख्त निगरानी के लिए वृद्धि हुई है। नियंत्रणीय राजस्व व्यय।' ओआर परिचालन दक्षता और परिणामी वित्तीय प्रदर्शन का एक उपाय है और यह बड़ी खबर होगी क्योंकि 2020-21 एक ऐसा वर्ष था जिसमें आईआर ने अपनी अधिकांश यात्री ट्रेनों को कोविड -19 महामारी के कारण नहीं चलाया था, जबकि इसकी सभी निश्चित लागत बनी हुई थी पहले के जेसे।

ऐसे साल में सुधार का दावा करना ओवरकिल के अलावा और कुछ नहीं है। मुख्य डेटा की बड़े पैमाने पर बाजीगरी कुछ वर्षों से चल रही है और जब तक एक सेब-से-सेब की तुलना नहीं की जाती है, तब तक यह केवल सच्चाई को उलझाकर एक गुलाबी तस्वीर पेश करना है। और एक कहानी है, जिसे मैं पिछले साल की दुर्दशा में जाने से पहले सबसे पहले पेश करूंगा।

परिचालन अनुपात वह राशि है जो प्रत्येक रुपया कमाने के लिए खर्च की जाती है और इसलिए यह जितना कम होगा उतना ही बेहतर होगा। यह एक अनुपात है, जिसमें अंश में कुल कार्य व्यय और हर में सकल आय, प्रत्येक वित्तीय वर्ष में निकाला जाता है। ह्रक्र का उपयोग करने की प्रथा पांच दशक से अधिक पुरानी है। कार्य व्यय में ईंधन, प्रशासन, संचालन, रखरखाव, आदि पर सभी खर्च शामिल हैं, और मूल्यह्रास रिजर्व फंड (डीआरएफ) और पेंशन फंड (पीएफ) में किए गए योगदान में जोड़ा गया है। पूर्व को 1924 में मूल्यह्रास की देखभाल के लिए बनाया गया था, अर्थात, इसकी विशाल संपत्ति के प्रतिस्थापन या पुनर्वास और बाद में 1960 के दशक में सेवानिवृत्त आईआर कर्मचारियों के पेंशन के बढ़ते बोझ को पूरा करने के लिए स्थापित किया गया था। प्रारंभ में, ये योगदान इन मामलों पर वास्तविक व्यय से अधिक थे, जैसे कि भविष्य के लिए एक फंड बनाया गया था, लेकिन आज यह योगदान तार्किक रूप से, कम से कम वास्तविक व्यय के बराबर होना चाहिए। सकल आय में माल ढुलाई और यात्री परिवहन, विविध और गैर-किराया विविध से आय शामिल है जिसमें परिवहन मुख्य अर्जक है। 2010-11 में परिचालन अनुपात 94.6 था। 2015-16 में यह 90 थी जबकि 2019-20 में यह बढ़कर 98.2 हो गई।

डीआरएफ में व्यावहारिक रूप से कुछ भी नहीं जमा करने का मतलब यह नहीं है कि भारतीय रेल पर उपयोग में आने वाली संपत्तियों ने अचानक बूढ़ा होना बंद कर दिया है। यह केवल यह दर्शाता है कि यह केवल किसी ऐसी चीज को टालने का एक नासमझी भरा प्रयास है जिससे आपको भविष्य में अधिक पीड़ा होगी। पीएफ में योगदान में आधे से अधिक की कमी से पता चलता है कि शेष 49,000 करोड़ रुपये का वास्तविक खर्च उधार से पूरा किया गया था और यह खतरनाक रूप से एक बारहमासी ऋण जाल के करीब जी रहा है। आर्थिक तंगी को दूर करने की इस तरह की निरर्थक कवायद क्यों? क्या ऐसा इसलिए है क्योंकि मंत्रालय ने खर्च करने की होड़ में जाने का फैसला किया था?

पूर्व रेल मंत्री सुरेश प्रभु द्वारा निवेश को बढ़ावा देने का मंत्र है, लेकिन इसके लिए आपको निवेश से पहले लाभों का मूल्यांकन करने और निवेश के बाद रिटर्न की जांच करने के लिए एक ईमानदार और मजबूत प्रणाली की आवश्यकता है। ऐसा नहीं लगता है कि किया गया है। इस प्रणाली को अब तक पूंजीगत कार्यों में प्रति वर्ष लगभग 50,000 करोड़ रुपये निवेश करने के लिए तैयार किया गया था। अगले पांच वर्षों में 800,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की दृष्टि से उसी प्रणाली को अचानक 1,000,000 करोड़ रुपये तक खर्च करने का आदेश दिया गया था। अधिकारियों पर अनुपालन करने के लिए गंभीर दबाव के साथ, लागत-लाभ के लिए बहुत कम सम्मान के साथ अंधाधुंध निवेश किया गया है और किया जा रहा है।

जिस तरह से वर्षों में निवेश किया गया था, वह झूठा रूप से आईआर को सार्वजनिक निवेश के लिए एक परिपक्व गंतव्य के रूप में पेश करेगा। जबकि काम करने का खर्च काफी बढ़ रहा है, कैपेक्स, जो इससे काफी नीचे हुआ करता था, ने इस स्तर पर भारी उछाल दिखाया है कि यह इससे अधिक है। इस प्रकार के निवेश जिग को केवल इस शर्त पर उचित ठहराया जाएगा कि निवेश पर मिलने वाले रिटर्न से आय में वृद्धि हो; लेकिन यह कैसा दिखता है? आईआर की खर्च करने वाली पार्टी की पृष्ठभूमि को देखते हुए संख्याएं लगभग असली हैं। उदाहरण के लिए, 2015-16 में बजटीय सकल आय 183,578 करोड़ रुपये थी जबकि वास्तविक कमाई 164,334 करोड़ रुपये थी। 2019-20 के आंकड़े क्रमश: 205,733 करोड़ रुपये और 174,356 करोड़ रुपये थे।

यह आय में लगातार 10 प्रतिशत से अधिक कम प्रदर्शन दर्शाता है। निश्चित रूप से आईआर अपने लक्ष्यों के करीब बजट और प्रदर्शन करना जानता है? इसलिए, क्या यह एक जानबूझकर किया गया लेखांकन प्रक्षेपण है जो पूंजी के अधिक प्रवाह को आमंत्रित करने के लिए एक हंकी-डोरी तस्वीर दिखाने के लिए है? रेल बजट के आम बजट के साथ उस समय के विलय के साथ जब भारतीय रेल में भारी निवेश शुरू हुआ, अब इसमें गैर-जिम्मेदार वित्तीय कारनामों से सुरक्षा के कई कवच हैं और पीछे छिपने के लिए दीवारें भी हैं। स्पष्ट लापरवाही आंशिक रूप से केंद्र सरकार से अतिरिक्त-बजटीय समर्थन के नए मिले आराम में निहित है जो सब्सिडी के समान कुछ भी नहीं है।

और यह 2020-21 के लिए ओआर को घटाकर 97.5 करने के बारे में क्या है? वर्ष में सकल आय, माल ढुलाई आय में तीन प्रतिशत की बहुप्रचारित वृद्धि के बावजूद, 140,472 करोड़ रुपये थी, जिसे पूरी तरह से अपंग और फिर कम, यात्री सेवाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। टैरिफ के युक्तिकरण और अनुकूलन के माध्यम से बढ़ी हुई आय के बारे में बात कुछ और नहीं बल्कि विशेष ट्रेनों के रूप में चलने वाली नियमित ट्रेनों में उच्च यात्री किराए और कुछ खंडों में माल भाड़ा में वृद्धि है। अनुबंधों के अनुकूलन और वस्तुओं और सेवाओं की खरीद, और ऊर्जा लागत में बचत द्वारा व्यय को कम करने में बड़ा श्रेय लिया गया है। बड़ी संख्या में डीजल इंजनों के स्थिर होने के साथ सेवाओं में भारी कमी के परिदृश्य में, ये संख्या उनके द्वारा प्रकट की जाने वाली संख्या से अधिक छिपाती है। लब्बोलुआब यह है कि ओआर, जो शायद अभूतपूर्व 125-अंक पर चढ़ गया है, को फिर से उधार के माध्यम से पेंशन का ध्यान रखते हुए और मूल्यह्रास का प्रावधान न करके कृत्रिम रूप से 100 से नीचे रखा गया है। पीएफ में केवल 523 करोड़ रुपये और डीआरएफ को 200 करोड़ रुपये जमा करके एक नए निचले स्तर पर पहुंच गया है, हालांकि पेंशन खर्च स्वयं वर्ष में 54,000 करोड़ रुपये के दायरे में था।

आगे का रास्ता क्या है? एक बार जब नए मंत्री को आसन्न बर्बादी का दुष्चक्र स्पष्ट हो जाता है, तो उनके पास बुनियादी मुद्दों को हल करने का कार्य समाप्त हो जाएगा।

# घर तलाशने हेतु तकनीक का प्रयोग

> नए मिलीनियल मकान खरीदारों की जरूरतें पूरी करने के लिए फर्मों ने नये युग की तकनीक का प्रयोग कर नई पोस्ट-कोविड दुनिया में प्रवेश किया है।

**शशांक वशिष्ठ**
(लेखक ईएक्सपी रियलिटी के कार्यकारी निदेशक हैं)



कोविड-19 वैश्विक महामारी की दो चुनौतीपूर्ण लहरों के बाद भारतीय रियल स्टेट क्षेत्र 2021 में धीरे-धीरे संभल रहा है। हालांकि, निर्माण एवं रियल इस्टेट उद्योगों में अप्रैल 2020 व मार्च 2021 के बीच क्रमश:8.6 प्रतिशत व 1.5 प्रतिशत की कमी आई, पर राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग-एनएओ के अनुसार चौथी तिमाही में वाईओयो वृद्धि में 14.5 प्रतिशत व 5.4 प्रतिशत उछाल देखा गया। अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रही है तथा टीकाकरण दर बढ़ने से रियल इस्टेट उद्योग भी इसका लाभ उठा रहा है।

कोविड-19 वैश्विक महामारी के पहले कुछ महीनों में आवासीय क्षेत्र को बड़ा जबर्दस्त धक्का लगा था। बड़ी तेजी से मांग में कमी आई। लेकिन अक्टूबर में किराये पर मकान से संबंधित मांग में भारी उछाल आया तथा कर्ज ब्याज दरें घटीं। इसका कारण त्योहारों का मौसम भी था जिससे ग्राहकों ने नए मकान खरीदे। महाराष्ट्र में स्टांप ड्यूटी में कमी आने ने भी मांग बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। वर्ष 2020 की दूसरी छमाही में काफी बड़ी संख्या में कर्मचारी अपने घरों से काम करने लगे जिसके कारण बड़े घरों की मांग और ज्यादा बढ़ी। ऐसी स्थिति में सकारात्मक रूप से रियल स्टेट फर्मों ने अपना बिजनेस करने के लिए डिजिटल तरीके अपनाए। हमने देखा कि अनेक छोटे शहरों में भी मकान मालिकों ने अपनी संपत्तियों को पहली बार आनलाइन किया। व्यावहारिक दृष्टिकोण से डिजिटल होना लाभदायक है क्योंकि साइटों का भौतिक निरीक्षण घटा जिसका कारण सोशल डिस्टेंसिंग था।

इसके साथ ही आजकल आवास की मांग ज्यादातर नौजवान मिलीनियल्स की ओर से आ रही है। वे स्वाभाविक रूप से



तकनीकी रूप से दक्ष होते हैं और हर जगह चौबीसों घंटे-सातों दिन कनेक्टिविटी चाहते हैं। एजेंटों और ग्राहकों, दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु तथा नए मिलीनियल मकान खरीदारों की जरूरतें पूरी करने के लिए फर्मों ने नये युग की तकनीक का प्रयोग कर नई पोस्ट-कोविड दुनिया में प्रवेश किया है।

वर्चुअल रियलिटी-वीआर के प्रयोग में काफी वृद्धि से मकान स्वामियों को अपने संभावित मकानों में डिजिटल रूप से घूमने का मौका मिलता है। डेवलपर डाउनलोड करने योग्य फ्लोर प्लान, 360 डिग्री ड्रोन व्यू, डोलहाउस व्यू तथा और बहुत कुछ शामिल कर विजुअल अनुभव को संभव बना रहे हैं। निकट भविष्य में रियल स्टेट ब्रोकरेज के वर्चस्व की उम्मीद की जाती है। इससे न कवे रियल स्टेट के समाधान निकलेंगे, बल्कि संपूर्ण वर्चुअल रूप से घरों की तलाश का अनुभव भी मिलेगा। इससे रियल स्टेट एजेंटों को भी लाभ होगा। वीआर में संभावित क्लाउड-आधारित वर्चुअल आफिस बनाने का अवसर मिलेगा जिससे भौतिक आफिसों की जरूरतें कम होंगी और कंपनियों का खर्च घटेगा। इसके साथ ही समुदाय में एकजुटता की भावना बनी रहती है तथा अंतर-विभागीय संवाद में सुविधा मिलती है, भले ही टीमें चाहे जिन शहरों में हों। वर्चुअल समाधानों से जमीनी स्थितियां बेहतर हुई हैं।

पिछले साल महामारी के चलते लॉकडाउन के दौरान एजेंटों को ग्राहकों को नियमित रूप से मकान दिखाने से वंचित होना पड़ा था तथा अनेक मकानमालिक अब भी घरों की आनलाइन ब्राउजिंग से हिचक रहे हैं। वर्चुअल आफिस समाधान से एजेंटों की डेटा, सीआरएम व अन्य संसाधनों तक पहुंच बढ़ेगी क्योंकि ये मोबाइल हो जाएंगे। इसके साथ ही उनको आवश्यकता होने पर बिना बाहर निकले आवश्यक इनपुट भी मिलेंगे। इन समाधानों से रियल स्टेट एजेंटों को अपना कौशल बढ़ाने में सहायता मिलेगी तथा वे पेशेवर रूप से सक्षम होंगे। इसका लक्ष्य एजेंटों की सहायता करना, उनकी पकड़ मजबूत करना, उनको तथ्यों से परिचित कराना तथा गेम माडल के माध्यम से प्रशिक्षित करना भी है।

हालांकि, देखने में यह आ रहा है कि नए युग की फर्मों का दृष्टिकोण प्रमुखत: कंपेनसेशन माडल की ओर है, पर एजेंट शेयरों से लाभ प्राप्त करने तथा हर बिक्री पर आकर्षक ब्रोकरेज पाने में ज्यादा दिलचस्पी रखते हैं। रियल स्टेट की दुनिया में वर्किंग माडल बदलने में कोई अपवाद नहीं है। अब परम्परागत रूप से साइट देखने तथा छूने के स्थान पर वर्चुअल समाधान निकलकर सामने आ रहे हैं, लेकिन मुख्य बात पहले जैसी है। कुशल रियल स्टेट एजेंट अब तकनीक से लैस हो चुके हैं और वे सफलतापूर्व वर्चुअल समझौते भी करा सकते हैं। इससे उनको सफलता तथा ग्राहकों व साथियों से सम्मान मिलेगा।

## आप की बात

### तीसरी लहर को आमंत्रण

**दुनिया** में कुछ दिनों तक स्थिर रहे कोरोना संक्रमण के फिर से गति पकड़ते आंकड़ों के मद्देनजर दो रिपोर्टों पर गौर करना जरूरी है। एक तो यह कि भारत में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़ी है और दूसरी यह कि अमेरिका में वैक्सीन की दोनों डोज लेने वालों के लिए भी अब मास्क की अनिवार्यता हो गई है। इन रिपोर्टों के बाद लोगों को कुछ भी अलग से समझाने की गुंजाइश नहीं रह जाती है क्योंकि वैक्सीनेशन में अमेरिका हम से काफी आगे है और फिर भी संक्रमण की जद में आता नजर आ रहा है। तीसरी लहर की आशंका के बीच देश और दुनियां में जनजीवन सामान्य है पर लापरवाह अधिक। पर्यटक और सार्वजनिक स्थल तथा बाजार भीड़ से गुलजार है। इतना ही नहीं लोग मास्क हीन तो है ही सामाजिक दूरी भी भीड़ भाड़ में खो गई है जो मुसीबत की वजह बन सकती है। अब अमेरिका के हालात समझना होंगे जो अपने नागरिकों को दोनों खुराक देने के बाद भी मास्क को अनिवार्य कर चुका है। अमेरिका में तेजी से फैलता डेल्टा वेरिएंट भी इसकी एक वजह है। पटल पर दोनों देशों के हालात एक से दिखते जरूर हैं मगर लगता है हमारे देश में माशा की अनिवार्यता तीसरी लहर के प्रभावी होने के बाद ही आवश्यक महसूस होगी।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### कृषि सुधार एवं खाद्य सुरक्षा

**भारत** में कृषि नीतियां संस्थाओं की एक जटिल प्रणाली द्वारा अभिकल्पित और कार्यान्वित की जाती है। कृषि के कई पहलुओं से संबंधित संवैधानिक उत्तरदायित्व राज्यों पर है लेकिन केंद्र सरकार कृषि नीति के प्रति राष्ट्रीय दृष्टिकोण के विकास और राज्य स्तर पर इसके कार्यान्वयन के लिए आवश्यक धन उपलब्ध कराने के रूप में इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। किसानों की आजीविका के सभी पहलुओं पर सरकारी एजेंसियों का दखल है नवीनतम निष्कर्षों में विभिन्न केंद्रीय और राज्य मंत्रालयों तथा एजेंसियों को शामिल किया गया जो ग्रामीण संपत्ति के अधिकार, भूमि उपयोग एवं भूमि सीमा, कमोडिटी की कीमतें ,इनपुट सब्सिडी एवं विभिन्न कर, आधारभूत संरचना ,उत्पादन विपणन एवं फरीद सार्वजनिक वितरण, अनुसंधान शिक्षा एवं कृषि विस्तार सेवाएं जैसे तमाम विषयों में अपना प्रभाव रखते हैं। हमें कृषि क्षेत्र में और सुधार करने की आवश्यकता है जैसे की आय को अधिकतम तथा जोखिम को न्यूनतम करना इसके साथ-साथ उदारीकृत खेती, कृषि संस्थानों और शासन प्रणालियों में सुधार एवं एक प्रकार की विकेंद्रीकृत प्रणाली के अनुमोदन से हम कृषि क्षेत्र में व्यापक सुधार ला सकते हैं।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल


### सदन बना अखाड़ा

**चाहे** लोकसभा हो या राज्यसभा राज्यों की विधानसभा हो या स्थानीय निकायों पंचायतों की सभा, ये सभी सदन ना केवल लोकतंत्र के मंदिर होते हैं, बल्कि देश तथा जनहित के ज्वलंत मुद्दों पर सार्थक व रचनात्मक बहस कर जनकल्याणकारी कार्यों की धूरी भी होते हैं। लेकिन अत्यंत दुखद पहलू यह है कि सत्ता पक्ष व विपक्ष की हठधर्मिता के चलते सदन अखाड़े में तब्दील हो गया है। जहां हो हल्ला, शोरगुल का राज है। टकराव के चलते सदन की कार्यवाही नहीं हो पाती और कीमती समय जाया होता है। किसी भी मुद्दों पर सहमति / असहमति हो सकती है। जिसकी चर्चा स्वस्थ बहस के जरिए होना चाहिए, ताकि समाधान वाला परिणाम निकले। कोई भी समझने को तैयार नहीं है। विपक्ष हठधर्मिता पर अड़ा हुआ है। प्रतिदिन लाखों रुपए की बर्बादी के बाद भी देश को इस सदन के जरिए कुछ भी प्राप्त नहीं हो रहा है। जो नहीं होना चाहिए। देश व जनहित के मुद्दों पर बहस कीजिए, जनता के सदन को ठप करने का अर्थ देश को ठप करना है।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**भारत** में जुलाई महीने में 13 करोड़ से ज्यादा डोज दी गई। इस महीने इसमें तेजी आने वाली है। इस उपलब्धि के लिए हमें अपने स्वास्थ्य कर्मियों पर गर्व है।

– **मनसुख मांडवीय**
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री



**उत्तर प्रदेश** में भाजपा भारी बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी। योगी आदित्यनाथ ने 44 कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के द्वारा उत्तर प्रदेश को नंबर एक राज्य बना दिया है।

– **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री



**हमारी** पार्टी के दरवाजे सभी छोटी पार्टियों के लिए खुले हैं। कई छोटी पार्टियां पहले से ही हमारे साथ हैं। हमारे साथ और भी आएंगे।

– **अखिलेश यादव**
सपा अध्यक्ष

# सभी अन्त्योदय परिवारों के हेल्थ कार्ड बनावाए जाएं: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**हेल्थ कार्ड** बनाने के कार्य को पूरी रफ्तार के साथ संचालित करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऐसे अन्त्योदय कार्ड धारक परिवार, जो प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अथवा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में से किसी भी योजना से शामिल नहीं हैं, उन्हे मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करते हुये हेल्थ कार्ड बनवाए जाएं।

मुख्यमंत्री सोमवार को लोक भवन में कोविड 19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में कोरोना की नियंत्रित स्थिति को देखते हुए स्वाधीनता दिवस के उपरान्त मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों के पुन: आयोजन की तैयारी की जाए। उन्होंने कहा कि आरोग्य मेलों के दौरान स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही, आयुष्मान भारत योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के कार्ड भी बनाएं जाएं।

उन्होंने कहा कि कोविड संक्रमण को नियंत्रित करने में सरकार की ट्रेस, टेस्ट एवं ट्रीट की रणनीति कारगर सिद्ध हो रही है। प्रदेश में संक्रमण तेजी से कम हो रहा है, किन्तु यह पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। लिहाजा अतिरिक्त सतर्कता एवं सावधानी बरतने का समय है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को निरन्तर सुदृढ़ बनाकर रखा जाए। उन्होंने कोविड प्रोटोकॉल का पूर्णतया पालन कराए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्हें अवगत कराया गया कि कोरोना संक्रमण के सम्बन्ध में विशेषज्ञों के आकलनों को देखते हुए संक्रमण से बचाव व उपचार की तैयारी को निरन्तर सुदृढ़ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सभी मेडिकल कॉलेजों में बड़ी संख्या में पीकू एवं नीकू बेड तैयार कर लिए गए हैं। चिकित्सकों एवं अन्य चिकित्साकर्मियों के प्रशिक्षण का कार्य प्रगति पर है। ऑनलाइन एवं साक्षात दोनों माध्यमों से प्रशिक्षण कराया जा रहा है। प्रदेश के लिए अब तक स्वीकृत 551 ऑक्सीजन संयंत्रों में से 257 ऑक्सीजन संयंत्र क्रियाशील हो गए हैं। वहीं अभी तक यूपी में 6700 पीआईसीयू में से 6572 स्थापित किए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड संक्रमण को नियंत्रित करने में वैक्सीनेशन एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है। कोरोना वैक्सीनेशन का कार्य पूरी सक्रियता से संचालित किये जाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी वैक्सीनेशन सेण्टर पर पर्याप्त संख्या में वैक्सीन की उपलब्धता रहे। कोविड वैक्सीनेशन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया को प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि प्रदेश में विगत दिवस तक 4 करोड़ 84 लाख 43 हजार 141 कोरोना वैक्सीन की खुराक दी जा चुकी है।

## सात दिन में बने लगभग ढाई लाख गोल्डन कार्ड

### ● नौ अगस्त तक अब भी है कार्ड बनवाने का मौका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश में** चल रहे आयुष्मान भारत पखवाड़े के तहत बीते सात दिनों में 2.46 लाख पात्र लोगों के गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं। यह पखवाड़ा नौ अगस्त तक चलेगा। अगर आप पात्र हैं और अभी तक गोल्डन कार्ड नहीं बनवाया है तो अपने आस पास लगने वाले शिविर में जाकर मुफ्त में कार्ड बनवा सकते हैं।

अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत ये गोल्डन कार्ड बनाए जा रहे हैं। 26 जुलाई से 1 अगस्त तक दो लाख 46 हजार 78 लोगों के गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग प्रधानमंत्री जन आरोग्य आरोग्य योजना में रह जाते हैं उन्हें मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में कवर कर लिया जाता है ताकि सूबे का एक भी व्यक्ति इलाज से वंचित न रह जाए। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत आने वाले व्यक्ति को हर साल पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज दिया जाता है। ये इलाज सभी सरकारी अस्पतालों और बहुत से सूचीबद्ध प्राइवेट अस्पतालों मे मिलता है। इसमें 1000 से ज्यादा कैंसर और दिल की बीमारी जैसी कई गंभीर बीमारियों के लिए प्रदेश में 2900 सूचीबद्ध सरकारी व निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध है। जिस पात्र लाभार्थी के पास आयुष्मान कार्ड है वह छोटी से लेकर बड़ी बीमारियों तक का इलाज अस्पताल में भर्ती होकर करवा सकते हैं। बीमारी की स्थिति में सभी मेडिकल जांच, ऑपरेशन, इलाज व दवा का खर्च इसके तहत कवर होता है। बीमारियों में मैटरनल हेल्थ और सी-सेक्शन या उच्च जोखिम प्रसव की सुविधा, नवजात और बच्चों के स्वास्थ्य, कैंसर, टीबी, कीमोथेरपी, रेडिएशन थेरेपी, हार्ट बाईपास सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, दांतों की सर्जरी, आंखों की सर्जरी, एमआरआई, सीटी स्कैन, दिल की बीमारी, किडनी, लीवर, डायबीटीज, कोरोनरी बायपास, घुटना बदलना, स्टंट डालना, आंख, नाक, कान और गले से संबंधित बीमारी आदि शामिल हैं। इसके साथ ही अस्पताल में एडमिट होने से पहले और बाद के खर्च भी इस हेल्थ बीमा में कवर किए जा रहे हैं।

## सिविल पहुंच कर मुख्यमंत्री ने ली वैक्सीन की दूसरी डोज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना वायरस** के खिलाफ चलाये जा रहे वैक्सीनेशन अभियान के दौरान पहली डोज लेने के उपरांत निर्धारित समय बीतने के बाद सोमवार को सिविल अस्पताल पहुंच कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दूसरी डोज ली। टीकाकरण के बाद अस्पताल के निदेशक डॉ. एस सी सुन्द्रियाल ने मुख्यमंत्री को सर्टिफिकेट प्रदान किये।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने बीती चार मई को सिविल अस्पताल में ही कोरोना वैक्सीन की अपनी पहली डोज ली थी। अस्पताल के निदेशक डॉ सुभाष चंद्र सुन्द्रियाल ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लेने के लिए सोमवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल पहुंचे। वहां पर उन्होंने वैक्सीनेशन कार्यक्रम के बारे में पूरी जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने निदेशक से पूछा कि आपके यहां वैक्सीन की कोई कमी तो नहीं है या और कोई समस्या हो तो बताइए। निदेशक ने उन्हें बताया कि वैक्सीन पर्याप्त संख्या में मिल रही है और अलग अलग बूथ बनाकर सभी का टीकाकरण किया जा रहा है। किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है। निदेशक ने सीएम को बताया कि अब तक अस्पताल में 31 जुलाई तक 81477 लोगों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। जो कि लखनऊ में किसी भी अस्पताल में लगाई जाने वाली वैक्सीन की सर्वाधिक डोज है। इस पर सीएम ने अस्पताल की सराहना भी की। वैक्सीन लगवाने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ करीब आधे घंटे तक ऑब्जरवेशन रूम में बैठे रहे। इसके बाद वहां से रवाना हो गए। वैक्सीन की सेकेंड डोज लेने के बाद मुख्यमंत्री ने ट्वीट करके अपनी खुशी जाहिर की। मुख्यमंत्री ने लिखा कि आज स्वदेशी कोविड वैक्सीन की दूसरी डोज प्राप्त कर मन प्रफुल्लित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में कोरोना वैक्सीन का यह सुरक्षा कवच सभी नागरिकों को मुफ्त प्रदान किया जा रहा है। आप सब लोग भी अपना क्रम आने पर टीका जीत का अवश्य लगवाएं। उन्होंने लिखा कि टीका जीत का लगवाएं तभी कोरोना हारेगा, भारत जीतेगा।

# मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत आर्थिक सहयोग प्रदान करने का प्रस्ताव अनुमोदित

कैबिनेट के फैसले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश सरकार** ने सोमवार को मंत्रिमंडल की बैठक में पांच प्रस्तावों पर अपनी मंजूरी प्रदान की। इन निर्णय के अंतर्गत राज्य सरकार ने उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अन्तर्गत आर्थिक सहयोग प्रदान करने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। इसके तहत 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चे जिन्होंने कोविड 19 से भिन्न अन्य कारणों से अपने माता पिता दोनों अथवा माता या पिता में से किसी एक अथवा अभिभावक को खो दिया है अथवा 18 से 23 वर्ष के ऐसे किशोर जिन्होने कोविड या अन्य कारणों से अपने माता पिता दोनों अथवा माता या पिता में से किसी एक अथवा अभिभावक को खो दिया है तथा वह कक्षा 12 तक शिक्षा पूर्ण करने के उपरान्त राजकीय महाविद्यालय, विवि अथवा तकनीकी संस्थान से स्नातक डिग्री अथवा डिप्लोमा प्राप्त करने के लिए शिक्षा प्राप्त कर रहे हो या नीट, जेईई, क्लैट जैसे राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाएं उत्तीर्ण करने वाले अथवा जिनकी माता तलाकशुदा स्त्री या परित्यक्ता है अथवा जिनके माता पिता या परिवार का मुख्यकर्ता जेल में हैं अथवा ऐसे बच्चे जिन्हें बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति-बाल वैश्यावृत्ति से मुक्त कराकर परिवार-पारिवारिक वातावरण में समायोजित कराया गया हो अथवा भिक्षावृत्ति-वैश्यावृत्ति में सम्मिलित परिवारों के बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

इस योजना का लाभ एक परिवार के अधिकतम 2 बच्चों को मिल सकेगा तथा 18 वर्ष की आयु पूरी करने के उपरान्त कक्षा 12 तक शिक्षा पूर्ण करने के बाद भी राजकीय महाविद्यालय, विवि अथवा तकनीकी संस्थान से स्नातक डिग्री अथवा डिप्लोमा प्राप्त करने एवं राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षायें उत्तीर्ण करने वाले मेधावी छात्रों को 23 वर्ष की आयु पूरी होने या स्नातक शिक्षा अथवा मान्यता प्राप्त तकनीकी संस्थान से डिप्लोमा प्राप्त करने में जो भी पहले हो तक इस योजना के अन्तर्गत लाभ दिया जायेगा। इस योजना के अन्तर्गत पात्रता की श्रेणी में आने वाले परिवार के अधिकतम दो बच्चों को प्रतिमाह प्रति बालक-बालिका 2500 रुपये की सहायता धनराशि प्रदान की जायेगी। यह योजना शत प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित है। योजना के क्रियान्वयन में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों के दृष्टिगत योजना में यथावश्यक संशोधन एवं परिवर्तन के लिए मुख्यमंत्री को प्राधिकृत किया गया है। ज्ञातव्य है कि कोविड 19 के कारण अनाथ हुए बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का संचालन किया जा रहा है।

### सेवा की अवधि में मृत्यु की दशा में नॉमिनी या उत्तराधिकारी को मिलेगी पांच लाख की अनुग्रह राशि

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए निर्णय लिया है कि होमगार्ड्स स्वयंसेवकों एवं अवैतनिक अधिकारियों की सेवावधि में मृत्यु की दशा में उनके उत्तराधिकारी को अथवा स्थायी अपंगता की स्थिति में उनको 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। साथ ही एक अंग अथवा एक आंख की पूर्ण रूप से हानि होने की दशा में 2.5 लाख रुपये की अनुग्रह धनराशि दिये जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। यह व्यवस्था 6 दिस बर 2020 से लागू होगी। साथ ही मंत्रिपरिषद ने सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना के अन्तर्गत ड्यूटी, प्रशिक्षणरत होमगार्ड्स स्वयंसेवकों एवं अवैतनिक अधिकारियों को दुर्घटना के कारण मृत्यु होने एवं अपंगता होने की दशा में बीमा क पनी द्वारा दी जाने वाली धनराशि की व्यवस्था को तथा जो होमगार्ड्स स्वयंसेवक एवं अवैतनिक अधिकारी दुर्घटना बीमा से आच्छादित नहीं होते हैं, उनको उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स स्वयंसेवक कल्याण कोष नियमावली 2013 के अनुसार दी जाने वाली धनराशि की व्यवस्था को समाप्त करने का निर्णय भी लिया है।

### खत्म होंगे 312 अन उपयुक्त कानून

● उप्र निरसन अध्यादेश 2021 का प्रारूप स्वीकृत

**लखनऊ।** मंत्रिपरिषद ने उत्तर प्रदेश निरसन अध्यादेश 2021 के प्रारूप को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके तहत राज्य सरकार 312 अधिनियमों को समाप्त करेगी। ज्ञातव्य है कि कुल 312 अधिनियमों को निरसित किये जाने के स बन्ध में शासन के स बन्धित प्रशासकीय विभागों से अनापत्तियां प्राप्त हुई। जिन्हें वर्तमान में अप्रचलित एवं अनुपयोगी होने के दृष्टिगत निरसित किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में राज्य विधान मण्डल सत्र आहूत नहीं है। नागरिकों एवं व्यवसाय पर विनियामक अनुपालन भार को कम करने की तात्कालिकता के दृष्टिगत स बन्धित प्रशासकीय विभागों की संस्तुति के आधार पर 312 अप्रचलित एवं अनुपयोगी हो चुके अधिनियमों को उत्तर प्रदेश निरसन अध्यादेश 2021 के माध्यम से निरसित किये जाने तथा इसके प्रतिस्थानी विधेयक के आलेख पर विभागीय मंत्री के अनुमोदन से इसे आगामी राज्य विधान मण्डल सत्र में पुर:स्थापित कराने जाने का भी निर्णय मंत्रिपरिषद द्वारा लिया गया है। सातवें उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग द्वारा निरसन के लिए संस्तुत कुल 1430 अधिनियमों में से निरसन के लिए 960 अधिनियम शेष हैं। इन शेष 960 अधिनियमों में से 297 अधिनियमों तथा व्यापार की सुगमता के दृष्टिगत औद्योगिक विकास विभाग द्वारा निरसन के लिए सन्दर्भित किये गये 15 अधिनियमों कुल 312 अधिनियमों के निरसन के स बन्ध में स बन्धित प्रशासकीय विभागों से अनापत्ति प्राप्त होने के आधार पर उन्हें निरसित किये जाने की कार्यवाही की जानी है।

# जनसमस्याओं का किया जाय त्वरित निदान: केशव प्रसाद मौर्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री केशव** प्रसाद मौर्य ने सोमवार को कालीदास मार्ग स्थित आवास पर लगभग 2 दर्जन से अधिक जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी तथा पुलिस अधिकारी से बात की। जनता दर्शन में सैकड़ों लोगों ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्यायें बतायीं। बतायी गयी समस्याओं में मुख्य रूप से अवैध कब्जा, मारपीट, राजस्व अतिक्रमण, प्रधानमंत्री आवास के तहत आवास, सड़क, जमीनी विवाद, चिकित्सा सहायता, आर्थिक सहायता दिलाने के लिये मदद आदि थीं। जनता दर्शन में आए लोगों से उपमुख्यमंत्री ने स्वयं आगे बढ़कर उनके पास जाकर उनकी समस्याएं सुनीं तथा त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। आवास पर आये मरीजों के इलाज हेतु उपमुख्यमंत्री ने आर्थिक सहायता दिलाने का विश्वास दिलाया और प्रत्येक व्यक्ति की हर सम्भव मदद हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उपमुख्यमंत्री ने कमिश्नर व जिलाधिकारी वाराणसी, जिलाधिकारी रायबरेली व फतेहपुर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा, सीतापुर, एटा, फिरोजाबाद व सोनभद्र, पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती, उन्नाव व कन्नौज सहित शासन के कई उच्चाधिकारियों से समस्याओं के निराकरण के बाबत दूरभाष पर वार्ता भी की।

लखीमपुर की राजकुमारी ने भूमि से संबंधित, सीतापुर के सुनील पांडे ने शौचालय आवंटन के सम्बन्ध में धांधली की जांच कराने, बाराबंकी के राम प्रकाश बाजपेई ने चकबंदी के बारे में अपनी समस्याएं रखीं। सिद्धार्थनगर की सुनीता सिंह ने कैंसर के इलाज हेतु आर्थिक मदद दिलाने अंबेडकरनगर की अविता ने आर्थिक सहायता दिलान, प्रयागराज की श्यामकली के इलाज हेतु आर्थिक सहायता दिलाने, लखनऊ के राम प्रकाश बाजपेयी ने प्रधानमंत्री आवास दिलाने जैसी विभिन्न समस्याएं रखीं।

## हाथरस के कई प्रधान, बीडीसी व अन्य लोग कांग्रेस में शामिल

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के समक्ष जनपद हाथरस से भारी संख्या में पूर्व प्रधान, वर्तमान प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा महिलाओं एवं पुरुषों ने हाथरस जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण कराते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विगत् 30 सालों में सपा, बसपा, भाजपा की सरकारों से ऊबकर जनता आशा भरी निगाहों से कांग्रेस की ओर देख रही है। बड़ी संख्याओं में लोगों का कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करना, लोकप्रियता का द्योतक है। ज्वाइन करने वालों में मुख्यरूप से मोहन सिंह बघेल, बच्चू सिंह चौधरी, रोशन लाल बघेल, लाखन सिंह चक, शहजाद खां, इंसार अली, चन्द्रपाल सिंह सूर्यवंशी, छितर सिंह पचौरी, बच्चू सिंह, विनोद कुमार, शोबरन सिंह, सत्यपाल सिंह, जोगेन्द्र सिंह, हरिओम बाबा, माधव सिंह आदि शामिल थे।

## सपा प्रतिनिधिमण्डल आज रायबरेली जाएगा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल जनपद रायबरेली में हुई हत्याओं की जांच हेतु मंगलवार 3 अगस्त को जाएगा। समाजवादी प्रतिनिधिमण्डल के सदस्य जनपद रायबरेली के ग्राम नन्दा पुरवा मजरे ढिडौली निवासी अंकुर चौधरी तथा विधानसभा ऊंचाहार के जगतपुर ग्राम बिछियावादी निवासी धनंजय यादव की गोली मार कर की गई हत्याओं की जांच एवं शोक संतप्त परिवारों से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त करेंगे। समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल में मनोज पाण्डेय विधायक, आशा किशोर पूर्व विधायक, इं वीरेन्द्र यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी रायबरेली, चन्द्रराज सिंह पटेल पूर्व सदस्य जिला पंचायत तथा मोहम्मद इलियास जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी रायबरेली शामिल हैं।

# समाज का हर तबका वर्तमान सरकार के तानाशाही रवैये से तंग: लल्लू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रदेश कांग्रेस** अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा है कि पूरे प्रदेश का समाज का हर तबका वर्तमान सरकार के तानाशाही रवैये से तंग आकर कांग्रेस की तरफआशा भरी निगाह से देख रहा है। साढ़े चार साल के इस सरकार की कार्यकाल में केवल कांग्रेस लोगों के सुख-दुख में सड़क पर दिखी। इसलिए प्रदेश की जनता कांग्रेस के एक जिम्मेदार विपक्ष के रवैये को देखते हुए आशा भरी निगाह से देख रही है।

लल्लू सोमवार को प्रदेश कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के इस संगठन के माध्यम से हम पूरे प्रदेश के चाहे व बेसिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक, उच्च शिक्षक, मदरसा शिक्षक, संस्कृत शिक्षक सभी को एकजुट करते हुए उनके समस्याओं को विधान सभा, विधान परिषद में उठाने के का काम करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन का विस्तार प्रमुख रूप से होना चाहिए क्येंकि शिक्षक समाज का महत्वपूर्ण अंग है। मुख्यरूप से वित्तविहीन शिक्षकों को सम्मान जनक वेतन दिलाना कांग्रेस का प्रथम कर्तव्य होगा। 2004 के बाद नियुक्त हुए सभी कर्मचारी एवं शिक्षक को पेंशन नहीं मिलने का आदेश हो चुका है। इस आदेश को समाप्त कराकर सभी शिक्षकों कर्मचारियों को पेंशन दिलाना हमारा मुख्य कर्तव्य होगा। शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी स्वप्निल कोठारी (इन्दौर) ने कहा कि हम उत्तर प्रदेश में संकल्पित होकर आये हैं कि सभी शिक्षकों को इस संगठन के बैनर तले जोड़ेगें। शिक्षकों की छोटी बड़ी हर लड़ाई में कांग्रेस अग्रणी भूमिका में होगी। शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने आए हुए सभी सम्मानित पदाधिकारियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश का दौरा कर शिक्षकों को एकजुट कर कांग्रेस को मजबूती दिलाना इस प्रकोष्ठ का उद्देश्य है। वित्तविहीन शिक्षक से सम्बन्धित समस्याएं हमारे लिए प्रमुख है। शिक्षकों का निजीकरण इस सरकार की मंशा है जिसे हम किसी हाल में पूरा नहीं होने देंगे। बैठक को मुख्य रूप से कमलेश सिंह यादव, डा. मार्तण्ड सिंह, वकार हुसैन, मनीष कुमार द्विवेदी, डा.सुनील कुमार खजुरिया, डा. पवन कुमार पचौरी ने सम्बोधित किया।

## कल्याण सिंह को देखने पीजीआई पहुंचे विधान परिषद सभापति

**लखनऊ।** पीजीआई में भर्ती प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को देखने के लिए सोमवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुँवर मानवेन्द्र सिंह ने संस्थान पहुँच कर उनका हालचाल लिया। पीजीआई में उन्होंने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का इलाज कर रहे डॉक्टरों से उनकी बीमारी के बारे में जानकारी हासिल की एवं उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

## राकेश सक्सेना को दिया गया लोनिवि विभागाध्यक्ष का प्रभार

**लखनऊ।** लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता (परिकल्प एवं नियोजन) राकेश कुमार सक्सेना को तात्कालिक प्रभाव से प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग का भी प्रभार प्रदान किया गया है । श्री सक्सेना अपने दायित्वों के साथ-साथ प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग के दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# भ्रम पैदा करने में माहिर है भाजपा: अखिलेश यादव


पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सचमुच चमत्कारी पार्टी है। वह कब कौन रूप धारण कर ले कहना मुश्किल है। भाजपा नेतृत्व बड़े-बड़े वादे करें जनता को बहलाने का गुर जानता है। समाजवादी पार्टी के कामों पर अपना ठप्पा लगा कर भ्रम पैदा करने में माहिर हैं। अब केन्द्रीय मंत्री ने भविष्यवक्ता का भी रूप धारण कर लिया है। लोकतंत्र में जनता मतदान से सरकार बनाती है परन्तु केन्द्रीय गृहमंत्री ने बिना चुनाव मैदान में उतरे ही भविष्यवाणी कर दी है कि विपक्ष को सन् 2022 में करारी हार के लिए तैयार रहना चाहिए। यानी भाजपा राज में न अपील, न वकील और न दलील की कथा चलेगी। तानाशाही मानसिकता इसी को तो कहते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि समझ में नहीं आता कि प्रधानमंत्री हों या गृहमंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की किस बात के लिए तारीफ करते हैं। कोरोना संक्रमण के दौर में उत्तर प्रदेश में मौतों का ऐसा सिलसिला चला कि शवदाह गृहों में लाशें जलाने की जगह भी नहीं बची। अस्पतालों में बेड, दवा और इलाज का अकाल पड़ गया। इंजेक्शन और जीवन रक्षक दवाएं कालाबाजारी में ही उपलब्ध थी। आक्सीजन की कमी से अस्पतालों में तमाम सांसे उखड़ गई। हर तरफ चीत्कार और हाहाकार मचा था।

केन्द्रीय गृहमंत्री मुख्यमंत्री को प्रशंसा पत्र बांटते समय भूल गए कि भाजपा राज में महिलाओं और बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाओं की बाढ़ आ गई है। लूट, अपहरण, हत्या रोज की वारदातें हो गई है। व्यक्ति का जीवन मरण तय करने का काम सत्ता संरक्षित अपराधियों को मिला हुआ है। समाज में नफरत का माहौल है। लोक त्रस्त हैं। अच्छा होता अपनी जीत का हवाई सपना देखने वाले केन्द्रीय गृहमंत्री और मुख्यमंत्री इस बात की भी नोटिस ले लेते कि उन्होंने किसानों के साथ जो धोखाधड़ी की है उससे किसान आंदोलन व्यापक होता जा रहा है। नौजवान बेरोजगारी से परेशान हैं। उनका भविष्य अंधकारमय है। ऐसी कौन सी विशेष बात भाजपा राज में हुई है कि जनता उसके लिए मुख्यमंत्री जी के नाम पर ताली पीटेगी। हर मोर्चे पर तो भाजपा सरकार विफल रही है। गरीब ज्यादा गरीब हुआ है, मंहगाई ने उसकी कमर तोड़ दी है। चंद पूंजीघरानों की सम्पत्ति लॉकडाउन के समय में भी कई गुना बढ़ गई।

## सहकारिता मंत्री आज करेंगे मोबाइल एटीएम वैन, नेट बैंकिंग का शुभारम्भ



**लखनऊ।** कोआपरेटिव बैंक लि द्वारा संचालित कृषि सहकारी स्टाफ प्रशिक्षण संस्थान इन्दिरा नगर लखनऊ सभागार का जीर्णोद्धार एवं मोबाइल एटीएम वैन, नेट बैंकिंग माइक्रो एटीएम तथा ग्रिवान्स पोर्टल का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रदेश के सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा मंगलवार 3 अगस्त को पूर्वान्ह 11 बजे करेंगें। यह जानकारी प्रबन्ध निदेशक वीके मिश्र ने दी है। उन्होंने बताया कि इस मौके पर प्रमुख सचिव सहकारिता बीएल मीना, सभापति तेजबीर सिंह, महाप्रबंधक-निदेशक रितु गुप्ता सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित होंगे।

# सोशल मीडिया की राउंड द क्लॉक मॉनिटरिंग करेगी पुलिस

### ● त्योहारों के दृष्टिगत डीजीपी मुकुल गोयल ने पुलिस अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी मुकुल** गोयल ने आगामी त्योहरों के दृष्टिगत सोशल मीडिया की राउण्ड द क्लॉक मॉनिटरिंग किए जाने के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने कहा है कि सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर एवं व्हाट्सएप आदि पर सतर्क दृष्टि रखते हुए भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित होने पर संज्ञान में आते ही उसे ब्लॉक करते हुए सम्बन्धित के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए प्रभावी खण्डन किया जाए।

त्यौहार से पूर्व समस्त पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों तथा अभिसूचना कर्मियों की ब्रीफिंग कर दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। निर्देशों में कहा गया है कि श्रावण मास के मध्य मोहर्रम पड़ने के कारण संवेदनशीलता में वृद्धि होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। अत: इस अवसर पर विशेष सतर्कता व कड़े एवं प्रभावी उपाय सुनिश्चित किए जाएं।

संवेदनशील, साम्प्रदायिक एवं कन्टेनमेन्ट जोन में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाए। त्यौहारों पर सार्वजनिक स्थल यथा बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन और संवेदनशील स्थानों, धार्मिक स्थनों पर यथावश्यक व्यवस्थाएं कराई जाएं । सघन जांच एवं तलाशी की व्यवस्था के लिये स्वान दल, आतंकवादी निरोधक दस्ता एवं बम निरोधक दल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। यातायात कदापि न बाधित होने पाए । बैरियर एवं पुलिस चेक पोस्ट लगाकर संदिग्ध वाहनो की चेकिंग कराई जाए । मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का पालन सख्ती से किया जाए। असामाजिक तत्वों एवं अफवाह फैलाने वालों पर विशेष ध्यान दिया जाए । सार्वजनिक स्थनों पर किसी भी दशा में शस्त्रों का प्रदर्शन न हो एवं अवैध शस्त्रों को लेकर चलने वालों के विरुद्ध कड़ी विधिक कार्रवाई की जाए । भीड़ नियंत्रण, दंगा नियंत्रण से सम्बन्धित उपकरणों को तैयारी की हालत में रखा जाए, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उनका तुरन्त उपयोग किया जा सके। क्षेत्राधिकारियों के कार्यालयों ए जनपद पुलिस कार्यालयों व परिक्षेत्रीय कार्यालयों में काफी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहते हैं, इनको तैयारी हालत में रिजर्व के रूप में रखा जाए और वहीं पर हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर आदि की व्यवस्था रखी जाए। जिससे इन्हें रिजर्व फोर्स के रूप में इस्तेमाल किया जा सके।

# प्रौद्योगिकी अपनाने में भारत किसी से पीछे नहीं

## ●पीएम ने डिजिटल भुगतान समाधान ई-रुपी लॉन्च किया

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि प्रौद्योगिकी को अपनाने में भारत आज दुनिया के किसी भी देश से पीछे नहीं है और वह नवोन्मेष तथा सेवा प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के मामले में वैश्विक नेतृत्व की क्षमता रखता है।
प्रधानमंत्री ने यह बात डिजिटल भुगतान समाधान ई-रुपी लॉन्च करने के बाद अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का भारत आज कैसे आधुनिक प्रौद्योगिकी की मदद से आगे बढ़ रहा है ई-रूपी उसका भी एक प्रतीक है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि यह शुरुआत ऐसे समय में हो रही है जब देश आजादी के 75 वर्ष पर अमृत महोत्सव मना रहा है। ऐसे समय में देश ने भविष्यवादी सुधारों का एक और अहम कदम बढ़ाया है। आज सरकार प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 300 से ज्यादा योजनाओं को लाभार्थियों को उपलब्ध करा रही है और करीब 90 करोड़ लोगों को इसका फायदा मिल रहा है। भारत में अब तक डीबीटी के जरिए करीब 17.50 लाख करोड़ रुपए सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजे जा चुके हैं। आज केंद्र सरकार 300 से ज्यादा योजनाओं का लाभ डीबीटी के माध्यम से लोगों तक पहुंचा रही है। लगभग 90 करोड़ देशवासियों को इसके तहत किसी ना किसी रूप में लाभ हो रहा है। राशन हो, एलपीजी गैस हो, इलाज हो, स्कॉलरशिप हो, पेंशन हो, मज़दूरी हो, घर बनाने के लिए मदद हो, ऐसे अनेक लाभ डीबीटी से मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत। लाख 35 हज़ार करोड़ रुपए सीधे किसानों के बैंक खातों में पहुंचाए गए हैं। इस बार तो किसानों से जो गेहूं की सरकारी खरीद हुई है, उसका लगभग 85 हज़ार करोड़ रुपए सीधा किसानों के बैंक खातों में ही हस्तांतरित किया गया है। इन सारे प्रयोगों का बहुत बड़ा लाभ यह हुआ है कि देश के करीब करीब पौने दो लाख करोड़ रुपए से अधिक गलत हाथों में जाने से बचे हैं। भारत आज दुनिया को दिखा रहा है कि प्रौद्यागिकी को अपनाने में वह किसी से भी पीछे नहीं हैं। नवोन्मेष की बात हो , सर्विस डिलीवरी में टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल की, भारत दुनिया के बड़े देशों के साथ मिलकर ग्लोबल लीडरशिप देने की क्षमता रखता है। भारत ने अपनी प्रगति को जो गति दी है, उसमें भी प्रौद्योगिकी की भूमिका बहुत अहम है। कोविड महामारी के दौरान प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से लोगों को मदद पहुंचाने के लिए तैयार किए आरोग्य सेतु ऐप और टीकाकरण के लिए बनाए गए कोविन पोर्टल का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत के लोगों को इनका फायदा मिल रहा है।

## रिकार्ड टीकाकरण, खिलाड़ियों की सफलताएं जैसी घटनाएं भारतीयों का दिल जीत रही हैं : मोदी

**नई दिल्ली।** रिकार्ड टीकाकरण से लेकर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह बढ़ने और तोक्यो ओलंपिक में बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू तथा महिला व पुरुष हॉकी में भारत के शानदार प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि यह घटनाएं आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर मनाए जा रहे अमृत महोत्सव की शुरुआत के साथ ही हर भारतीय का दिल जीत रही हैं। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, अगस्त के महीने में प्रवेश और अमृत महोत्सव की शुरुआत के साथ ही हमने कई सारी ऐसी घटनाएं देखी जो हर भारतीय का दिल जीतने वाली हैं। रिकार्ड टीकाकरण हुआ है और जीएसटी संग्रह भी बढ़ा है जो आर्थिक गतिविधियों के मजबूत होने की ओर संकेत करता है। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, पी वी सिंधू ने ना सिर्फ पदक जीता बल्कि हमने ओलंपिक के पुरुष और महिला हाकी में भारतीय टीम के ऐतिहासिक प्रयास भी देखे। प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि अमृत महोत्सव के अवसर पर भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए 130 करोड़ भारतीय कड़ी मेहनत जारी रखेंगे। ज्ञात हो कि रविवार को जीएसटी संग्रह जुलाई महीने में 33 प्रतिशत बढ़कर 1.16 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया।



मिर्जापुर में अष्टभुजा पर्वत विंध्याचल में नए उद्घाटन रोपवे का एक दृश्य

## उपराष्ट्रपति ने भाषा एआईसीटीई अनुवादक टूल का डेमो देखा

**भाषा।** नई दिल्ली

**उपराष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडू और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने सोमवार को एक अनूठे टूल का प्रदर्शन देखा जो अंग्रेजी सामग्री का 11 विभिन्न भारतीय भाषाओं में अनुवाद करता है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष अनिल डी सहस्रबुद्धे और इसके मुख्य समन्वय अधिकारी बुद्ध चंद्रशेखर ने उप-राष्ट्रपति निवास में एआईसीटीई ट्रांसलेशन ऑटोमेशन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल पर प्रस्तुति दी। टूल अंग्रेजी भाषा के ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का ग्यारह अलग-अलग भाषाओं- हिंदी, बंगाली, मराठी, तेलुगु, तमिल, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, पंजाबी, असमिया और उड़िया में अनुवाद करता है। इस टूल की मुख्य विशेषताओं के बारे में बताते हुए चंद्रशेखर ने कहा कि यह जटिल सूत्रों, अंग्रेजी पुस्तकों, शोध पत्रिकाओं, सरकारी दस्तावेजों और अंग्रेजी वीडियो का अनुवाद करने में सक्षम है।

## आईटी अधिनियम की रद्द धारा 66ए के तहत मुकदमे दर्ज किए जाने पर राज्यों को नोटिस

**भाषा।** नई दिल्ली



### ●उच्चतम न्यायालय में एनजीओ ने किया आवेदन

**उच्चतम न्यायालय** ने सोमवार को एक गैर सरकारी संगठन के उस आवेदन पर राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और सभी उच्च न्यायालयों को नोटिस जारी किए जिसमें कहा गया है कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की रद्द हो चुकी धारा 66ए के तहत अब भी लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए जा रहे हैं। उच्चतम न्यायालय ने 2015 में एक फैसले में इस धारा को रद्द कर दिया था। न्यायमूर्ति आर एफ नरीमन और न्यायमूर्ति बी आर गवई की पीठ ने कहा कि चूंकि पुलिस राज्य का विषय है, इसलिए यह बेहतर होगा कि सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित क्षेत्रों को पक्षकार बनाया जाए तथा हम एक समग्र आदेश जारी कर सकते हैं जिससे यह मामला हमेशा के लिए सुलझ जाए। पीठ ने अपने आदेश में कहा, क्योंकि यह मामला पुलिस और न्यायपालिका से संबंधित है, हम सभी राज्यों, केंद्र शासित क्षेत्रों और सभी उच्च न्यायालयों के महापंजीयकों को नोटिस जारी करते हैं। पीठ ने कहा कि इन सभी को चार हफ्ते के अंदर नोटिस का जवाब देना होगा। साथही पीठ ने यह निर्देश भी दिया कि नोटिस के साथ सभी पक्षों को याचिका का विवरण भी भेजा जाए। गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज (पीयूसीएल) की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय पारिख ने कहा कि इस मामले में दो पहलू हैं, पहला पुलिस और दूसरा न्यायपालिका जहां अब भी ऐसे मामलों पर सुनवाई हो रही है। पीठ ने कहा कि जहां तक न्यायपालिका का सवाल है तो उसका ध्यान रखा जा सकता है और हम सभी उच्च न्यायालयों को नोटिस जारी करेंगे। शीर्ष अदालत ने इस मामले में सुनवाई की अगली तारीख चार हफ्ते बाद तय की है। केंद्र की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शुरुआत में कहा कि उन्हें सरकार के हलफनामे पर यूपीसीएल का प्रत्युत्तर रविवार को ही मिला है और वह इसे पढ़ना चाहेंगे। उच्चतम न्यायालय ने पांच जुलाई को इस बात पर हैरानी और स्तब्धता जाहिर की थी कि लोगों के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66ए के तहत अब भी मुकदमे दर्ज हो रहे हैं जबकि शीर्ष अदालत ने 2015 में ही इस धारा को अपने फैसले के तहत निरस्त कर दिया था। सूचना प्रौद्योगिकी कानून की निरस्त की जा चुकी धारा 66ए के तहत भड़काऊ पोस्ट करने पर किसी व्यक्ति को तीन साल तक कैद और जुर्माने की सजा का प्रावधान था।

## लालू यादव, मुलायम सिंह ने दिल्ली में मुलाकात की

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय जनता दल** (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने सोमवार को दिल्ली में मुलाकात की। मुलायम सिंह यादव के बेटे अखिलेश यादव भी बैठक के दौरान मौजूद थे। लालू ने एक ट्वीट में कहा, देश के वरिष्ठतम समाजवादी साथी आदरणीय मुलायम सिंह जी से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। खेत-खलिहान, गैर-बराबरी, अशिक्षा,किसानों, गरीबों और बेरोजगारों के लिए हमारी साझा चिंताएं और लड़ाई है। आज देश को पूंजीवाद और सम्प्रदायवाद नहीं बल्कि लोकसमता एवं समाजवाद की अत्यंत आवश्यकता है। लालू ने बैठक की तस्वीरें भी साझा कीं। अखिलेश यादव ने भी बैठक की तस्वीरों को ट्वीट किया है। दोनों दलों के सूत्रों ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में यह बैठक हुई। इससे पहले अखिलेश लोकसभा की कार्यवाही में हिस्सा लेने गए थे।



राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने नई दिल्ली में समाजवादी पार्टी के प्रमुख मुलायम सिंह यादव से मुलाकात की

## क्विक न्यूज

### अल्पसंख्यकों को कमजोर वर्गों के रूप में माना जाना चाहिए: एनसीएम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि देश में अल्पसंख्यकों को कमजोर वर्गों के रूप में माना जाना चाहिए, जहां बहुसंख्यक समुदाय इतना सशक्त है। एनसीएम ने कहा कि संविधान में दिए गए सुरक्षा उपायों और वहां लागू कानूनों के बावजूद अल्पसंख्यकों में असमानता और भेदभाव की भावना बनी हुई है। एनसीएम ने एक हलफनामे में कहा, भारत जैसे देश में जहां बहुसंख्यक समुदाय सशक्त है, अनुच्छेद 46 के तहत अल्पसंख्यकों को कमजोर वर्गों के रूप में माना जाना चाहिए। चालीस-पृष्ठ के हलफनामे में कहा गया है कि यदि सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए विशेष प्रावधान और योजनाएं नहीं बनाई गई तो तो ऐसी सूरत में बहुसंख्यक समुदाय द्वारा उन्हें दबाया जा सकता है। एक याचिका के जवाब में यह हलफनामा दाखिल किया गया है जिसमें कहा गया था कि कल्याणकारी योजनाएं धर्म पर आधारित नहीं हो सकती हैं। अनुच्छेद 46 में कहा गया है कि राज्य लोगों के कमजोर वर्गों और विशेष रूप से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के शैक्षिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देगा और सभी प्रकार के सामाजिक अन्याय और शोषण से उनकी रक्षा करेगा।

### शिवसेना कार्यकर्ताओं ने मुंबई में अडानी हवाईअड्डा लिखे साइनबोर्ड को तोड़ा

मुंबई। शिवसेना कार्यकर्ताओं के एक समूह ने सोमवार दोपहर मुंबई में हवाईअड्डे के समीप छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के पास अडानी हवाईअड्डा लिखे एक साइनबोर्ड को कथित तौर पर तोड़ दिया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने साइनबोर्ड के खिलाफ नारेबाजी की। हवाई अड्डे का नाम छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर रखा गया है। कुछ कार्यकर्ता बाद में पास में स्थित वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर आ गए, जिससे शहर के मुख्य उत्तर-दक्षिण मार्ग पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया। घटना में शामिल कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है और मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। इस बीच, अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड के एक प्रवक्ता ने कहा कि मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अडानी एयरपोर्ट्स की ब्रांडिंग के आसपास की घटनाओं के आलोक में, हम पूरी तरह से आश्वस्त करते हैं कि एएएचएल ने केवल पिछली ब्रांडिंग को बदलकर अडानी एयरपोर्ट्स ब्रांडिंग किया है और छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) की टर्मिनल पर ब्रांडिंग या पोजिशनिंग में कोई बदलाव नहीं किया गया है। बयान में कहा गया कि सीएसएमआईए में ब्रांडिंग भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के मानदंडों और दिशानिर्देशों के अनुसार किया गया है। एएएचएल बड़े पैमाने पर विमानन समुदाय के हित में सरकार द्वारा निर्धारित सभी दिशानिर्देशों का पालन करना जारी रखेगा।

### मालाबार अभ्यास के अगले संस्करण में शामिल होंगे क्वॉड के चारों सदस्य देश

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना अगस्त की शुरुआत में दो महीने से अधिक समय के लिए दक्षिण चीन सागर, पश्चिमी प्रशांत और दक्षिण पूर्व एशिया जल क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति के युद्धपोतों से युक्त एक नौसैनिक कार्य समूह तैनात कर रही है, जिसका उद्देश्य रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में अपनी स्थिति को मजबूत करना है। नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक माधवाल ने कहा कि अपनी तैनाती के दौरान, पोत पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में जापान, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका की नौसेनाओं के साथ मालाबार अभ्यास के अगले संस्करण में भाग लेंगे। यह लगातार दूसरा वर्ष होगा जब क्वॉड या चतुर्भुज गठबंधन के सभी चार सदस्य देशों की नौसेनाएं विशाल नौसैनिक युद्ध अभ्यास में हिस्सा लेंगी। चीन मालाबार अभ्यास के उद्देश्य को संदेह की नजर से देखता है क्योंकि उसे लगता है कि युद्धाभ्यास हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उसके प्रभाव को नियंत्रित करने के प्रयासों का एक हिस्सा है।

## जाति आधारित जनगणना की मांग केंद्र के समक्ष उठाएंगे: नीतीश

**भाषा।** पटना



### ● कहा, राज्य स्तर पर कराने का विकल्प खुला

**बिहार के** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को कहा कि वह जाति आधारित जनगणना की मांग को केंद्र सरकार के समक्ष उठाएंगे और इस मुद्दे पर असहमति की स्थिति में उनकी सरकार एक राज्य-विशिष्ट जनगणना के लिए विकल्प खुला रखेगी। कुमार की पार्टी जद (यू) केंद्र और राज्य में भाजपा की सहयोगी है।
उन्होंने दोहराया कि बिहार में भावना सर्वसम्मति से जाति-आधारित जनगणना के पक्ष में है, जो समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित करेगी और अधिक प्रभावी शासन की सुविधा प्रदान करेगी। उन्होंने अपने साप्ताहिक जन संपर्क कार्यक्रम- जनता के दरबार में मुख्यमंत्री के मौके पर संवाददाताओं से कहा कि मैंने आज इस मुद्दे पर (प्रधानमंत्री को) पत्र लिखने की अपनी योजना के बारे में अधिकांश राजनीतिक दलों को सूचित कर दिया है। भाजपा को भी इसके बारे में सूचित किया गया है। हमें यह बताना होगा कि हम इस मुद्दे के बारे में क्या सोचते हैं।
यह केंद्र पर निर्भर करता है कि वह हमारे अनुरोध को स्वीकार करे या अस्वीकार करे। सभी जातियों की जनगणना से सामाजिक तनाव पैदा होने की आशंका को सिरे से खारिज करते हुए कुमार ने कहा, जब विधानसभा ने सर्वसम्मति से दो मौकों पर इसके समर्थन में प्रस्ताव पारित किया है, तो सभी दलों और सभी जातियों और धर्मों के सदस्यों ने इसका समर्थन किया। कोई संदेह नहीं होना चाहिए। यह देखते हुए कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली पिछली संप्रग सरकार के दौरान हुए एसईसीसी (सामाजिक आर्थिक जातिगत जनगणना) के निष्कर्षों को सांख्यिकीय सटीकता पर संदेहै के कारण सार्वजनिक नहीं किया गया था, बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा, इसलिए यह समझदारी होगी कि जब जनगणना चल रही हो तो लोगों की जाति आधारित गणना की जाए। यह कम से कम एक बार होना चाहिए। इससे सभी सामाजिक वर्गों को लाभ होगा।

## बंगाल जहरीली शराबकांड मामले में मुख्य आरोपी को उम्रकैद

**भाषा।** कोलकाता

**कोलकाता** की एक अदालत ने वर्ष 2011 में जहरीली शराब पीने से हुई 172 लोगों की मौत के मामले में मुख्य आरोपी खोड़ा बादशाह को सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। अलीपुर जिला सत्र न्यायालय ने बादशाह उर्फ नूर इस्लाम फाकिर को हत्या का दोषी करार दिया। मगराहाट थाने में दर्ज 64 लोगों की मौत से जुड़े मामले में दोषी ठहराते हुए बादशाह को यह सजा सुनाई गई। वह जहरीली शराब से जुड़े एक अन्य मामले में पहले ही उम्रकैद की सजा काट रहा है जोकि उस्थी पुलिस थाने में दर्ज था। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा कि बादशाह की मृत्यु होने तक सजा जारी रहेगी। बादशाह को लोगों को जहर देने का भी दोषी करार देते हुए 10 साल की सजा सुनाई गई। सात अन्य सह-आरोपियों को अपराध में उनकी संलिप्तता के ठोस सबूत के अभाव में बरी कर दिया।

## अफगानिस्तान जेल में बंद बेटी के प्रत्यर्पण के लिए याचिका दाखिल

**भाषा।** नई दिल्ली

### ● केरल के एक व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया

**केरल के** एक व्यक्ति ने उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया है कि वह अफगानिस्तान की पुल-ए-चरखी जेल में बंद अपनी बेटी और नाबालिग नवासी के प्रत्यर्पण व वापसी के लिए केन्द्र सरकार को निर्देश जारी करे। केरल के एर्णाकुलम जिले के निवासी वी जे सेबेस्टिन फ्रांसिस ने याचिका में कहा कि उनकी बेटी के खिलाफ यहां एनआईए ने गैर-कानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम और अन्य आरोपों के तहत मामला दर्ज कर रखा है। फ्रांसिस ने कहा कि आरोप है कि उनके दामाद ने बेटी और अन्य आरोपियों के साथ एशियाई देशों के खिलाफ युद्ध छेड़ने में एक आतंकवादी संगठन को प्रचारित करने की साजिश रची थी। याचिका में कहा गया है, इस योजना के अलावा, अफगानिस्तान में इस्लामी संगठन में शामिल होने के इरादे से पहली बंदी (बेटी) और दूसरी बंदी (नवासी) 30 जुलाई, 2016 को भारत से भाग गईं। इंटरपोल ने बंदी संख्या एक के नाम पर 22 मार्च 2017 को रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया था। फ्रांसिस ने कहा कि अफगानिस्तान पहुंचने के बाद उनके दामाद युद्ध में शामिल हुए और मारे गए। युद्ध में सक्रिय रूप से शामिल नहीं रही बेटी और नवासी को 15 नवंबर, 2019 को कई अन्य महिलाओं के साथ अफगान सेना के सामने आत्मसमर्पण करना पड़ा। एक समाचार पोर्टल को दिए साक्षात्कार के दौरान उनकी बेटी ने आईएसआईएस में शामिल होने के अपने फैसले पर पछतावा जाहिर किया था और वह भारत वापस लौटकर यहां की अदालतों में निष्पक्ष सुनवाई का सामना करना चाहती थी। भारत ने 2016 में अफगानिस्तान के साथ एक प्रत्यर्पण संधि की थी।



कोलकाता में खेला होबे दिवस का उद्घाटन करते हुए बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व खेल मंत्री अरूप विश्वास

## देश में कोविड-19 के 40,134 नए मामले आए

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत में** एक दिन में कोविड-19 के 40,134 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,16,95,958 हो गई। वहीं, लगातार छठे दिन उपचाराधीन मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 422 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 4,24,773 हो गई।
देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या भी बढ़कर 4,13,718 हो गई, जो कुल मामलों का 1.31 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में कुल 2,766 बढ़ोतरी दर्ज की गई। कोविड-19से ठीक होने की राष्ट्रीय दर 97.35 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी तक कुल 46,96,45,494 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई है, जिनमें से 14,28,984 नमूनों की जांच रविवार को की गई। दैनिक संक्रमण दर 2.81 प्रतिशत है। वहीं, साप्ताहिक संक्रमण दर 2.37 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 3,08,57,467 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 मृत्यु दर 1.34 प्रतिशत है। देश में अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की कुल 47.22 करोड़ खुराके दी जा चुकी हैं। देश में पिछले साल सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवम्बर को 90 लाख के पार हो गए। देश में 19 दिसम्बर को ए मामले एक करोड़ के पार, चार मई को दो करोड़ के पार और 23 जून को तीन करोड़ के पार चले गए थे।
आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से पिछले 24 घंटे में जिन 422 लोगों की मौत हुई, उनमें से महाराष्ट्र के 157, ओडिशा के 64 और केरल के 56 लोग थे।
मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से अभी तक कुल 4,24,773 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से महाराष्ट्र के ।,32,948, कर्नाटक के 36,587, तमिलनाडु के 34,102, दिल्ली के 25,054, उत्तर प्रदेश के 22,763, पश्चिम बंगाल के 18,149 और पंजाब के 16,794 लोग थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

### महाराष्ट्र में 4,869 नए मामले, 90की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में सोमवार को कोविड-19 के 4,869 नए मरीज सामने आए जबकि 90 मरीजों की मौत हो गई। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक नए मामलों के बाद प्रदेश में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 63,15,063हो गई जबकि महामारी से जान गंवाने वालों का आंकड़ा बढ़कर 1,33,038 हो गया। विभाग के मुताबिक प्रदेश में अब तक 61,03,325 मरीज संक्रमण से उबर चुके है जबकि फिलहाल 75,303 मरीज उपचाराधीन हैं। राज्य में स्वस्थ होने की दर 96.65 प्रतिशत और मृत्युदर 2.1 प्रतिशत है। विभाग ने एक बयान में कहा कि मुंबई में संक्रमण के 259 नए मामले सामने आए जबकि नौ और मरीजों की मौत हो गई। यहां नए मामलों के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 7,35,366 हो गई। जबकि महामारी से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 15,908 हो गई। मुंबई मंडल में आज 730 नए मामले सामने आए जबकि 15 मरीजों की जान चली गई। नासिक मंडल में संक्रमण के 829 नए मामले सामने आए जिनमें 739 के है। पुणे मंडल में 1,574 मरीज मिले तो कोल्हापुर मंडल में संक्रमण के।,399 नए मरीज मिले। प्रदेश में आज।,67,117 नमूनों की कोविड-19 जांच की गई।

# आईओसी पेट्रोनास के साथ संयुक्त उद्यम को बेच सकती है कुछ पेट्रोल पंप

**भाषा**। नई दिल्ली

**देश** की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के वित्त निदेशक एस के गुप्ता ने सोमवार को कहा कि कंपनी अपने पेट्रोल पंप नेटवर्क का कुछ हिस्सा मलेशिया की कंपनी पेट्रोनास के साथ गठित अपने संयुक्त उद्यम को बेच सकती है।

इंडियन आयल भारत में पेट्रोलियम उत्पादों का खुदरा कारोबार करने वाली सबसे बड़ी कंपनी है। देश भर में इसके नेटवर्क में 32,300 से अधिक पेट्रोल पंप हैं। कंपनी अपने विशाल ईंधन विपणन नेटवर्क का मौद्रीकरण करने के लिए ऐसा करने पर विचार कर रही है। एलपीजी के आयात के लिए पेट्रोनास के साथ आईओसी का दो दशक से अधिक पुराना संयुक्त उद्यम इंडियनऑयल पेट्रोनास प्राइवेट लिमिटेड (आईपीपीएल) है, जिसमें दोनों की 50-50 प्रतिशत हिस्सेदारी है। आईपीपीएल अपन अपने कारोबारी दायरे को बढ़ाकर उसमें ईंधन और प्राकृतिक गैस के विपणन को भी शामिल करने पर काम कर रही है। गुप्ता ने निवेशकों से वार्ता के दौरान कहा कि हमारे पास सभी विकल्प खुले हैं - आईपीपीएल नए खुदरा आउटलेट स्थापित कर सकती है, वह (राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थित पेट्रोल पंपों पर) रास्ते के किनारे सुविधाएं स्थापित कर सकती है और हम अपने कुछ मौजूदा खुदरा पंपों संयुक्त उद्यम को बेचकर मौद्रिकरण भी कर सकते हैं।

आईपीपीएल ऐसे पेट्रोल पंप स्थापित कर सकता है जो न केवल पेट्रोल और डीजल बेचेंगे, बल्कि इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग और बैटरी स्वैपिंग पॉइंट के साथ ही सीएनजी, एलपीजी और एलएनजी डिस्पेंसिंग स्टेशन भी होंगे।

## विनिर्माण क्षेत्र ने पकड़ा जोर, तीन महीनों की सबसे तेज वृद्धि

**नई दिल्ली**। मांग में सुधार और कोविड-19 के स्थानीय प्रतिबंधों में ढील के बीच भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में जुलाई 2021 में पिछले तीन महीनों की सबसे तेज वृद्धि देखी गई।

एक मासिक सर्वेक्षण ने सोमवार को यह बात कही गई। मौसमी रूप से समायोजित आईएचएस मार्किट भारत विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जून के 48.1 अंक से बढ़कर जुलाई में 55.3 अंक हो गया, जो तीन महीनों में सबसे मजबूत वृद्धि दर है। पीएमआई के तहत 50 से अधिक अंक का अर्थ है कि गतिविधियों में विस्तार हो रहा है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है।

# कुमार मंगलम ने वोडाफोन में अपनी हिस्सेदारी सरकार को सौंपने की पेशकश की

**भाषा**। नई दिल्ली

**आदित्य** बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कर्ज के बोझ से दबी वोडाफोन आइडिया लि. (वीआईएल) में अपनी हिस्सेदारी सरकार या किसी ऐसी इकाई को सौंपने की पेशकश की है जिसे सरकार समझती है कि वह कंपनी का परिचालन जारी रख सकती है।

अरबपति उद्योगपति बिड़ला ने जून में कैबिनेट सचिव राजीव गौबा को लिखे पत्र में यह पेशकश की है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वीआईएल के ऊपर समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) की कुल देनदारी 58,254 करोड़ रुपए है।

इसमें से कंपनी 7,854.37 करोड़ रुपए का भुगतान कर चुकी है और उसपर अभी 50,399.63 करोड़ रुपए का बकाया है। वीआईएल और भारती एयरटेल ने एजीआर को लेकर सरकार की गणना में सुधार के लिए उच्चतम न्यायालय में अपील की थी लेकिन उनकी अपील को खारिज कर दिया गया। बिड़ला की वीआईएल में 27 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

उन्होंने पत्र में कहा है कि एजीआर देनदारी, स्पेक्ट्रम के भुगतान के लिए पर्याप्त समय की मोहलत तथा इन सबसे जरूरी, सेवाओं की दर न्यूनतम कीमत से ऊपर रखने की व्यवस्था नहीं होने की वजह से निवेशक कंपनी में निवेश के इच्छुक नहीं हैं।

बिड़ला ने यह पत्र सात जून को लिखा है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से जुलाई तक इन तीनों मुददों पर तत्काल सक्रिय सहयोग नहीं मिलने की स्थिति में वीआईएल की वित्तीय हालत डूबने कगार पर पहुंच जाएगी, जिसको संभालना मुश्किल होगा।

# विवाद निपटारे के लिए केयर्न से कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं मिला है: सरकार

**भाषा**। नई दिल्ली

**सरकार** ने कहा कि उसे केयर्न एनर्जी की तरफ से कर उसके साथ विवाद का देश के कानूनी ढांचे के भीतर हल करने के लिए कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं मिला है। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय एक मध्यस्थता मंच ने भारत सरकार के साथ कर सबंधी विवाद में कंपनी के पक्ष में निर्णय सुनाते हुए उसे क्षतिपूर्ति और ब्याज सहित 1.7 अरब अमेरिकी डॉलर का भुगतान करे।

मध्यस्थता अदालत ने दिसंबर के अपने निर्णय में सरकार को आदेश दिया था कि वह केयर्न एनर्जी को 1.2 अरब डॉलर का मुआवजा और उस पर ब्याज तथा कानूनी लड़ाई का हर्जाना आदि चुकाए। भारत सरकार ने इस आदेश को स्वीकार नहीं किया, जिसके बाद केयर्न एनर्जी ने भारत सरकार की संपत्ति को जब्त करके देय राशि की वसूली के लिए विदेशों में कई न्यायालयों में अपील की। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि फ्रांस की एक अदालत ने भारत सरकार की कुछ संपत्तियों को पेरिस में जब्त करने का आदेश पारित किया है।

यह पूछे जाने पर कि क्या केयर्न ने विवाद के किसी भी प्रकार के सौहार्दपूर्ण समाधान की पेशकश की है, चौधरी ने कहा कि देश के कानूनी ढांचे के भीतर समाधान के लिए कोई औपचारिक प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। हालांकि उन्होंने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया।

इस संबंध में हर्जाना वसूलने के लिए एक फ्रांसीसी अदालत से फ्रांस में 20 भारतीय सरकारी संपत्तियों को जब्त करने का आदेश दिया। तीन सदस्यीय अंतराष्ट्रीय पंचाट ने पिछले साल दिसंबर में एकमत से केयर्न पर भारत सरकार की पिछली तारीख से संशोधित कर कानून के आधार पर कंपनी से कर की मांग को खारिज कर दिया था। न्यायाधिकरण में भारत की ओर से नियुक्त एक जज भी शामिल थे। न्यायाधिकरण ने सरकार को उसके द्वारा बेचे गए शेयरों, जब्त लाभांश और कर रिफंड को वापस करने का निर्देश दिया है।

चार साल के दौरान पंचनिर्णय प्रक्रिया में शामिल रहने के बावजूद भारत सरकार ने इस फैसले को स्वीकार नहीं किया और न्यायाधिकरण की सीट- नीदरलैंड की अदालत में इसे चुनौती दी थी। इस आदेश के बाद के शुरुआती महीनों में सरकार चाहती थी कि विवाद का निपटारा विवाद से विश्वास योजना के तहत हो। कर विवाद को निपटाने के लिए लाई गई यह योजना अब बंद हो चुकी है

# वैश्विक रुख से शेयर बाजार में तेजी

**भाषा**। मुंबई

**शेयर** बाजारों में इस सप्ताह की शुरूआत तेजी के साथ हुई और सोमवार को दोनों मानक सूचकांक (बीएसई सेंसेक्स और एनएसई-निफ्टी) बढ़त के साथ बंद हुए। कंपनियों के बेहतर वित्तीय परिणाम, अनुकूल वृहत आर्थिक आंकड़े तथा विदेशों में मजबूत रुख का घरेलू बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। जुलाई में बेहतर बिक्री आंकड़े से वाहन कंपनियों के शेयरों में तेजी से बाजार को मजबूती मिली। आईटी शेयरों में भी अच्छी लिवाली देखने को मिली।

30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 363.79 अंक यानी 0.69 प्रतिशत की तेजी के साथ 52,950.63 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी 122.10 अंक यानी 0.77 प्रतिशत मजबूत होकर 15,885.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में 3.25 प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में टाइटन का शेयर रहा। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, टीसीएस, मारुति और इन्फोसिस भी प्रमुख रूप से लाभ में रहें।

एचडीएफसी का शेयर 0.88 प्रतिशत मजबूत हुआ। आवास ऋण देने वाली सबसे बड़ी वित्तीय कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ जून तिमाही में 31 प्रतिशत बढ़कर 5,311 करोड़ रुपए रहने की खबर से कंपनी का शेयर चढ़ा।

दूसरी तरफ, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, सन फार्मा, डा. रेड्डीज और एचडीएफसी बैंक समेत अन्य शेयरों में 1.66 प्रतिशत तक की गिरावट रही। रिलायंस सिक्योरिटीज के रणनीति प्रमुख विनोदी मोदी ने कहा कि वैश्विक शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और वाहनों के शेयरों में तेजी से मानक सूचकांकों को समर्थन मिला।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा, वित्तीय, आईटी और दवा कंपनियों के शेयरों में तेजी से भी बाजार को मजबूती मिली। मुंबई में जुलाई में संपत्ति के पंजीकरण में तीव्र वृद्धि के बाद रियल्टी कंपनियों के शेयरों पर जोर रहा। वहीं वाहनों की बिक्री में वृद्धि से मूल उपकरण विनिर्माताओं के शेयरों में तेजी रही।

मांग में सुधार और कोविड-19 के स्थानीय प्रतिबंधों में ढील के बीच देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में जुलाई 2021 में पिछले तीन महीनों की सबसे तेज वृद्धि देखी गई। मौसमी रूप से समायोजित आईएचएस मार्किट भारत विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जून के 48.1 अंक से बढ़कर जुलाई में 55.3 अंक हो गया, जो तीन महीनों में सबसे मजबूत वृद्धि दर है।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के साथ रियल्टी, वाहन, आईटी तथा रसायन क्षेत्रों ने घरेलू बाजार को गति दी। जुलाई महीने में वाहन बिक्री में सुधार देखा गया। इसके अलावा संपत्ति पंजीकरण में वृद्धि से रियल एस्टेट परिदृश्य में सुधार से इन क्षेत्रों में कारोबार ऊंचा रहा।

उन्होंने कहा कि अमेरिका में 1,000 अरब डॉलर का बुनियादी ढांचा खर्च के पैकेज ने अर्थव्यवस्था के लिहाज से बेहतर संभावना की उम्मीद दी है। इससे वैश्विक बाजारों में माह की शुरूआत मजबूती के साथ हुई। एशिया के अन्य बाजारों में शंघाई, सियोल, टोक्यो और हांगकांग लाभ में रहें। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी मध्याह्न कारोबार में तेजी का रुख रहा। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74.39 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 8 पैसे मजबूत होकर 74.34 पर पहुंच गई।

## बंगाल के वित्त मंत्री ने सीतारमण को पत्र लिखा

**कोलकाता**। पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री अमित मित्रा ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर सार्वजनिक बीमा कंपनियों के निजीकरण की दिशा में आगे नहीं बढ़ने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि निजीकरण के कदम से देश के लोगों में असुरक्षा और संकट की भावना पैदा हुई है। मित्रा ने पत्र में कहा, मैं सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों का निजीकरण करने के भारत सरकार के नीतिगत फैसले पर अपनी ओर से चिंता व्यक्त कर सकता हूं, जो अर्थव्यवस्था के स्तंभ हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनी यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस का निजीकरण करने की योजना बना रही है, साथ ही भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की हिस्सेदारी बेचने की योजना भी है।

# देश का निर्यात जुलाई में 47 प्रतिशत बढ़कर 35.17 अरब डॉलर पर

**भाषा**। नई दिल्ली

**देश** का निर्यात जुलाई में 47.19 प्रतिशत बढ़कर 35.17 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पेट्रोलियम, इंजीनियरिंग और रत्न एवं आभूषण क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन की वजह से कुल निर्यात में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। आंकड़ों के अनुसार जुलाई में आयात भी 59.38 प्रतिशत की वद्धि के साथ 46.40 अरब डॉलर रहा। इस तरह व्यापार घाटा 11.23 अरब डॉलर रहा। समीक्षाधीन महीने में पेट्रोलियम निर्यात बढ़कर 3.82 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

इंजीनियरिंग निर्यात 2.82 अरब डॉलर और रत्न एवं आभूषण निर्यात 1.95 अरब डॉलर रहा। हालांकि जुलाई में तिलहन, चावल, मांस, डेयरी और पॉल्ट्री उत्पादों के निर्यात में गिरावट आई। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, जुलाई में पेट्रोलियम, कच्चे तेल और उत्पादों का आयात 97 प्रतिशत बढ़कर 6.35 अरब डॉलर पर पहुंच गया। सोने का आयात 135.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 2.42 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह मोती, बहुमूल्य और अर्द्धबहुमूल्य रत्नों का आयात 1.68 अरब डॉलर रहा।

हालांकि माह के दौरान परिवहन उपकरणों, परियोजना सामान तथा चांदी के आयात में गिरावट आई। आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) तथा बेल्जियम को निर्यात बढ़कर क्रमश: 2.4 अरब डॉलर, 1.21 अरब डॉलर और 48.9 करोड़ डॉलर रहा।

## कोविड-19 के चलते ऑटो एक्सपो 2022 स्थगित

**नई दिल्ली**। अगले साल फरवरी में ग्रेटर नोएडा में होने वाले देश के प्रमुख ऑटोमोबाइल शो-ऑटो एक्सपो को कोविड-19 महामारी के चलते स्थगित कर दिया गया है। उद्योग निकाय सियाम ने सोमवार को कहा कि कोविड-19 महामारी की तीसरी लहर की आशंका के चलते ऑटो एक्सपो को स्थगित किया गया है। दो साल में एक बार आयोजित होने वाला यह शो आखिरी बार फरवरी 2020 में हुआ था। सोसाइटी ऑफ ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के महानिदेशक राजेश मेनन ने एक बयान में कहा, ऑटो एक्सपो जैसे कारोबारी शो में संक्रमण फैलने का जोखिम बहुत अधिक है, क्योंकि इसमें भीड़ बहुत अधिक होती है और सामाजिक दूरी बनाए रखना मुश्किल होगा। इसलिए इसे स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि ऑटो एक्सपो की अगली तारीख को इस साल के अंत में अंतिम रूप दिया जाएगा।

# पॉलिसी बाजार ने 6,017.5 करोड़ के आईपीओ के लिए आवेदन किया

**भाषा**। नई दिल्ली

**ऑनलाइन** बीमा मंच पॉलिसीबाजार और ऋण तुलना पोर्टल पैसाबाजार का संचालन करने वाली कंपनी पीबी फिनटेक ने बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए 6,017.5 करोड़ रुपए जुटाने के लिए आवेदन किया है। ड्रॉफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी)के मुताबिक आईपीओ में 3,750 करोड़ रुपए के इक्विटी शेयरों का एक नया निर्गम होगा, जबकि इसमें मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 2,267.50 करोड़ रुपए की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। ओएफएस के तहत एसवीएफ पायथन-दो (केमैन) 1,875 करोड़ रुपए के शेयर बेचेगा, यशिश दहिया 250 करोड़ रुपए के शेयर बेचेंगे और कुछ अन्य शेयरधारक भी शेयरों की पेशकश करेंगे। पीबी फिनटेक आईपीओ से पहले इक्विटी शेयरों के निजी नियोजन के जरिए करीब 750 करोड़ रुपए जुटाने पर विचार कर सकती है। कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी, मॉर्गन स्टेनली इंडिया कंपनी, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, आईआईएफएल सिक्योरिटीज और जेफरीज इंडिया इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं। पीबी फिनटेक बीमा और ऋण उत्पादों के लिए अग्रणी ऑनलाइन मंच है, जो प्रौद्योगिकी, डेटा और नवाचार के कारण बढ़त हासिल है।

# मारुति के चेयरमैन ने कहा जीएसटी की ऊंची दर

**भाषा**। नई दिल्ली

**माल** एवं सेवा कर (जीएसटी) की ऊंची दर तथा अधिग्रहण की ऊंची लागत की वजह से देश में कारों की मांग सुस्त बनी हुई है। देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के चेयरमैन आरसी भार्गव ने यह बात कही है।

कंपनी की 2020-21 की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए भार्गव ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें जब तक अधिग्रहण की लागत को कम करने के लिए कदम नहीं उठाएंगी, कार बाजार में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं होगी। उन्होंने कहा कि दुनिया के प्रमुख देशों में भारत में जीएसटी की दर सबसे ऊंची है। भार्गव ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी की दूसरी लहर से चालू वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही प्रभावित हुई है। अगली तीन तिमाहियों का प्रदर्शन काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगा कि लोगों का टीकाकरण कितना प्रभावी है और वे सुरक्षा प्रोटोकॉल का कैसे अनुपालन कर रहे हैं। मारुति के चेयरमैन ने कहा कि उत्पादन और बिक्री में फिर गिरावट आई है और पिछली तिमाही में जो सुधार शुरू हुआ था, उसे झटका लगा है। पहली तिमाही की बिक्री का आंकड़ा 3,53,600 इकाई पर सीमित रहा है। भार्गव ने इस बात पर जोर दिया कि भविष्य का परिदृश्य इस बात पर निर्भर करेगा कि संक्रमण को कैसे नियंत्रित किया जाता है। अगली तीन तिमाहियों का प्रदर्शन हमारे नागरिकों के टीकाकरण और उनके द्वारा सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुपालन पर निर्भर करेगा।

## पहली तिमाही में इंदौर सेज से 21.5 प्रतिशत बढ़ा

**इंदौर**। खासकर जीवनरक्षक दवाओं की मांग में उछाल से मौजूदा वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के दौरान इंदौर के विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) से निर्यात में करीब 21.5 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई और यह लगभग 3,103.32 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में इस बहुउत्पादीय सेज से 2,555.42 करोड़ रुपए का निर्यात किया गया था। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के एक आला अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस साल अप्रैल से जून के बीच इंदौर सेज से हुए निर्यात में करीब 65 फीसद भागीदारी दवाओं, खासकर जीवनरक्षक औषधियों की रही। उन्होंने बताया कि फिलहाल इंदौर सेज में फार्मा, पैकेजिंग सामग्री, इंजीनियरिंग, वस्त्र निर्माण और खाद्य प्रसंस्करण समेत अलग-अलग क्षेत्रों के 67 संयंत्र चल रहे हैं।

# पांच लाख करोड़ से अधिक की छह लाख आवासीय इकाइयों के निर्माण में देरी

**भाषा**। मुंबई

**रिपोर्ट**

**देश** में 2021 के मध्य में सात शहरों में पांच लाख करोड़ रुपए मूल्य से अधिक की छह लाख मकानों के निर्माण कार्य अटक गए या फिर उसमें देरी हुई है। जमीन, मकान के बारे में परामर्श देने वाली कंपनी ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एनरॉक प्रोपर्टी कंसल्टेंट की रिपोर्ट में कहा गया है कि इन इकाइयों के सात शहरों में परियोजनाएं हैं। ए परियोजनाएं 2014 या उससे पहले शुरू की गई थी। रिपोर्ट के अनुसार 1.40 लाख करोड़ रुपए की 1.74 लाख मकान पूरी तरह से अटके पड़े हैं और इनमें से दो तिहाई इकाइयों की कीमत 80 लाख रुपए से कम है। इसमें कहा गया है कि सरकार की सस्ते और मध्यम आय की श्रेणी वाले मकानों के लिए कोष की विशेष सुविधा (एसडब्ल्यूएएमआईएच) से कई परियोजनाओं को राहत मिली लेकिन यह साफ नहीं है कि इस योजना से वास्तव में कितनी मदद मिली। रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली (एनसीआर) में सर्वाधिक आवासीय परियोजनाएं अटकी पड़ी हैं। इनमें 1.13 लाख मकान फंसे पड़े हैं, जिनका मूल्य 86,463 करोड़ रुपए है। उसके बाद मुंबई महानगर क्षेत्र में 42,417 करोड़ रुपए मूल्य के 41,730 मकान अटके पड़े हैं। फंसी पड़ी परियोजनाओं के मामले में एनसीआर अब आगे हैं। इस क्षेत्र में 6 लाख से अधिक इकाइयों में से 52 प्रतिशत फंसे पड़े हैं या उन्हें पूरा करने में देरी हुई हैं। इनका कुल मूल्य 2.49 लाख करोड़ रुपए है। वहीं मुंबई महानगर क्षेत्र में 1.52 लाख करोड़ रुपए की 28 प्रतिशत मकान अटके पड़े हैं। अटकी पड़ी या देरी वाली परियोजनाओं की सूची में पुणे में 29,390 करोड़ रुपए की 8 प्रतिशत जबकि कोलकाता में 17,960 करोड़ रुपए के 5 प्रतिशत मकान अटके पड़े हैं। रिपोर्ट के अनुसार दक्षिणी राज्यों के शहरों में ज्यादातर आवासीय परियोजनाएं पटरी पर हैं। हैदराबाद, चेन्नई और बेंगलुरु का फंसी पड़ी परियोजनाओं में योगदान केवल 11 प्रतिशत है। एनरॉक प्रोपर्टी कंसल्टेंट के अनुसंधान मामलों के प्रमुख प्रशांत ठाकुर ने कहा कि देरी या अटकी परियोजनाओं की संख्या में एनसीआर की हिस्सेदारी 2021 के मध्य में बढ़कर 52 प्रतिशत हो गई, जबकि पिछले बार के अध्ययन में 2019 के अंत तक यह 35 प्रतिशत थी।

# पेज 1 का शेष

## चैंपियन को चित कर...

भाग्य भारत के साथ था जो दूसरे मिनट में स्टीफेनी केरशॉ के क्रास पर एंब्रोसिया मालोनी का शॉट पोस्ट से टकराने के कारण आस्ट्रेलिया बढ़त हासिल नहीं कर पाया। भारतीय खिलाड़ी हालांकि अधिक आत्मविश्वास में दिखी। भारत नौवें मिनट में गोल करने के करीब भी पहुंच गया था। लालरेमसियामी और वंदना कटारिया के प्रयासों से भारत ने आस्ट्रेलियाई रक्षापंक्ति में सेंध लगाई लेकिन रानी रामपाल का शॉट पोस्ट से टकरा गया। भारत ने पहले क्वार्टर में गेंद पर अच्छा नियंत्रण बनाया और दूसरे क्वार्टर में भी अपने खेल में निरंतरता बनाए रखी। आस्ट्रेलिया को 19वें मिनट में मैच का पहला पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन भारतीयों ने बेहतरीन रक्षण से यह खतरा टाल दिया। इसके बाद मोनिका के आस्ट्रेलियाई सर्कल में बेहतरीन प्रयास से भारत ने पेनल्टी कार्नर हासिल किया और गुरजीत ने उसे गोल में बदलकर 22वें मिनट में टीम को बढ़त दिला दी। गोल के बाएं छोर पर गए उनके शॉट का आस्ट्रेलियाई रक्षकों के पास कोई जवाब नहीं था। भारत के पास 26वें मिनट में बढ़त दोगुनी करने का मौका था जब सलीमा टेटे बीच मैदान से गेंद लेकर आगे बढ़ी लेकिन उनका शॉट निशाने पर नहीं लगा। इस तरह से रानी रामपाल की अगुवाई वाली टीम मध्यांतर तक 1-0 से आगे थी। आस्ट्रेलिया गोल करने के लिए बेताब था और उसने तीसरे क्वार्टर के शुरू में स्टीवर्ट ग्रेस के प्रयासों से मौका भी बनाया लेकिन भारतीय गोलकीपर सविता ने मारिया विलियम्स के शॉट को रोककर यह हमला नाकाम कर दिया। आस्ट्रेलिया ने इसके बाद दो पेनल्टी कार्नर हासिल किए लेकिन सविता की अगुवाई में भारतीय रक्षापंक्ति अद्‌भुत और अदम्य साहस दिखाकर खतरे टालती रही। इस क्वार्टर में भारत की मध्यपंक्ति और रक्षापंक्ति का खेल दर्शनीय रहा। सुशील चानू, दीप ग्रेस एक्का, सलीमा टेटे, मोनिका सभी ने बेहतरीन खेल दिखाया। इस क्वार्टर में भारत के पास गोल करने का सबसे अच्छा मौका 44वें मिनट में था जब शर्मिला देवी ने दाएं छोर से गेंद रानी को थमाई लेकिन वह फिर से निशाने पर शॉट जमाने से चूक गई। भारतीय रक्षकों ने चौथे क्वार्टर में भी बेहतरीन खेल दिखाया। आस्ट्रेलिया के पास 50वें मिनट में गोल करने का मौका था लेकिन इस बार निक्की प्रधान उसकी राह में रोड़ा बनी। आस्ट्रेलिया को इसके बाद लगातार दो पेनल्टी कार्नर मिले लेकिन सविता रूपी दीवार को भेद पाना उसके लिए मुश्किल था। आस्ट्रेलिया ने मैच समाप्त होने से दो मिनट पहले पेनल्टी कार्नर हासिल किया लेकिन सविता ने फिर से भारत पर आया खतरा टाल दिया। अंतिम सीटी बजने के साथ ही भारतीय खिलाड़ी झूमने लगी और एक दूसरे के गले लग गई। भारतीय कोच सोर्ड मारिन भी खुशी में उछल पड़े और उनके आंसू निकल आए।

## पैरालंपियन निशानेबाज को...

यह सुनवाई इसलिए महत्वपूर्ण थी क्योंकि प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष निशानेबाज की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने इस मामले का उल्लेख कर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध करते हुए कहा था कि सुनवाई में देरी से खेलों के लिए भारतीय दल में शामिल किए जाने से जुड़ी उनकी याचिका का कोई मतलब नहीं रहेगा क्योंकि टोक्यो पैरालंपिक्स में शूटिंग प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेने के लिए चयन की आखिरी तारीख दो अगस्त है।

## दावा: इसी महीने आ...

कोव-इंड-19 पर मिशिगन यूनिवर्सिटी के अध्ययन दल का ताजा आंकड़ा भी निराश करने वाला है, जिसमें कहा गया है कि भारत का आर काउंट 30 जुलाई को 1.01 तक पहुंच गया है। 12 मई के बाद दूसरी लहर खत्म होने के पश्चात भारत में पहली बार आर वैल्यू एक तक पहुंची है। आर वैल्यू कोविड-19 की मौजूदगी तथा उसके प्रसार के बारे में महत्वपूर्ण संकेतक है। केरल और पूर्वोत्तर राज्यों में काफी संख्या में सक्रिय मामले सामने आ रहे हैं। वहीं ताजा आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में आर काउंट एक से ज्यादा हो गया है। विशेषज्ञों के मुताबिक आर काउंट यदि एक से कम है तो इसका मतलब केस कम हो रहे हैं।

## भारत, चीन पूर्वी लद्दाख...

वे बाकी बचे मुद्दों को वर्तमान समझौतों एवं प्रोटोकॉल के अनुसार त्वरित आधार पर हल करने को लेकर सहमत हुए। साथ ही बातचीत एवं वार्ता की गति बरकरार रखने पर भी सहमति जताई गई। इसके मुताबिक, दोनों पक्ष एलएसी पर स्थिरता सुनिश्चित करने के प्रभावी प्रयासों को जारी रखने को लेकर भी सहमत हुए। भारतीय और चीनी सेनाओं के शीर्ष कमांडरों के बीच शनिवार को नौ घंटे लंबी बैठक चली थी और इस दौरान खास तौर पर पूर्वी लद्दाख में गतिरोध वाले बाकी बचे बिंदुओं से सैनिकों की वापसी प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित किया गया। शनिवार की बैठक के दौरान भारत ने हॉट स्प्रिंग, गोगरा और देप्सांग में लंबित मुद्दों के समाधान पर जोर दिया था। बातचीत का यह दौर पिछली बार हुई वार्ता से साढ़े तीन महीने से भी ज्यादा समय के बाद हो रहा है। इससे पहले 11वें दौर की सैन्य वार्ता नौ अप्रैल को एलएसी पर भारत की ओर चुशुल सीमा बिंदु पर हुई थी और यह बातचीत करीब 13 घंटे तक चली थी। इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दृढ़ता के साथ अपने चीनी समकक्ष वांग ई को यह बताया था कि पूर्वी लद्दाख में मौजूदा स्थिति का लंबे समय से ऐसे बने रहने का असर नकारात्मक तरीके से द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित करता नजर आ रहा है। दोनों विदेश मंत्रियों ने 14 जुलाई को ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन से इतर करीब एक घंटे तक द्विपक्षीय बैठक की थी। इसके करीब दो हफ्ते बाद वार्ता का 12वां दौर हुआ।

## राहुल ने विपक्षी नेताओं...

राहुल गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा कि संसद में विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भारत और उसके संस्थानों के खिलाफ पेगासस का उपयोग करके देश के लोकतंत्र को कलंकित कर रहे हैं। राहुल और अन्य विपक्षी नेताओं ने सवाल किया कि इस मुद्दे पर संसद में चर्चा क्यों नहीं की जा सकती। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि विपक्ष इस मुद्दे को उठाकर संसद की कार्यवाही में बाधा नहीं डाल रहा बल्कि अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। सुप्रीम कोर्ट 5 अगस्त को इजरायल की साइबर सुरक्षा फर्म एनएसओ समूह द्वारा बनाए गए पेगासस सॉफ्टवेयर से निगरानी के आरोपों की स्वतंत्र जांच की मांग वाली याचिकाओं पर भी विचार करने वाला है। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ के समक्ष इन याचिकाओं को सूचीबद्ध किया गया है। इस मामले में अदालत के समक्ष तीन याचिकाएं हैं, एक वरिष्ठ पत्रकार एन राम और शशि कुमार द्वारा दायर की गई हैं, दूसरी अधिवक्ता एमएल शर्मा द्वारा और तीसरी सीपीआई (एम) के राज्यसभा सांसद जॉन ब्रिटास द्वारा दायर की गई है।

## नीतीश ने की फोन टैपिंग...

बाद में सभी अलग-अलग दलों में चले गए लेकिन रिश्ता अभी भी बना हुआ है। चौटाला से मुलाकात को लेकर भाजपा की नाराजगी पर पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए नीतीश ने कहा, इसको लेकर किसी को भी कोई नाराजगी नहीं है। कोई राजनीतिक बात नहीं हुई है। हमलोगों की समाजवादी पृष्ठभूमि है। पुराने संबंध वाले व्यक्ति से मुलाकात करने में भला किसी को क्यों ऐतराज होगा।

## जॉनसन एंड जॉनसन ने...

लेकिन इसके कुछ हफ्तों बाद वैक्सीन को दुर्लभ किस्म की खून के थक्के जमने की गंभीर बीमारी से जोड़ा गया था। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक जे एंड जे की वैक्सीन की हल्के और मध्यम कोविड मामले में प्रभावकारिता 66.3 फीसदी तथा गंभीर मामलों 76.3 फीसदी है। इसके अतिरिक्त टीका लगवाने के 28 दिन के बाद कोविड-19 के कारण अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं पड़ती। जॉनसन एंड जॉनसन का कहना है कि उसकी एक खुराक वाली वैक्सीन डेल्टा वैरिएंट तथा अन्य उभरते स्ट्रेन के खिलाफ काफी प्रभावी है।

## कोवैक्सीन डेल्टा स्ट्रेन...

इसमें डेल्टा, डेल्टा एवाई.1 और बी.1.617.3 के खिलाफ बीबीवी152 टीकों का मूल्यांकन किया गया। सार्स-सीओवी-2 स्वरूप बी.1.617.2 (डेल्टा) स्वरूप के हाल में सामने आने के बाद इसके तेजी से फैलने के कारण भारत में दूसरी लहर आई है। कोवैक्सीन की प्रभावशीलता डेल्टा स्वरूप के खिलाफ 65.2 प्रतिशत है। इसके बाद, डेल्टा आगे डेल्टा एवाई.1, एवाई.2, और एवाई.3 में बदल गया। अध्ययन में कहा गया है कि इनमें से एवाई.1 स्वरूप का पहली बार भारत में अप्रैल 2021 में पता चला था और बाद में 20 अन्य देशों में भी इसके मामले सामने आये। भारत बायोटेक ने तीन जुलाई को चरण तीन परीक्षणों से कोवैक्सीन प्रभावकारिता के अंतिम विश्लेषण को पूरा करते हुए कहा था कि कोवैक्सीन की कोविड-19 के खिलाफ प्रभावशीलता 77.8 प्रतिशत और बी.1.617.2 डेल्टा स्वरूप के खिलाफ 65.2 प्रतिशत रही थी।

## जीका का पहला मामला...

बयान में कहा गया है कि यह राज्य में जीका वायरस के मामलों के प्रबंधन के लिए आवश्यक सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की भी सिफारिश करेगी।

# पदक पक्का करने उतरेगी पुरुष टीम

## ● विश्व चैंपियन बेल्जियम से होगा मुकाबला आज

## ● भारत ने 41 साल पहले मास्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था

**भाषा** । टोक्यो




**भारतीय** पुरुष हाकी टीम मंगलवार को यहां सेमीफाइनल में विश्व चैंपियन बेल्जियम को हराकर फाइनल में जगह बनाते हुए 41 साल में पहला ओलंपिक पदक सुनिश्चित करने के लक्ष्य के साथ उतरेगी। आठ स्वर्ण पदक सहित 11 ओलंपिक पदक जीतने वाले भारत का खेलों में समृद्ध इतिहास है और मनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम उस गौरव को लौटाने की राह पर है। भारत ने रविवार को क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और अब टीम पदक जीतने की दहलीज पर खड़ी है।

भारत ने अपने आठ स्वर्ण पदक में से आखिरी पदक 1980 मॉस्को खेलों में जीता था लेकिन उन खेलों के दौरान सेमीफाइनल मुकाबला नहीं हुआ था क्योंकि सिर्फ छह टीमों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था।

हाकी को मेजर ध्यानचंद और बलबीर सिंह सीनियर जैसे महान खिलाड़ी देने वाला भारत मौजूदा ओलंपिक से पहले कई ओलंपिक तक हॉकी के मैदान से खाली हाथ लौटता रहा है। भारत ने पिछली बार 1972 म्यूनिख ओलंपिक के दौरान सेमीफाइनल में हिस्सा लिया था और तब उसे चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 0-2 से हार झेलनी पड़ी थी।

ग्राहम रीड के मार्गदर्शन में खेल रही भारतीय टीम को पता है कि बेल्जियम के खिलाफ मंगलवार को एक और अच्छा प्रदर्शन टीम का नाम इतिहास में दर्ज करा देगा, फिर चाहे पदक का रंग कोई भी क्यों ना हो। आस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने दूसरे ग्रुप मैच में ।-7 की करारी शिकस्त के बाद भारतीय टीम लगातार चार मैच जीत चुकी है और बेल्जियम के खिलाफ भी मनप्रीत सिंह की टीम इस लय को बरकरार रखना चाहेगी, लेकिन मैदान पर भारत की राह इतनी आसान नहीं होने वाली क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में बेल्जियम की टीम में काफी सुधार हुआ है। बेल्जियम की टीम मौजूदा विश्व और यूरोपीय चैंपियन होने के अलावा दुनिया की नंबर एक टीम भी है। रैंकिंग के लिहाज से हालांकि दोनों टीमों के बीच अधिक अंतर नहीं है क्योंकि भारत भी दुनिया की तीसरे नंबर की टीम है। हाल में दोनों टीमों के बीच भिड़ंत का आंकड़ा भी भारत के पक्ष में है। भारत ने 2019 में बेल्जियम के दौरे पर मेजबान टीम के खिलाफ तीनों मुकाबले जीते थे।

उस दौरे पर भारत ने बेल्जियम को 2-0, 3-1 और 5-1 से हराया था। दोनों टीमों के बीच इस साल मार्च में भारत के यूरोपीय दौरे के दौरान हुए मुकाबले को भी मनप्रीत सिंह की टीम ने 3-2 से जीता था। बेल्जियम के खिलाफ पिछले पांच मैचों में भारत ने चार जीत दर्ज की हैं। ओलंपिक में हालांकि दोनों टीमों के बीच हुए पिछले मुकाबले में बेल्जियम ने रियो ओलंपिक में 3-1से बाजी मारी थी। भारत मौजूदा ओलंपिक में पूल ए में आस्ट्रेलिया के बाद दूसरे स्थान पर रहा जबकि बेल्जियम की टीम चार जीत और एक ड्रा के साथ पूल बी में शीर्ष पर रही थी। बेल्जियम के खिलाफ हाल के मुकाबलों में दबदबा बनाने के बावजूद अगर भारत को मंगलवार को जीत दर्ज करनी है तो अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा।

मनप्रीत भी क्वर्टर फाइनल में जीत के बाद अपने खिलाड़ियों को चेता चुके हैं। उन्होंने कहा था, अभी काम खत्म नहीं हुआ है। हम इतने अधिक खुश हैं क्योंकि हमने लंबे समय बाद सेमीफाइनल में जगह बनाई है। लेकिन अब भी काम खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमें अभी दो मैच खेलने हैं इसलिए हमें एकाग्रता बनाए रखनी होगी, हमें अपने पैर जमीन पर रखने होंगे और अगले मैच पर ध्यान देने की जरूरत है।

### भावनाओं को काबू में रखो, कार्ड से बचोः रीड

**टोक्यो**। भारतीय पुरुष हाकी टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने मंगलवार को तोक्यो ओलंपिक में बेल्जियम जैसी मजबूत टीम के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल से पहले अपने खिलाड़ियों को भावनाओं पर काबू रखने और कार्ड से बचने को कहा है। भारत ने ओलंपिक में अपना पिछला पदक 1980 मॉस्को खेलों में जीता था। रीड ने कहा कि वह रविवार को क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ 3-1 की जीत से खुश हैं लेकिन उन्होंने कहा कि टीम को उस मैच में दो हरे और एक पीला कार्ड मिला जिससे टीम को बेल्जियम के खिलाफ बचना होगा। रीड ने कहा कि हमने कड़ी टक्कर दी और कभी कभी क्वार्टर फाइनल जैसे कड़े मुकाबलों के अंतिम लम्हों में आपको ऐसा नहीं करना होता है। आपको अपना सब कुछ झोंकना होता है। उन्होंने कहा कि कल हम काफी भाग्यशाली रहे क्योंकि उन्होंने (ग्रेट ब्रिटेन) हमारी तुलना में अधिक मौक बनाए लेकिन हमारा पेनल्टी कॉर्नर रक्षण और विशेष रूप से गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने शानदार प्रदर्शन किया।

## महिला टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने पर झूमे दिग्गज

**नई दिल्ली**। महिला हाकी टीम के पहली बार ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद भारतीय खेल समुदाय ने इसे देश की हाकी के लिए स्वर्णिम पल करार दिया। भारतीय पुरुष टीम के 49 वर्ष बाद ओलंपिक सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद सोमवार को महिला टीम ने आस्ट्रेलिया की विश्व में नंबर दो टीम को 1-0 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।

पूर्व भारतीय हाकी कप्तान वीरेन रासकुइन्हा ने इसे स्वर्णिम पल करार देते हुए कहा कि भारतीयों ने जिस तरह से अपने गोल का बचाव किया उससे काफी प्रभावित हूं। उन्होंने केवल बचाव ही नहीं किया उन्होंने बढ़त मजबूत करने की भी कोशिश की। उन्होंने आस्ट्रेलियाई सर्किल में घुसने में हिचकिचाहट नहीं दिखाई। ड्रैगफ्लिकर गुरजीत कौर ने 22वें मिनट में पेनाल्टी कार्नर पर गोल किया जो बाद में निर्णायक साबित हुआ। रासकुइन्हा ने कहा कि दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के खिलाफ गोल करना शानदार है। वह अपनी सर्वश्रेष्ठ फार्म में नहीं थी। भाग्य ने भी साथ दिया लेकिन मायने यह रखता है कि भारत के खाते में गोल जुड़ गया। भारत सेमीफाइनल में बुधवार को अर्जेंटीना का सामना करेगा।

खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने टीम को बधाई देते हुए ट्वीट किया, शानदार प्रदर्शन। महिला हॉकी टीम हर कदम पर इतिहास रच रही है। आस्ट्रेलिया को हराकर हम पहली बार ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। पूर्व खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा, भारत का सपना सच हो रहा है। हमारी महिला हॉकी टीम ने आस्ट्रेलिया को हराया। भारत की पुरुष और महिला टीम टोक्यो ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। मेरे पास अपनी खुशी व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं हैं। प्रायोजन के जरिए हॉकी टीमों का समर्थन करने में सबसे आगे रहे ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि भारतीय महिला हॅकी टीम को बधाई। टीम ने टोक्यो 2020 के क्वार्टर फाइनल में आस्ट्रेलिया पर जोरदार जीत दर्ज की। टीम अपनी जीत का सिलसिला जारी रखे और देश का नाम रोशन करे। टीम को शुभकामनाएं। अपने जमाने के दिग्गज हॉकी खिलाड़ी और पूर्व कप्तान धनराज पिल्लै ने कहा कि टीम ने अपनी वास्तविक क्षमता दिखाई।

# चक्का फेंक में कमलप्रीत छठे स्थान पर, दुती चूकीं

## ● धाविका दुती 200 मी. के सेमीफाइनल में भी जगह नहीं बना सकीं

**भाषा** । टोक्यो




**भारतीय** चक्का फेंक खिलाड़ी कमलप्रीत कौर अपने पहले ओलंपिक के वर्षाबाधित फाइनल में 63.70 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो लगाकर छठे स्थान पर रही जबकि फर्राटा धाविका दुती चंद 200 मीटर के सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सकी। शनिवार को क्वालीफाइंग दौर में दूसरे स्थान पर रही कमलप्रीत छह दौर के फाइनल में कभी भी पदक की दौड़ में नहीं रही। बारिश के कारण मुकाबला एक घंटे तक बाधित रहा। कमलप्रीत ने तीसरे दौर में 63.70 मीटर का थ्रो फेंका और छठे स्थान पर रही। इससे पहले 2010 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता कृष्णा पूनिया भी लंदन ओलंपिक 2012 में छठे स्थान पर रही थी। अपने निजी कोच के बिना आई कमलप्रीत पूरे फाइनल में नर्वस नजर आई। अभी तक वह एकमात्र अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट विश्व यूनिवर्सिटी खेल 2017 में भाग ले पाई हैं और उनमें आत्मविश्वास का अभाव दिख रहा था। बारिश के बाद फिसलन और उमस होने के कारण थ्रो फेंकना मुश्किल हो रहा था।

दाहिने कंधे पर पट्टी बांधकर आई कमलप्रीत ने 61.62 मीटर का थ्रो फेंका लेकिन अगला प्रयास अवैध रहा। इससे वह दबाव में आ गई चूंकि वह नौवें स्थान पर खिसक गई थी। इसके बाद उसने अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो 63.70 मीटर फेंका और छठे स्थान पर पहुंच गई। तीन दौर के बाद फाइनल में खेलने वाले 12 खिलाड़ियों में से चार बाहर हो गए थे। आखिरी तीन प्रयास में कमलप्रीत ने चौथा थ्रो फाउल फेंका जिसके बाद 61.37 मीटर का थ्रो फेंका।

आखिरी थ्रो भी फाउल रहा। अमेरिका की वालारी आलमैन 68.98 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण , जर्मनी की क्रिस्टीन पुडेंज को रजत और मौजूदा विश्व चैम्पियन क्यूबा की एमे पेरेज को कांस्य पदक मिला। दो बार की गत चैम्पियन क्रोएशिया की सैंड्रा पेरकोविच चौथे स्थान पर रही। इससे पहले दुती चंद ने महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में इस सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया लेकिन वह अपनी हीट में सातवें और अंतिम स्थान पर रहकर ओलंपिक से बाहर हो गई। दुती ने चौथी हीट में 23.85 सेकेंड का समय निकाला जो उनका इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है लेकिन यह सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पर्याप्त नहीं था। 25 वर्षीय दुती इससे पहले अपनी पसंदीदा 100 मीटर दौड़ में भी सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई थी। दुती 41 प्रतिभागियों के बीच कुल 38वें स्थान पर रही और इस तरह से उनके ओलंपिक अभियान का निराशाजनक अंत हुआ।

दुती का सर्वश्रेष्ठ समय 23 सेकेंड का है जो उन्होंने एशियाई खेल 2018 में निकाला था। तब उन्होंने रजत पदक जीता था। ओड़िसा की धाविका सेमीफाइनल में पहुंचने के लक्ष्य के साथ ओलंपिक में आई थी लेकिन वह उसे भी हासिल नहीं कर पाई। उन्होंने विश्व रैंकिंग के आधार पर 200 मीटर के लिए क्वालीफाई किया था क्योंकि वह 22.80 सेकेंड के क्वालीफाईंग मार्क को हासिल करके स्वतः: प्रवेश नहीं कर पाई थी।

# तीन हार के बाद फिल्म ने जोश भरा

## ● ऐतिहासिक जीत के बाद महिला हाकी कोच मारिन का खुलासा

**भाषा** । टोक्यो



**भारतीय** महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच सोर्ड मारिन ने सोमवार को खुलासा किया कि लगातार तीन हार से टीम का मनोबल टूट गया था लेकिन इसके बाद खिलाड़ियों ने आत्मविश्वास जगाने वाली फिल्म देखी जिससे उनमें नया ओज भरा और वे पहली बार ओलंपिक सेमीफाइनल में पहुंचकर इतिहास रचने में सफल रही।

भारतीय टीम ने लगातार हार के बाद शानदार वापसी की और मारिन ने कहा कि आयरलैंड के खिलाफ करो या मरो मैच से पहले एक फिल्म देखने से टीम को मनोवैज्ञानिक रूप से मदद मिली। उन्होंने इस फिल्म के नाम का खुलासा नहीं किया। भारत की क्वार्टर फाइनल में विश्व के नंबर दो आस्ट्रेलिया पर 1-0 गोल की जीत के बाद मारिन ने कहा कि स्वयं पर विश्वास करने और अपने सपनों पर विश्वास करने से अंतर पैदा हुआ और यह अतीत को ध्यान में रखते हुए वास्तविकता का सामना करने से जुड़ा था। यह अहम चीज थी और हमने यही किया। उन्होंने कहा कि यदि आप हार जाते हैं तो आप स्वयं पर विश्वास करना नहीं छोड़ते हैं और यही मैंने लड़कियों से कहा। सबसे महत्वपूर्ण उस पल में जीना होता है। मैंने उन्हें एक फिल्म दिखाई और यह फिल्म वर्तमान पल को जीने से जुड़ी थी और मुझे लगता है कि इससे वास्तव में मदद मिली।

आयरलैंड के खिलाफ हम इस फिल्म का जिक्र करते रहे। मारिन ने फिल्म का नाम बताने से इन्कार करते हुए कहा कि मैंने इसका जिक्र अपनी किताब में किया है जो मैंने लॉकडाउन के दौरान भारत में अपने अनुभवों के बारे में लिखी है।

## बेलारूस की फर्राटा धाविका को पोलैंड में मानवीय आधार पर मिला वीजा

**टोक्यो**। बेलारूस की एक ओलंपिक फर्राटा धाविका ने आरोप लगाया है कि उनकी टीम के अधिकारियों ने जबर्दस्ती उन्हें स्वदेश भेजने की कोशिश की, जबकि उसका मानना है कि वहां निरंकुश सरकार होने के कारण वह सुरक्षित नहीं है। उसे पोलैंड का मानवीय वीजा मिल गया है और वह उस देश में शरण ले सकती है। खिलाड़ी क्रिस्टसीना सिमानोस्काया को टोक्यो में पोलैंड दूतावास से मानवीय वीजा मिल गया है। बेलारूस स्पोर्ट सॉलिडेरिटी फाउंडेशन ने बताया कि उन्होंने उसे चार अगस्त का वारसॉ का टिकट खरीद दिया है। ताजा विवाद की शुरूआत तब हुई जब सिमानोस्काया ने अधिकारियों के टीम के प्रति बर्ताव की निंदा की जिसकी बेलारूस में सरकारी मीडिया ने काफी निंदा की है। सिमानोस्काया ने कहा कि उसे जबरन चार गुणा 400 मीटर रिले दौड़ने के लिए कहा गया जबकि उसने इसमें कभी भी भाग नहीं लिया।

# सिराज की शार्ट गेंद से मयंक चोटिल, पहले टेस्ट से बाहर

**भाषा** । नॉटिंघम



**भारत** के सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल अभ्यास सत्र के दौरान टीम के साथी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की शॉर्ट गेंद सिर पर लगने से चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाले शुरुआती टेस्ट से बाहर हो गए। इंग्लैंड दौरे पर गए भारतीय गेंदबाजों में सिराज सबसे तेज गेंदबाजी करते है।

अभ्यास के समय मयंक ने उनकी शॉट गेंद से नजरें हटा ली, जिसके बाद गेंद उनकी सिर के पिछले हिस्से में हेलमेट से टकरा गई। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) सचिव जय शाह ने मीडिया विज्ञप्ति में कहा, सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल सोमवार को नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में भारतीय टीम के नेट सत्र के दौरान बल्लेबाजी करते समय हेलमेट पर गेंद लगने से चोटिल हो गए। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई की चिकित्सा टीम ने उनका आकलन किया और उनकी कनकशन जांच की गई। उनमें कनकशन के लक्षण दिखे, जिसके बाद वह इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उनकी हालत हालांकि स्थिर है और वह चिकित्सकों की निगरानी में रहेंगे। भारतीय टेस्ट उपकप्तान अजिंक्य रहाणे से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मयंक के सिर में चोट लगी है। रहाणे ने कहा कि मयंक अग्रवाल के सिर में चोट लगी है। चिकित्सा टीम उनकी निगरानी कर रही है। अन्य सभी खिलाड़ी फिट है।

मयंक हेलमेट खोलने के बाद कुछ असहज महसूस कर रहे थे और फिर फिजियो नितिन पटेल उनके साथ जमीन पर बैठे गए। इसके बाद वह सिर के पिछले हिस्से पर हाथ रखकर पटेल के साथ नेट से बाहर निकल गए। यह उम्मीद की जा है रही कि टेस्ट मैच खेलने के लिए मंजूरी मिलने से पहले अनिवार्य रूप से उन्हे कनकशन जांच से गुजरना होगा। मयंक की गैरमौजूदगी में लोकेश राहुल को सलामी बल्लेबाज के तौर पर मौका मिल सकता है।

## इंग्लैंड में जीतने के लिए अथक प्रयास करने होंगेः कोहली

**भाषा** । नॉटिंघम

**भारतीय** कप्तान विराट कोहली ने सोमवार को कहा कि इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला जीतने के लिए अथक प्रयास और पूरी तरह से उत्कृष्टता हासिल करने पर ध्यान देना जरूरी है। कोहली की अगुवाई में भारतीय टीम जो रूट की कप्तानी वाली इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलेगी, जिसका आगाज बुधवार को पहले टेस्ट से होगा।

उन्होंने कहा कि पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में हमें हर दिन अथक प्रयास के साथ उत्कृष्टता हासिल करने पर ध्यान देना जारी रखना होगा। यहां आपको खुद से यह कहना होगा कि आप कड़ी मेहनत करना चाहता है और ऐसी परिस्थितियों का सामना करना चाहते है जो हर दिन हर टेस्ट मैच में कठिन होती हैं।

# जैस्मिन कमाचो ने महिला 100 मीटर बाधा दौड़ जीती

**एपी** । टोक्यो



**पुएर्तो** रिको की जैस्मिन कमाचो-क्विन ने उलटफेर करते हुए अमेरिका की केनी हैरिसन को पछाड़कर महिला 100 मीटर बाधा दौड़ का खिताब जीता। विश्व रिकॉर्ड धारक केनी के स्वर्ण पदक जीतने में नाकाम रहने के साथ अमेरिका तोक्यो ओलंपिक की ट्रैक स्पर्धाओं में एक भी स्वर्ण पदक नहीं जीत पाया। जैस्मिन ने 12.37 सेकेंड के साथ सोने का तमगा अपने नाम किया। केनी उनसे 0.15 सेकेंड पीछे रही और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। जमैका की मेगान टेपर ने कांस्य पदक जीता। पुएर्तो रिको अमेरिकी क्षेत्र है लेकिन वह ओलंपिक में अपने ध्वज तले हिस्सा लेता है। ओलंपिक से पहले जैस्मिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 12.38 सेकेंड का था। उन्होंने सेमीफाइनल में 12.26 सेकेंड का समय लिया जिससे वह सर्वकालिक सूची में चौथे स्थान पर आ गईं। विश्व रिकॉर्ड केनी केनी के नाम है जिन्होंने 12.2 सेकेंड का समय लिया था।

# बजरंग व विनेश से पदक की उम्मीद

कुश्ती

## ● रवि दहिया भी मजबूत दावेदार

**भाषा** । टोक्यो

**भारत** के सात पहलवान टोक्यो खेलों में जब अपने अभियान की शुरुआत करेंगे तो सभी की नजरें बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट पर टिकी होंगी जिन्होंने ओलंपिक से पहले शानदार प्रदर्शन करके पदक की उम्मीदें जगाई हैं। कुश्ती में भारत के अभियान की शुरुआत मंगलवार को यहां सोनम मलिक करेंगी।

कुश्ती में भारत को तीन पदक की उम्मीद है और अगर पहलवान तीन पदक जीतने में नाकाम रहते हैं तो इसे कमतर प्रदर्शन माना जाएगा। बजरंग (65 किग्रा फ्रीस्टाइल) और विनेश (महिला 53 किग्रा) के अलावा रवि दाहिया (57 किग्रा फ्रीस्टाइल) से अगले कुछ दिनों में कुश्ती के मैट पर पदक जीतने की उम्मीद है। भारत की ओर से 19 साल की सोनम सबसे पहले महिला 62 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश करने उतरेंगी।

उन्हें एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मंगोलिया की बोलोरतुया खुरेलखू से भिड़ना है। सोनम और 19 साल की एक अन्य पहवान अंशू मलिक दोनों सीनियर सर्किट पर नई खिलाड़ी हैं और ऐसे में विरोधी खिलाड़ियों को उनके खेल की अधिक जानकारी नहीं है और भारतीय पहलवान विरोधियों को हैरान कर सकती हैं।

अंशू ने अच्छा प्रदर्शन किया है और उनके खेल में लगातार सुधार हो रहा है। इन दोनों ही खिलाड़ियों पर कोई दबाव नहीं है और अगर ए पदक के बिना भी लौटती हैं तो इन्हें भविष्य में यहां मिलने वाले अनुभव से फायदा ही होगा। सीनियर पहलवान विनेश अपनी स्पर्धा में शीर्ष वरीय पहलवान के रूप में उतरेंगी और जापान की मायू मुकाइदा के अलावा वह सभी विरोधियों को हराने में सक्षम हैं। विनेश के वर्ग में प्रतिस्पर्धा हालांकि काफी कड़ी होगी।

विनेश का डिफेंस बेहतर हुआ है और उनकी पलटवार करने की क्षमना का कोई सानी नहीं है। उन्होंने एशियाई चैंपियनशिप में खिताब जीतने के दौरान इसे दिखाया भी है। एशियाई चैंपियनशिप और अन्य प्रतियोगिताओं में हालांकि जापान और चीन की पहलवानों ने हिस्सा नहीं लिया था। पुरुष वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुआई बजरंग करेंगे जो विश्व स्तर पर काफी सम्मानित पहलवान हैं। बजरंग ने अपने पिछले 10 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में छह स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीता है। बजरंग का स्टेमिना उनका पलड़ा भारी करता है लेकिन उनके पैर के रक्षण की परीक्षा होगी।

## दिग्गज क्रिकेटर शेन वार्न कोविड-19 से संक्रमित

**लंदन**। दिग्गज क्रिकेटर शेन वार्न का कोविड-19 के लिए किया गया परीक्षण पॉजिटिव आया है और इसलिए वह लंदन स्प्रिट और सदर्न ब्रेव के बीच खेले गए द हंड्रेड प्रतियोगिता के मुकाबले के दौरान उपस्थित नहीं रह पाए। आस्ट्रेलिया के पूर्व लेग स्पिनर 51 वर्षीय वार्न लंदन स्प्रिट की पुरुष टीम के मुख्य कोच हैं। क्लब ने बयान में कहा कि सुबह अस्वस्थ महसूस करने के बाद शेन का शुरुआती परीक्षण कराया गया जो कि पॉजिटिव आया है। उन्हें टीम और सहयोगी स्टाफ से अलग-थलग कर दिया गया है और पीसीआर परीक्षण के परिणाम का इंतजार है। इसमें कहा गया है, टीम प्रबंधन के एक दूसरे सदस्य का परीक्षण भी पॉजिटिव आया है और उन्हें भी अलग-थलग कर दिया गया है। कोई भी खिलाड़ी प्रभावित नहीं है। सदर्न ने लार्ड्स में खेले गए मैच में चार रन से जीत दर्ज की।

# घुड़सवार मिर्जा व्यक्तिगत इवेंटिंग में 23वें स्थान पर

**भाषा** । टोक्यो



**भारत** के फवाद मिर्जा ओलंपिक की घुड़सवारी स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बनने के बाद इवेंटिंग स्पर्धा में 23वें स्थान पर रहे। मिर्जा ने अपने घोड़े सिगन्योर मेडिकॉट के साथ व्यक्तिगत इवेंटिंग वर्ग के जंपिंग फाइनल्स में प्रवेश किया था। फाइनल में उन्हें 12.40 पेनल्टी अंक मिले और उनके कुल 59.60 पेनल्टी अंक रहे जिसमें क्वालीफाइंग स्पर्धाओं ड्रेसेज, क्रॉसकंट्री और जंपिंग के तीन दौर के अंक शामिल है। बेंगलुरू के 29 वर्ष के राइडर मिर्जा सिडनी ओलंपिक 2000 में इम्तियाज अनीस के बाद ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय हैं। दिवंगत विंग कमांडर आईजे लाम्बा (अटलांटा 1996) ओलंपिक में क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय थे। ड्रेसेज दौर में नौवें स्थान पर रहे फवाद को जंपिंग दौर में आठ पेनल्टी अंक मिले। उनके कुल पेनल्टी अंक 47.2 रहे और वह 25वें स्थान पर थे। मिर्जा और सिग्न्योर ने तकनीकी कारण से देर से शुरू हुए क्रॉसकंट्री को सिर्फ आठ मिनट में पूरी कर ली। जर्मनी की जूलिया क्राजेवस्की को स्वर्ण मिला जो इवेंटिंग के इतिहास में पहली महिला ओलंपिक चैम्पियन है।

# तालिबान को पीछे धकेल देंगे: गनी

## ● अफगानिस्तान के राष्ट्रपति ने देश में बढ़ती हिंसा के लिए अमेरिकी सैनिकों की वापसी को ठहराया जिम्मेदार

एपी। काबुल

**अफगानिस्तान के** राष्ट्रपति अशरफ गनी ने देश में बढ़ती हुई हिंसा के लिए अमेरिकी सैनिकों की तेजी से हो रही वापसी को जिम्मेदार ठहराते हुए सोमवार को कहा कि उनकी सरकार अब तालिबान के बढ़ते हुए प्रभाव से प्रांतीय राजधानियों के अलावा प्रमुख शहरी क्षेत्रों की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करेगी। गनी ने पिछले कुछ महीनों से तालिबान और अफगान सरकारी बलों के बीच जारी संघर्ष के मद्देनजर सांसदों से तालिबान के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर एकजुट होने तथा लामबंदी अभियान का समर्थन करने का आग्रह किया है। अमेरिकी और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सैनिकों की वापसी के मद्देनजर गनी का यह बयान काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गनी ने संसद को संबोधित करते हुए कहा, तालिबान के साथ शांति प्रक्रिया वार्ता से कोई लाभ नहीं हुआ बल्कि इससे अफगानिस्तान के लोगों में संदेह और संशय की स्थिति पैदा हो गई है। अफगान राष्ट्रपति ने कहा, तालिबान शांति में विश्वास नहीं करता है। अगले छह महीनों में अभूतपूर्व बदलाव होंगे और तालिबान को पीछे धकेल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अफगान सुरक्षाबलों को एक जिम्मेदारी सौंपी गई है और उनमें आतंकवादियों को हराने की क्षमता है। गनी ने तालिबान से शांति वार्ता में दोबारा शामिल होने का आग्रह करते हुए कहा कि उनकी सरकार को अमेरिका का समर्थन है।



संसद को संबोधित करते अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी

## अमेरिका ने अफगान शरणार्थी कार्यक्रम का विस्तार किया

**वाशिंगटन, एपी।** जो बाइडन प्रशासन ने इस महीने के अंत तक अमेरिकी सैनिकों की वापसी के पहले तालिबान की बढ़ती हिंसा के बीच अफगानिस्तान में खतरे का सामना कर रहे अफगान नागरिकों को निकालने के लिए अपने अभियान का सोमवार को और तेज कर दिया। विदेश विभाग ने कहा कि सरकार अमेरिका में शरणार्थी दर्जे के लिए योग्यता का विस्तार कर रही है। इसके तहत अमेरिकी मीडिया संगठनों, अमेरिका से मदद प्राप्त राहत और विकास एजेंसियों तथा अन्य राहत समूहों के मौजूदा और पूर्व कर्मचारियों को इसमें शामिल किया जाएगा। अमेरिकी सरकार, नाटो के मौजूदा और पूर्व कर्मचारी जो निर्धारित कार्यक्रम के तहत मापदंड पूरा नहीं कर रहे थे, वे भी अब इसके दायरे में आएंगे। विदेश विभाग ने कहा कि इस कदम का मतलब है कि हजारों अफगान नागरिकों और उनके करीबी परिजनों को अब शरणार्थियों के रूप में अमेरिका में स्थाई रूप से बसने का अवसर मिलेगा। विभाग ने उन लोगों की कोई निश्चित संख्या नहीं बताई है जो इस कार्यक्रम के लिए पात्र हो सकते हैं। विदेश विभाग ने एक बयान में कहा, अमेरिका का उद्देश्य शांतिपूर्ण, सुरक्षित अफगानिस्तान बना हुआ है। हालांकि, तालिबान की हिंसा बढ़ने के कारण बाइडन नेतृत्व वाली सरकार अमेरिका के साथ काम कर चुके अफगान नागरिकों को अमेरिका में शरणार्थी के तौर पर बसने का अवसर मुहैया कराएगी।



पाजु में दक्षिण कोरिया की सेना अपने युद्धक टैकों के साथ उत्तर कोरिया की सीमा पर युद्धाभ्यास करती हुई

# आसियान नेता म्यांमा संकट और विशेष दूत की नियुक्ति पर करेंगे अहम बैठक

एपी। मनीला

**दक्षिण पूर्व** एशिया के शीर्ष राजनयिक म्यांमा में राजनीतिक संकट और हिंसा से निपटने में मदद करने के मकसद से एक विशेष दूत की नियुक्ति के लिए सोमवार को बैठक करेंगे। साथ ही कोरोना वायरस के प्रकोप को नियंत्रित करने में मददगार एक आपातकालीन योजना को अंतिम रूप देंगे, क्योंकि कई लोगों का मानना है कि सैन्य शासित देश में संक्रमण बेकाबू हो रहा है।

दक्षिणपूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) से जुड़े देशों के विदेश मंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंस के बाद विवादित दक्षिण चीन सागर में संघर्ष रोकने के उद्देश्य से एक अनाक्रामकता संधि तैयार करने के लिए चीन के साथ चार वर्षों से चल रही धीमी वार्ता में कुछ प्रगति की घोषणा भी कर सकते हैं। दस राष्ट्रों वाले इस समूह को आलोचक सिर्फ अप्रभावी वार्ता करने वाला मंच कह कर खारिज करते हैं। वहीं, म्यांमा में सामने आने वाली परेशानियों पर कार्वाई करने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव भी इस पर बढ़ रहा है। दक्षिण-पूर्व एशिया के एक राजनयिक ने एपी को बताया कि सोमवार को होने वाली मंत्रियों की ऑनलाइन बैठक में यह तय किया जाएगा कि थाईलैंड, इंडोनेशिया और मलेशिया के कम से कम तीन उम्मीदवारों में से किसे ब्लॉक के विशेष दूत के रूप में नामित किया जाना चाहिए ताकि देश के सत्तारूढ़ जनरलों और सू ची के नेतृत्व वाली प्रतिद्वंद्वी पार्टियों के बीच समझौता करने का प्रयास किया जा सके। नाम उजागर ना करने की शर्त पर राजनयिक ने बताया कि म्यांमा, थाईलैंड के उम्मीदवार एवं थाईलैंड के पूर्व राजदूत यांगून विरासाकदी फुत्रकुल को तरजीह देता है, लेकिन यह तय नहीं है कि कब उसके सैन्य नेता दूत को स्वीकार करने का फैसला करेंगे और अगर सू ची तक पहुंच होगी, जिन्हें अन्य राजनीतिक नेताओं के साथ हिरासत में लिया गया है और कई आरोपों के तहत उन पर मुकदमा चल रहा है। गौरतलब है कि फरवरी में म्यांमा की सेना ने देश की बागडोर अपने हाथ में ले ली थी और सू ची तथा म्यांमा के कई बड़े नेताओं सहित 900 से अधिक लोगों को हिरासत में ले लिया थ। आसियान के नेताओं ने अप्रैल में जर्कांता में भी मुलाकात की थी और हिंसा समाप्त करने तथा दोनों पक्षों के बीच बातचीत का आह्वान किया था, जिसमें आसियान मध्यस्थ की भूमिका निभाए।

# कनाडा के पूर्व मंत्री ने पाकिस्तान पर अफगानिस्तान में छद्म युद्ध में शामिल होने का लगाया आरोप

भाषा। इस्लामाबाद टोरंटो

## ● पाकिस्तानी विदेश कार्यालय ने कहा, हम क्रिस एलेक्जेंडर की अनावश्यक टिप्पणी की कड़ी आलोचना करते हैं जिसमें पाकिस्तान की भूमिका के बारे में भ्रामक दावे किए गए हैं

**कनाडा के** पूर्व मंत्री एवं राजनयिक क्रिस एलेक्जेंडर ने पाकिस्तान पर छद्म युद्ध और युद्ध अपराधों में संलिप्त होने तथा पड़ोसी अफगानिस्तान के खिलाफ आक्रामक कृत्य में शामिल होने का आरोप लगाया है। एलेक्जेंडर 2013 से 2015 तक कनाडा के नागरिकता एवं आव्रजन मंत्री रहे और उन्होंने रविवार को एक ट्वीट में कहा, तालिबान लड़ाके पाकिस्तान से अफगानिस्तान सीमा पार करने के लिए इंतजार कर रहे हैं[8230]कोई अब भी इनकार कर रहा है कि पाकिस्तान अफगानिस्तान के खिलाफ आक्रामक कृत्य में संलिप्त है और छद्म युद्ध व युद्ध अपराधों में शामिल है। एलेक्जेंडर के ट्वीट पर नाराजगी जाहिर करते हुए पाकिस्तानी विदेश कार्यालय ने वरिष्ठ कनाडाई राजनेता की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जाहिर की और उनके बयान को जमीनी हकीकत व तथ्यों से अनभिज्ञता के आधार पर किया गया भ्रामक दावा करार दिया।अफगानिस्तान सरकार के अधिकारी पाकिस्तान पर तालिबान को कथित तौर पर मदद देने का आरोप लगाते रहे हैं, लेकिन किसी विदेशी शख्सियत का इसे इंगित करने का यह अपनी तरह का दुर्लभ मामला है। भारत भी पूर्व में बार-बार पाकिस्तान से सीमा-पार आतंकवाद को समर्थन बंद करने और आतंकी समूहों को पनाहगाह उपलब्ध न कराने को कहा चुका है। अमेरिकी सेना की करीब 20 सालों बाद अफगानिस्तान से वापसी के अंतिम चरण के बीच एलेक्जेंडर का यह ट्वीट आया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने कहा कि अफगानिस्तान से 95 प्रतिशत अमेरिकी सैनिक रवाना हो चुके हैं और तालिबान ने देश के एक बड़े हिस्सा पर अपनी मौजूदगी का विस्तार किया है। पाकिस्तानी विदेश कार्यालय ने एक बयान में कहा, हम कनाडा के पूर्व मंत्री क्रिस एलेक्जेंडर की अनावश्यक टिप्पणी की कड़ी आलोचना करते हैं जिसमें अफगान शांति प्रक्रिया को लेकर पाकिस्तान की भूमिका के बारे में निराधार व भ्रामक दावे किए गए हैं। इस तरह की टिप्पणियां मुद्दे को लेकर समझ के पूर्ण आभाव व जमीनी हकीकत व तथ्यों की अज्ञानता को दर्शाती हैं। विदेश कार्यालय ने कहा कि पाकिस्तान सरकार ने यह मामला कनाडा की सरकार के साथ उठाया है। बयान के मुताबिक, कनाडाई पक्ष के साथ मामला उठाया गया है। हमनें कनाडाई अधिकारियों से इस प्रेरित और दुर्भावनापूर्ण अभियान के खिलाफ कदम उठाने को कहा है।

## नेपाल में कोविड-19 से 23 और लोगों की मौत

**काठमांडू** । नेपाल में कोविड-19 से 23 और लोगों की मौत होने के साथ ही कोरोना वायरस संक्रमण से मरने वालों की कुल संख्या 9,898 हो गई है। देश के स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि पिछले 24 घंटे में नेपाल में संक्रमण के 3,125 नए मामले सामने आए जिससे नेपाल में महामारी के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 6,99,649 हो गई है जिनमें 6,58,122 लोग ठीक हो चुके हैं। इसने कहा कि पिछले 24 घंटे में ।,925 लोगों ने महामारी को मात दी। मंत्रालय ने कहा कि देश में इस अवधि में कोविड-19 से 23 और लोगों की मौत हो गई जिससे कोरोना वायरस संक्रमण से मरने वालों की कुल संख्या 9,898 हो गई है। इसने बताया कि नेपाल में कोविड-19 से ठीक होने की दर 94.1 प्रतिशत तथा मृत्यु दर 1.5 प्रतिशत है। देश में संक्रमण के 31,629 उपचाराधीन मामले हैं।

## क्विक न्यूज

### चीन में मृत पाया गया भारतीय छात्र

**बीजिंग।** चीन के तियानजिन शहर के एक विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहा 20 वर्षीय भारतीय छात्र अपने कमरे में मृत पाया गया है। उसकी मौत के कारणों का अभी पता नही चल सका है। चीन के स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बिहार के गया जिले का रहने वाला अमन नागसेन तियानजिन फॉरेन स्टडीज यूनिवर्सिटी में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन का छात्र था। वह 29 जुलाई को अपने कमरे में मृत पाया गया था। अमन की मौत के कारणों की जांच की जा रही है। अमन उन चुनिंदा भारतीय छात्रों में से एक था, जो कोविड-19 महामारी के दौरान चीन में ही रहे जबकि करीब 23 हजार भारतीय छात्र वीजा संबंधी पाबंदियों के कारण दोबारा चीन नही लौट सके। अमन की मौत के बारे में भारतीय दूतावास और उसके परिवार को सूचित कर दिया गया है। उसके शव को स्वदेश लाने की तैयारियां की जा रही है। गौरतलब है कि मौजूदा समय में भारत और चीन के बीच किसी यात्री उड़ान का संचालन नही हो रहा है।

### उत्तर कोरिया से रिश्तों में सुधार चाहता है दक्षिण कोरिया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया ने सोमवार को कहा कि वह प्रतिद्वंद्वी उत्तर कोरिया के साथ रिश्तो में सुधार और बातचीत शुरू करने की कोशिश जारी रखेगा। उधर, उत्तर कोरिया ने चेतावनी दी है कि अगर दक्षिण कोरिया अमेरिका के साथ मिलकर सैन्य अभ्यास करता है तो इससे दुश्मनी फिर से शुरू हो सकती है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की ताकतवर बहन ने रविवार रात को चेताया कि यह सैन्य अभ्यास कोरियाई देशो के बीच आपसी विश्वास को बहाल करने की कोशिश को गंभीर रूप से कम करेगा और बेहतर रिश्तों की संभावना को धुंधला कर देगा। यह अभ्यास इस महीने होना है। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि अभ्यास का सटीक समय और अन्य विवरणो को अभी तय नही किया गया है और इनका निर्धारण अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया के अधिकारियो द्वारा किया जाएगा। प्रवक्ता बू सेउंग-चान ने अपना पुराना बयान दोहराते हुए कहा कि सियोल और वाशिंगटन महामारी की मौजूदा स्थिति, उत्तर कोरिया की परमाणु महत्त्वाकांक्षा को रोकना में कूटनीतिक कोशिश और दक्षिण कोरिया एवं अमेरिका की तैयारी जैसे कारकों का परीक्षण कर रहे है।एकीकरण मंत्रालय की प्रवक्ता ली जोंग जू ने कहा कि सियोल उत्तर कोरिया के साथ बातचीत चाहता है लेकिन उसे इसके लिए कोई जल्दबाजी नही है। उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच सैन्य अभ्यासो को हमला करने के अभ्यास के तौर पर देखता है और अपने हथियारों का परीक्षण कर अक्सर उनका जवाब देता है।

ब्रिटेन ने यात्रा पाबंदी में ढील दी

### ब्रिटेन के पर्यटन उद्योग ने और कदम उठाने की मांग की

**लंदन।** ब्रिटेन ने अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के पूरी तरह टीकाकरण करा चुके यात्रियो के लिए अपनी सीमाएं खोल दी। वही, पर्यटन उद्योग के प्रतिनिधियो ने सरकार से पाबंदी मे और ढील देने का अनुरोध किया। नए नियम ऐसे वक्त लागू किए गए है जब प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के नेतृत्व वाली सरकार यात्रा पाबंदी के संबंध मे यातायात व्यवस्था को लेकर एक नई श्रेणी बना सकती है। पर्यटन उद्योग के प्रतिनिधियो का कहना है कि नए नियमो के कारण लोग घर मे रहना पसंद करेंगे। टीके की सभी खुराक ले चुके लोग सोमवार से अंबर लिस्ट के तहत ब्रिटेन में आ सकते है और उन्हे 10 दिनो के लिए पृथक-वास मे नही रहना होगा। सरकार एक अंबर वाचलिस्ट भी तैयार करना चाहती है जिसमें लोगो को कोविड-19 के मामले बढ़ने या नए स्वरूप का पता चलने पर उनके गंतव्यों के बारे मे आगाह किया जाएगा। हाउस ऑफ कॉमन्स की यातायात समिति के अध्यक्ष हव मेंमिन ने कहा, अंबर वाचलिस्ट को खतरे की तरह देखा जाएगा। इससे उन देशो की बुकिंग पर असर पड़ेगा। मेरी राय मे यात्रियो के लिए अब और अनिश्चितता की जरूरत नही है। इस पर स्पष्टता की जरूरत है। हीथ्रो हवाई अड्डे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉन होलांद काए ने कहा कि ब्रिटेन सरकार को यात्रियो के लिए रैपिड जांच का इस्तेमाल करना चाहिए और यात्रा पाबंदी मे ढील के लिए अमेरिका जैसे देशों के साथ मिलकर काम करना चाहिए। ब्रिटेन में 89 प्रतिशत वयस्क टीके की कम से कम एक खुराक ले चुके है और 73 प्रतिशत दोनों खुराक ले चुके है।

### तुर्की में आग का कहर जारी, मृतक संख्या बढ़कर हुई आठ

मैजीकॉय (तुर्की)। तुर्की के अंताल्या और मुगला में समुद्र तटों और आसपास के ग्रामीण इलाकों के पास पांचवे दिन भी जंगल में आग का कहर जारी है। वही और शव मिलने से मरने वालो की संख्या बढ़कर आठ हो गई, जबकि कई ग्रामीणो के घर क्षतिग्रस्त हो गए है और उनके मवेशी भी मारे गए है। मुगला प्रांत के मैजीकॉय में भी आग लगी है और वहां से भी ग्रामीणों को निकाला भी गया है। किसान नूरतंन अल्माज़ी ने बताया कि उन्होने सबकुछ खो दिया है। उन्होंने कहा, मै बहुत पीड़ा में हूं, मैने अपना एक बच्चा खो दिया। 63 वर्षीय महिला ने अपने मवेशियो और घर भी खो दिया है। उन्होंने आग लगने के जिम्मेदार लोगों को मौत की सजा दी जाने की मांग की है। बोदरम के मेयर अहमद अरास ने बताया कि रविवार शाम आग की वजह से क्रोरतम और माजी के पास लोगो को नरक भोगना पड़ा। उन्होने कहा कि आग पर काबू नही पाया गया है और हम उम्मीद कर रहे है कि हम रिहायशी इलाकों को बचा पाएंगे लेकिन पेड़ों को बचाने के लिए अब बहुत देर हो चुकी है।




मलेशिया की राजधानी कुआल्लामपुर में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते विपक्षी दल

# बर्लिन में प्रतिबंधों के बावजूद प्रदर्शन, हिरासत में लिए जाने के बाद एक व्यक्ति की मौत

एपी। बर्लिन

**जर्मनी में** कोविड-19 की रोकथाम के लिए उठाए गए सरकार के कदमों से असंतुष्ट लोगों को प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिए जाने के बाद 49 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। बर्लिन पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सोमवार को मिट्टे जिला में अधिकारी जब व्यक्ति के पहचान पत्र की जांच कर रहे थे तब उसने अपने हाथ में और सीने में सिहरन की शिकायत की थी। कोविड-19 को लेकर आधिकारिक पाबंदी के बावजूद जिले में हजारों लोग प्रदर्शन में शामिल हुए थे। पुलिस ने बताया कि अधिकारियों ने एंबुलेंस के आने तक व्यक्ति का प्राथमिक उपचार किया और उसे अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। व्यक्ति की मौत के मामले में जांच शुरू कर दी गई है। प्रदर्शन कर रहे करीब 600 लोगों को इस मामले में हिरासत में लिया गया है। स्थानीय अधिकारियों ने सप्ताहांत में विभिन्न प्रदर्शनों पर रोक लगा दी थी, लेकिन बर्लिन में प्रदर्शनकारियों ने इस प्रतिबंध की अवहेलना की। बर्लिन पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए रविवार को दो हजार से अधिक अधिकारियों को तैनात किया था। विभाग ने बताया कि इन अधिकारियों के साथ प्रदर्शनकारियों ने बदसलूकी की और उन पर हमला किया। बर्लिन पुलिस ने कहा, उन्होंने पुलिस की घेराबंदी तोड़ने की कोशिश की और हमारे सहयोगियों को खींचने की कोशिश की। इसलिए अधिकारियों को परेशान करने वालों पर बल प्रयोग करना पड़ा। जर्मनी की मीडिया के अनुसार, रविवार शाम तक पुलिस ने करीब 600 लोगों को हिरासत में ले लिया था और प्रदर्शनकारी तब भी शहर में रैली कर रहे थे। गौरतलब है कि इस रविवार को जर्मनी में कोविड-19 के 2,097 नए मामले सामने आए थे जो, गत रविवार को सामने आए नए मामलों से 500 से अधिक थे।

# हांगकांग में भ्रष्टाचार के आरोप में लोकतंत्र समर्थक पॉप गायक गिरफ्तार

एपी। हांगकांग

**हांगकांग के** एक नामी गायक एंथनी वोंग को भ्रष्टाचार रोधी संस्था ने सोमवार को इस आरोप में गिरफ्तार कर लिया कि उन्होंने तीन साल पहले एक राजनीतिक रैली में गाने गाकर कानून का उल्लंघन किया था।अर्द्ध स्वायत्त चीनी क्षेत्र में लोकतंत्र के लिए मुहिम चलाने वालों के खिलाफ सरकार के अभियान के तहत वोंग को गिरफ्तार किया गया। हांगकांग में भ्रष्टाचार के खिलाफ स्वतंत्र आयोग ने कहा कि 2018 की रैली में वोंग ने दो गाने गाए थे और रैली में उपस्थित लोगों से विधानसभा उपचुनाव में लोकतंत्र समर्थक उम्मीदवार अउ नोक हिन को वोट देने की अपील की थी। संस्था ने अउ को भी आरोपित किया है। अउ पर आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर रैली का प्रचार प्रसार किया और बताया कि वोंग प्रस्तुति देंगे। अउ चुनाव चीत गए थे। भ्रष्टाचार रोधी संस्था ने एक बयान में कहा कि किसी चुनावी कार्यक्रम में दूसरों का मनोरंजन करना भ्रष्ट आचरण और गंभीर अपराध है और यह चुनावी अध्यादेश के खिलाफ है। स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक वोंग को जमानत पर रिहा कर दिया गया। अउ मार्च से जेल में हैं। पिछले साल गैर आधिकारिक प्राइमरी चुनाव के मामले में अउ समेत लोकतंत्र समर्थक 47 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया था। वर्ष 2019 में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद से लोकतंत्र समर्थक सरकार के निशाने पर हैं। चीन ने पिछले साल राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू किया था जिसके बाद से 100 से अधिक कार्यकर्ता गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

# फ्लोरिडा में कोविड-19 के कारण अस्पतालों में भर्ती होने वाले लोगों की संख्या बढ़ी

एपी। ओरलैंडो (अमेरिका),

**महामारी की** शुरुआत के बाद से अमेरिका के फ्लोरिडा में एक दिन में सर्वाधिक नए मामले आने के बाद अस्पतालों में लोगों के भर्ती होने की संख्या भी पूर्व के रिकॉर्ड को तोड़ चुकी है। राज्य में टीकाकरण अभियान की शुरुआत से पहले कोविड-19 के सर्वाधिक मामले आए थे। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ एंड एंप : ह्यूमन सर्विसेज के आंकड़ों के अनुसार, सनशाइन स्टेट (फ्लोरिडा) में कोविड-19 से संक्रमित 10,207 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फ्लोरिडा अस्पताल संघ के अनुसार, इससे पूर्व टीकाकरण अभियान के शुरू होने से करीब छह महीना पहले 23 जुलाई 2020 को फ्लोरिडा में 10,170 लोग अस्पताल में भर्ती हुए थे।

यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ फ्लोरिडा में महामारी रोग विशेषज्ञ सहायक प्रोफेसर जेसन सलेमी के अनुसार, कोविड-19 से अस्पताल में भर्ती होने के मामले में फ्लोरिडा प्रति व्यक्ति दर के हिसाब से अभी शीर्ष पर है। पिछले सप्ताह फ्लोरिडा में औसतन रोजाना ।,525 वयस्क और 35 बच्चे अस्पतालों में भर्ती हुए थे और दोनों ही आंकड़े देश में प्रति व्यक्ति दर के हिसाब से अधिक हैं।

फ्लोरिडा में वायरस के बेहद संक्रामक डेल्टा स्वरूप के तेजी से फैलने और निवासियों के महामारी से पूर्व की सामान्य स्थिति में लौटने के कारण अस्पतालों में लोगों के भर्ती होने की संख्या और संक्रमण के मामले बढ़े हैं। सलेमी ने शनिवार को एक ईमेल में कहा, हाल में मामलों में बढ़ोतरी चौंकाती है लेकिन यह आश्चर्यजनक नहीं है। शनिवार को जारी संघीय स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, फ्लोरिडा में कोविड-19 के 21,683 नए मामले आए जो महामारी की शुरुआत के बाद एक दिन में सबसे अधिक हैं। हालिया मामलों की पुष्टि शुक्रवार को हुई थी जिन्हें शनिवार को अमेरिका के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्रों की वेबसाइट पर जारी किया गया। आंकड़े बताते हैं कि कितनी तेजी से राज्य में मामले बढ़ रहे हैं। महज एक दिन पहले फ्लोरिडा में कोविड-19 के 17,093 नए मामले आए थे।राज्य विधायिका के साथ ही रिपब्लिकन पार्टी से फ्लोरिडा के गवर्नर रोन डेसैंटिस ने अनिवार्य रूप से मास्क पहनने और टीके की आवश्यकताओं का विरोध किया है और कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए जरूरी दिशा-निर्देशों एवं पाबंदियों का पालन कराने से संबंधित स्थानीय अधिकारियों के अधिकारों को सीमित कर दिया है। अगले महीने से स्कूलों में कक्षाएं शुरू होने के मद्देनजर डेसैंटिस ने छात्रों द्वारा मास्क पहनने की अनिवार्यता को शुक्रवार को खत्म कर दिया था। फ्लोरिडा की डेमोक्रेटिक पार्टी से कृषि आयुक्त निक्की फ्राइड ने रविवार को फ्लोरिडा में अब तक टीकाकरण से दूर रहे लोगों से टीके की खुराक लेने की अपील की। निक्की फ्राइड डेसैंटिस की जगह फ्लोरिडा की गवर्नर बनने की दौड़ में हैं। उन्होंने कहा कि हाल में राज्य में टीकाकरण में हुई बढ़ोतरी से वह बहुत खुश थीं। तालाहासी में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा, मामलों में इजाफा जारी है और इसका हममें से हर एक व्यक्ति पर असर पड़ेगा। पिनेलस काउंटी के प्रशासक बैरी बर्टन ने टाम्पा बे टाइम्स को बताया कि मामलों के बढ़ने के मद्देनजर कुछ अस्पताल अपनी क्षमता को देखते हुए पहले से ही विभिन्न जगहों से एंबुलेंस की व्यवस्था में जुट गए हैं। मियामी में वायरस से संक्रमित बच्चों के अस्पतालों में भर्ती होने की संख्या भी बढ़ी है जिनमें से अधिकतर को गहन देखभाल की आवश्यकता है।

## टॉक टाइम

### वीरेन्द्र सक्सेना

*वीरेन्द्र सक्सेना ने अपने करियर की शुरुआत 1985 में मैसी साहब के साथ की थी और अब इंडस्ट्री में 36 साल बाद भी वे प्रासंगिक बने रहने में कामयाब रहे हैं। मुसबा हाशमी के साथ बातचीत में सक्सेना बता रहे हैं कि वे अभिनय से कैसे जुड़े और कैसे उन्होंने ज़ी टीवी के भाग्य लक्ष्मी के साथ छोटे पर्दे पर वापसी की।*

# मुझे इंडस्ट्री से कोई शिकायत नहीं



**■ अभिनय में कैसे आए?**

मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक दिन अभिनेता बनूंगा। मैं एक छोटे से शहर मथुरा से आता हूँ। उस समय, जब भी मैं लोगों को कोई घटना सुनाता था, तो कई लोगों ने मुझसे कहा कि मैं एक अच्छा अभिनेता हूं और मुझे मुंबई में अपनी किस्मत आजमानी चाहिए। मुझे पता था कि यह संभव नहीं था क्योंकि किसी भी चीज़ को आगे बढ़ाने के लिए आपको उसका अध्ययन करना होगा। साथ ही, मैं बहु-प्रतिभाशाली था, मैं संगीत वाद्ययंत्र बजाता था, गाता था और क्या कुछ नहीं करता था। इन गुणों ने मुझे अपने लोगों के बीच लोकप्रिय बना दिया। एक दिन मुझे एहसास हुआ कि मुझे दिल्ली चले जाना चाहिए। छोटे शहर में रहना भी उतना ही जरूरी है जितना उसको छोड़ देना। इसलिए, मैं दिल्ली शिफ्ट हो गया और एक महत्वपूर्ण व्यक्ति के सचिव के रूप में नौकरी करना शुरू कर दिया। मेरा काम एक दिन में तीन पत्र लिखना था। उसी दौरान, मैं अपने एक सीनियर से मिलने गया और उसने एक नाटक की पेशकश की। मैंने उसे किया और उसके लिए मेरी सराहना की गई। उसके बाद मुझे इस क्षेत्र में जाने का खयाल आया। अभिनय को आजमाने के लिए फिर मैंने अपनी नौकरी छोड़ दी। यह 1977 की शुरुआत में हुआ था।

**■ इंडस्ट्री का हिस्सा बनने का अनुभव कैसा रहा?**

मेरे पास हीरो जैसा चेहरा नहीं है। मैं एक औसत व्यक्तित्व का औसत दिखने वाला व्यक्ति हूं। लेकिन जब मुझे मेरी पहली फिल्म मिली, तो मैं उस प्रोजेक्ट के लिए साइन करने वाला पहला व्यक्ति था, बाकी कास्टिंग बाद में हुई। इसलिए, मैं दिल्ली में रहकर इंडस्ट्री में काम कर पाया क्योंकि मैं मुंबई नहीं जाना चाहता था। मुझे एक सीरियल तमस करने को मिला, जिस पर बाद में फिल्म बनी, जिसने मुझे अपने करियर को आगे बढ़ाने में बहुत मदद की। मैं आज जो हूं और जहां हूं, उससे खुश हूं। मैं अपनी पसंद के अनुसार काम करता हूं। मुझे मुंबई या इंडस्ट्री से कोई शिकायत नहीं है। मैं खुशहाल शादीशुदा हूं और मेरी पत्नी लेखिका भी हैं और अभिनेत्री भी। हमारे कोई बच्चे नहीं हैं, लेकिन हम एक खुशहाल जीवन जी रहे हैं।

**■ हालांकि ज्यादातर लोग मुंबई जाना चाहते हैं, मगर आपने कुछ समय के लिए नहीं जाने का फैसला किया। क्यों?**

> मेरे पास हीरो जैसा चेहरा नहीं है। मैं एक औसत व्यक्तित्व का औसत दिखने वाला व्यक्ति हूं। लेकिन जब मुझे मेरी पहली फिल्म मिली, तो मैं उस प्रोजेक्ट के लिए साइन करने वाला पहला व्यक्ति था, बाकी कास्टिंग बाद में हुई। इसलिए, मैं दिल्ली में रहकर इंडस्ट्री में काम कर पाया क्योंकि मैं मुंबई नहीं जाना चाहता था। मुझे एक सीरियल तमस करने को मिला, जिस पर बाद में फिल्म बनी, जिसने मुझे अपने करियर को आगे बढ़ाने में बहुत मदद की। मैं आज जो हूं और जहां हूं, उससे खुश हूं।

हां, बहुत से लोग एनएसडी से ट्रेनिंग लेते हैं और फिर छुट्टियों में मुंबई चले जाते हैं, लेकिन उनका तरीका यही है। मैं मुंबई शिफ्ट नहीं होना चाहता था। लेकिन तमस के बाद मुझे बहुत काम मिलने लगा। मैंने कई प्रोजेक्ट खो दिए और उनमें से एक महेश भट्ट की फिल्म थी जिसमें मैं एक खलनायक की भूमिका निभा रहा था, क्योंकि मुंबई में उपलब्ध नहीं था। फिर, मेरे एक वरिष्ठ ने मुझसे कहा कि मुंबई एक बाजार है और आपको पता होना चाहिए कि खुद को कैसे बेचना है। मैं समझ गया कि उसका क्या मतलब है और मैं इस शहर में आ गया।

**■ आपने बताया कि कैसे आपका हीरो जैसा व्यक्तित्व नहीं है। क्या आपको नहीं लगता कि बाह्य रूप अब हाशिए पर चला गया है?**

हां, यह धारणा कि व्यक्ति किसी खास तरीके को दिखना होगा, अब बदल गई है। इसीलिए कहानियां बदल गई हैं। या आप कह सकते हैं चूंकि कहानियां बदल गई हैं, इसलिए रूप पीछे की सीट ले लिया है। पहले निर्माता को फिल्म के नुकसान की चिंता रहती थी, लेकिन अब ओटीटी के साथ कई रास्ते खुल गए हैं। बहुत सी अच्छी फिल्में जिनकी जनता तक पहुंचने की कोई गुंजाइश नहीं थी, आखिरकार उन्हें एक रास्ता मिल गया है। हालांकि, केवल कुछ मुट्ठी भर ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म हैं जिनके बारे में हम जानते हैं, मगर वास्तव में उबारने के लिए लगभग 200 ऐसे प्लेटफ़ॉर्म हैं।

**■ क्या आपको लगता है कि आपको इंडस्ट्री में अपना स्थान मिल गया है?**

इस इंडस्ट्री में बहुत सारे अभिनेता काम करते हैं। मैं कोई हीरो या नायक नहीं हूं। मुझे जावेद साहब की पंक्तियाँ याद हैं : आप लोग कभी हीरो नहीं बन सकते हैं, आप बहुत अच्छे कांधे हैं। हीरो को ऊपर चढ़ाने के लिए आप का कांधा लगता है, आप की जरूरत यहीं रहेगी, इससे आगे ये फिल्म इंडस्ट्री आप को कहीं नहीं लेकर जाएगी। यह उनकी सर्वाधिक पुरानी पंक्तियों में से एक थी, लेकिन यह चलन अब समाप्त हो गया है। हमारा उद्देश्य समर्पण भाव से काम करना है। कई बार हमें एक अलग कहानी सुनाई जाती है और अंतिम उत्पाद पूरी तरह से अलग होता है और आप शिकायत नहीं कर सकते। आप बस इसे लेकर दुख महसूस करते हैं। यह असल में कोई बुरी बात नहीं है क्योंकि अंतत: निर्माता अपनी फिल्म चलाना चाहता है, वह हम जैसे अभिनेताओं पर भरोसा नहीं करेगा। लेकिन उस ने कहा, हम जो कुछ भी करें, उसके प्रति हमें अपनी ईमानदारी रखनी चाहिए। रोल कितना भी बड़ा या छोटा क्यों न हो, किरदार के साथ न्याय करना हमारा फर्ज है।

**■ आप एक दशक से अधिक समय के बाद ज़ी टीवी के भाग्य लक्ष्मी के साथ टीवी पर वापसी कर रहे हैं। आपने भूमिका निभाने के लिए क्या किया?**

सच तो यह है कि मैं टीवी से ऊब चुका हूं। हर जगह एक ही तरह की कहानियां हैं और यह नीरस हो गई है। अब मुझे बिल्कुल भी दिलचस्पी नहीं है। लेकिन भाग्य लक्ष्मी एक अलग कहानी है जो वे बताना चाहते हैं। साथ ही, एकता (कपूर) की वजह से ही मैंने इसके लिए हां कहा। मैं उसका बहुत सम्मान करता हूं।

**■ आपकी भूमिका किस बारे में है?**

मैं लक्ष्मी (ऐश्वर्या खरे द्वारा अभिनीत) के पिता मनोज बाजवा का किरदार निभा रहा हूं। बिना ज्यादा खुलासा किए कहानी बाप-बेटी के रिश्ते और उनके जुड़ाव के बारे में है।

## ज़रूरत पर काम आने वाला दोस्त ही सच्चा दोस्त होता है



यहां हर किसी के जीवन में अलग-अलग तरह की दोस्ती होती है, और मैं बेहद खुशकिस्मत हूं कि मेरी बेस्टी - राशी बावा भी मेरी सह-कलाकार हैं। हम एक अद्भुत बंधन और विश्वास साझा करते हैं, जो हमें एक-दूसरे के साथ कुछ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने में मदद करता है। जब वह आसपास होती है, मुझे पता है कि मेरी सभी समस्याओं का समाधान मिल जाएगा। इस साल, मैत्री दिवस के लिए, मैंने अपने दोस्तों के साथ दोपहर का भोजन करने की योजना बनाई है क्योंकि यह उस बंधन का जश्न मनाने का दिन है जिसे हम संजोते रहे हैं। इसलिए, इस दिन के रूप में एक धमाका करने की योजना बनाने से मैं अपने दोस्तों से मिलूंगी और उन सभी लोगों के साथ दिन मनाऊंगी जिन्हें मैं बेहद प्यार करती हूं।

**- हिबा नवाब जो सोनी सब के ''जीजाजी छत पर कोई है'' में सीपी की भूमिका निभा रही हैं।**



भगवान आपको अपने दोस्तों के माध्यम से प्यार करता है - इस उद्धरण ने मेरा ध्यान आकर्षित किया, और मैं इससे पूरी तरह सहमत हूं। मेरे लिए फ्रेंडशिप डे का मतलब है जब मैं अपने दो सबसे अच्छे दोस्तों से मिलूं। वे कॉलेज से मेरे दोस्त हैं और मैं उन्हें 11 साल से जानता हूं। इंजीनियरिंग के उन चार सालों में आपके दोस्त ही आपका परिवार हैं और मेरे साथ यही हुआ है ये दोनों मेरे परिवार की तरह हैं। मेरे कॉलेज के आखिरी सेमेस्टर के दौरान, मेरा अभिनय करियर शुरू हुआ, और मैं सप्ताहांत अभिनय पाठ्यक्रम के लिए मुंबई आया करता था। मैं अपने सबसे अच्छे दोस्त भानु के साथ लगभग सब कुछ साझा करता था। जब मैंने भानु से कहा कि मैं अभिनय में अपना करियर बनाऊंगा, तो मुझे याद है कि भानु ने मेरे करियर के बारे में मेरे लिए एक बहुत ही भावनात्मक नोट लिखा था और पत्रिका के कवर पर आपको देखने की उम्मीद लिखी थी। सबसे प्यारी बात यह थी कि उसने मेरे लिए पैसे बचाए ताकि मैं आर्थिक रूप से मजबूत हो। मैं इसे सौभाग्य की निशानी मानता हूं और उन्होंने जो नोट मुझे दिया है, मैंने उसे संभाल कर रखा है। इस बार मैं उनके साथ कॉल या वीडियो कॉल पर फ्रेंडशिप डे मना रहा हूं।

**- शुभाशीष जो जीजाजी छत पर कोई है में जितेंद्र जामवंत जिंदल का किरदार निभा रहे हैं।**



फ्रेंडशिप डे मेरे दिल में एक बहुत ही खास जगह रखता है यह एक ऐसा दिन है जब हम उस बंधन का जश्न मनाते हैं जो हमारे बहुत करीब है। अपने दोस्तों के साथ मेरी सबसे प्यारी याद तब थी जब मैं उनके साथ एक संग्रहालय में स्कूल की यात्रा के लिए गई थी और हमने वहां दोस्ती दिवस मनाया। यह एक ऐसी याद है जिसे मैं कभी नहीं भूल पाऊंगी। हमने वहां घर का बना खाना मनाया और खूब मस्ती की। इस बार मैं इस खास दिन को अपने भाई के साथ मनाऊंगी क्योंकि वह मेरा सबसे अच्छा दोस्त है। हम लंच या डिनर के लिए बाहर जाएंगे। मेरे प्रशंसक भी मेरे दोस्तों की तरह हैं क्योंकि उन्होंने मुझे वह बनाया है जो मैं हूं। मैं उन्हें उस प्यार और स्नेह के लिए भी धन्यवाद देना चाहती हूं जो वे हमें दे रहे हैं।

**— युक्ति कपूर जो सोनी सब के मैडम सिर में करिश्मा का किरदार निभा रही हैं**



मेरे जीवन में फ्रेंडशिप डे हमेशा से एक बहुत ही खास दिन रहा है। मैं इस दिन के लिए बहुत उत्साहित रहती थी। जिस तरह से हम एक-दूसरे को उपहार और शुभकामनाएं देते हैं, मुझे बहुत अच्छा लगता है। इस दिन का मुख्य अनुष्ठान अपने मित्र के हाथ पर पट्टी बांधना है। जो वाकई में बेहद रोमांचक है। मैं अपने दोस्तों के लिए वो फैंसी और सुंदर बैंड लाया करता था। मेरा अग्रभाग बैंड से भर जाता था भले ही मैं इसे थोड़ी देर तक पहनती लेकिन स्कूल में मेरे शिक्षकों द्वारा डांटे जाने के बाद हमें इसे हटाना पड़ता है। फिर भी मेरे पास वो सारे बैंड हैं जिन्हें मैंने इकट्ठा किया है। मैं इसे मीठी यादों के साथ एक दिन कहती हूं और मैं उन्हें बहुत संजो कर रखती हूं।

**- प्रतिभा रांता जो ज़ी टीवी के कुर्बान हुआ में चाहत का किरदार निभा रही हैं**



फ्रेंडशिप डे हमेशा मुझे उन दिनों की याद दिलाता है जब बचपन में हम एक-दूसरे के लिए रंगीन फ्रेंडशिप बैंड चुनने में काफी समय लगाते थे। हमेशा 2-3 बैंड होते थे जो आपके सबसे खास दोस्तों के लिए खरीदे जाते थे जबकि एक गुच्छा दूसरों के लिए खरीदा जाता था। मुझे याद है जब मैं स्कूल में था, मैं लोगों से दोस्ती करने के लिए सबसे ज्यादा उत्साहित हुआ करता था और वास्तव में, मुझे अक्सर सबसे ज्यादा दोस्ती बैंड भी मिलते थे। इसमें हमारा पूरा दिन निकल जाता था और स्कूल में फ्रेंडशिप डे मनाने से अच्छा कोई दिन नहीं होता। बेशक, अब मेरा मानना है कि दोस्ती का जश्न मनाने के लिए कोई एक विशेष दिन नहीं हो सकता है और यह कुछ ऐसा है जो हमें अक्सर इस महामारी के दौरान करना चाहिए। इस तरह मैं अपने जीवन में सबसे अद्भुत दोस्त पाकर धन्य हूं, चाहे वह मेरे शो, हमारीवाली गुड न्यूज में हो या उद्योग से बाहर भी हो। अपने सभी दोस्तों से जिनसे मैं महामारी के कारण नहीं मिल पा रहा हूं, मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि मुझे आप लोगों की याद आती है।

**— राघव तिवारी जो ज़ी टीवी के हमारीवाली गुड न्यूज में आदित्य तिवारी की भूमिका निभाते हैं।**



चूंकि यह फ्रेंडशिप डे है, इसलिए मैं अपनी दोस्त इशिका के बारे में बात करना चाहूंगी। शुरुआत में मैं बहुत शर्मीली और अंतर्मुखी हुआ करती थी, जिसे हमेशा लोगों से बात करने में डर लगता था। बचपन में मेरे ज्यादा दोस्त नहीं थे क्योंकि मैं कभी स्कूल नहीं जाती थी। एक दिन मैं अपनी इमारत की लिफ्ट के पास अपनी मां के इंतज़ार में खड़ी थी, और अचानक एक लड़की मेरे पास आई और बोली, ''तुम टीवी पर सही अभिनय करती हो, मैंने तुम्हारे विज्ञापन देखे हैं, तुम क्यों नहीं आती और खेलती हो। वहीं और फिर, हमने नंबरों का आदान-प्रदान किया और तभी मैंने बगीचे में खेलते हुए वास्तव में दोस्त बनाना शुरू किया। इस घटना को लगभग 11 साल हो चुके हैं और जब से मैं इशिका से मिली हूं। वह वह है जो हमेशा मेरे लिए खास रही है और हमेशा रहेगी। मैं उसके जैसा दोस्त पाकर खुद को धन्य महसूस करती हूं।

**- रीम शेख जो ज़ी टीवी के तुझसे है राब्ता में कल्याणी की भूमिका निभा रही हैं**



सरल शब्दों में दोस्ती एक ऐसा रिश्ता है जो आपका अपने चुने हुए परिवार के साथ होता है। दोस्त वे बहनें और भाई हैं जो हमारे पास कभी नहीं थे और जीवन के उतार-चढ़ाव में हमारे साथ हैं। अपने दोस्तों को विशेष अवसरों के लिए मनाना या बस उनके दिन को रोशन करना बहुत अच्छा लगता है। मैं सभी को मित्रता की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती हूं।

**- सपना ठाकुर जो ज़ी टीवी के क्यूं रिश्तों में कट्टी बट्टी में समायरा का किरदार निभा रही हैं**

## मेलोड्रामा से भरपूर मिमी



**नेटफ्लिक्स**
**कीर्ति सनन, मनोज पाहवा, सुप्रिया पाठक, पंकज त्रिपाठी, साई तम्हाणकर, शेख इशाक मोहम्मद**
**रेट : 5/10**

सभी बॉलीवुड फिल्मों के साथ समस्या यह है कि वे सभी मेलोड्रामा की ओर झुक जाते हैं, आंसू और कई गर्म शब्दों का आदान-प्रदान होता है क्योंकि यह अपने अंतिम चरण में आता है। यह लगभग वैसा ही है जैसे निर्देशक को यह नहीं पता था कि इसे कैसे समाप्त किया जाए और यह तय किया कि नाटक, भावनाएं और आंसू जरूरतमंदों को करेंगे। लेकिन वे भूल गए हैं कि दर्शकों को अब अच्छा कंटेंट देखने की आदत हो गई है। कोई भी गलत कदम और यह खेल का अंत है।

यही वह बीमारी है जिससे मिमी पीड़ित है। यह एक अच्छे नोट पर शुरू होता है। शुरुआत में हंसी बहुत आती है। डायलॉग और सिचुएशन फनी हैं और हंसाते हैं। सरोगेसी के इर्द-गिर्द पूरी बातचीत और भारत में लोग कैसे हैरान हैं कि यह सब कैसे काम करता है, इससे किसी के चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी।

मनोज पाहवा, सुरपिया पाठक, पंकज त्रिपाठी और शेख इशाक मोहम्मद का प्रदर्शन सबसे अच्छा है। सुप्रिया पाठक और मनोज पाहवा ने अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन शो को चुराने वाले हैं पंकज त्रिपाठी। एक टैक्सी ड्राइवर भानु के रूप में, वह बिल्कुल कमाल का है। उनके एक्सप्रेशन देखने लायक हैं। कुछ मायनों में, वह इस जहाज का संचालन करने वाले व्यक्ति हैं, भले ही इसमें कृति सनोन प्रमुख हैं। निर्देशक लक्ष्मण उटेकर ने त्रिपाठी के एक्सप्रेशन्स को इतनी खूबसूरती से कैद किया है कि वह शानदार है।

आतिफ की भूमिका निभाने वाले शेख इशाक मोहम्मद एक और युवा अभिनेता हैं, जिन्हें उनके प्रदर्शन के लिए सराहना की आवश्यकता है। मनोज पाहवा के छात्र के रूप में, वह मजाकिया हैं और उनकी छोटी-छोटी टिप्पणियां आपको स्क्रीन पर आते ही हंसाती और मुस्कुराती हैं।

बहुत सारी भावनाएं हैं, मसाला भी है और आइटम सांग भी है, इसकी जरूरत नहीं थी। चूंकि, यह राजस्थान के एक छोटे से शहर की पृष्ठभूमि पर आधारित है, इसका मतलब है कि फिल्म उतनी ही यथार्थवादी है जितनी अंत में अनावश्यक नाटक के बावजूद मिल सकती है।

**— शालिनी सक्सेना**

## चिप एन डेल : पार्क लाइफ

**डिज्नी+हॉटस्टार**
**आईएनजी (वॉयस ओवर) : केसी चेस, मैथ्यू गेज़ी, बिल फार्मर**
**रेटेड : 5.5/10**



हम में से लगभग सभी लोग चिप एन डेल - शरारती लेकिन प्यारे चिपमंक्स को देखते हुए बड़े हुए हैं। इस बार दोनों एक पार्क में अपने जीवन के साथ वापस आ गए हैं। अच्छी बात यह है कि 22 से अधिक चलने वाले समय में छोटी तीन कहानियां यह सुनिश्चित करती हैं कि छोटे टाट स्क्रीन के सामने ज्यादा समय न बिताएं। हालाँकि, यह सुनिश्चित करता है कि वे आनंद लें कि कैसे चिपमंक्स मुसीबत में पड़ जाते हैं और फिर उन मुद्दों को हल करते हैं जिनका वे दैनिक जीवन में सामना करते हैं।

अफसोस की बात है कि कहानियां नासमझ हैं और केवल टॉडलर्स को ही पसंद आती हैं। बेशक, वयस्क इसमें शामिल हो सकते हैं क्योंकि वे अपने बच्चों को स्क्रीन पर हरकतों का आनंद लेते हुए देखते हैं। लेकिन अगर वयस्क किसी ऐसी चीज की तलाश में हैं जो समझ में आता है, तो वे इससे दूर रहना चाहते हैं। एक संदेश भी है। एक जो माता-पिता अपने बच्चों को सिखा सकते हैं - चोरी करना कितना बुरा है और लड़ने के बजाय एक साथ चीजों को साझा करना और करना कितना अच्छा है।

गैर-मौखिक एनीमेशन उन बच्चों की बोरियत को दूर करने के लिए निश्चित है जो वर्तमान महामारी के कारण अपने घरों की सुरक्षा में फंस गए हैं। कुल मिलाकर एक प्यारा एनीमेशन जिसमें बहुत मज़ा आता है जो छोटे बच्चों को पसंद आएगा।

**— शालिनी सक्सेना**